सतीश धवन अनु. : रीतेश कृष्ण सिन्हा पृ. 78 ₹ 135.00

इस पुस्तक में जंतु-उड़ान के विकास पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ, पक्षियों की प्रजातियों की विद्यमानता तथा उनका वर्गीकरण, डैनों और पंखों की मांसल संरचना का विवरण तथा पक्षियों के अवसारण एवं अवतारण के मूल सिद्धांतों को प्रस्तुत किया गया है। ISBN 978-81-237-6973-8

46. पर्यावरण नैतिकता और पर्यावरण के प्रति भारत का परिप्रेक्ष्य

निरंजन देव भारद्वाज अनु. : प्रवीण शर्मा पृ. 120 ₹ 150.00

यह पुस्तक पर्यावरण का परिचय देते हुए नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक करती है। इसमें पर्यावरणीय सिद्धांतों, भारत में इससे संबंधित मुद्दों, यहाँ की संस्कृति, वेद, भगवद्गीता के पर्यावरण से संबंध पर प्रकाश डाला गया है। साथ ही, रवींद्रनाथ टैगोर, महात्मा गांधी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पर्यावरण के प्रति नैतिक दृष्टि को भी इसमें समाहित किया गया है।

ISBN 978-81-237-9429-7

47. पवन ऊर्जा

सुनील बी. आठवले अनु. : विजय सिंह पृ. 70 ₹ 125.00

ऊर्जा के परंपरागत स्रोतों के जरूरत से ज्यादा उपयोग के कारण उत्पन्न ऊर्जा संकट से निबटने

के लिए एक विकल्प है, पवन ऊर्जा। इसके विभिन्न पक्षों पर तथ्यपूर्ण जानकारी पुस्तक में सहज-सरल भाषा-शैली में दी गई है। ISBN 978-81-237-1675-6

48. परिस्थिति विज्ञान एवं सतत विकास : ज्ञान प्रणालियों के साथ कार्य

पी.एस. रामाकृष्णन अनु. : आशुतोष गर्ग पृ. 177 ₹ 215.00

इस पुस्तक में प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन में सामुदायिक भागीदारी पर चर्चा की गई है जो प्राकृतिक तथा मानव-प्रबंधित पारिस्थितिक तंत्रों के सतत विकास से संबंधित है और जो अल्पकालिक अवधि में ग्रामीण समाजों की सतत आजीविका और दीर्घकालिक अवधि में समूचे क्षेत्र के सतत विकास से संबद्ध है। ISBN978-81-237- 8066-4

49. पालतू पशुओं की देखभाल

विनोद शर्मा अनु. : हेमन्त पन्त पृ. 74 ₹ 105.00

प्रस्तुत पुस्तक गाय, भैंस, भेड़, बकरियों आदि पालतू पशुओं के खान-पान, आवास-व्यवस्था, रोगों तथा उनके रोकथाम की जानकारी प्रदान करती है। ISBN 978-81-237-6007-0

50. पुस्तकालय सामग्री और कला-वस्तुओं का परिरक्षण

ओ.पी. अग्रवाल अनु. : राजेन्द्र प्रसाद तिवारी पृ. 102 ₹ 165.00

पुस्तकालय सामग्री और कला-वस्तुएँ किसी भी राष्ट्र की धरोहर होती हैं। इन्हीं के परिरक्षण के संबंध में प्रामाणिक जानकारी देती पुस्तक। ISBN 978-81-237-2545-1

51. पेड़-पौधों का सामाजिक जीवन

सुकन्या दत्ता अनु. : स्नेह लता पृ. 100 ₹ 160.00

पेड़-पौधों को धरती का प्रथम नागरिक कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति न होगी। ये मनुष्यों के धरा पर अवतरित होने से पूर्व से मौजूद हैं और बेहद लंबी कालावधि में इनका 'सामाजिक जीवन' फल-फूल गया तो कोई अचरज की बात नहीं। अचंभा हो सकता है, पर सच है कि ये दूसरे पेड़-पौधों और प्राणियों के साथ अनुक्रिया और शायद, मित्रता भी करते हैं।
ISBN 978-81-237-8695-7

52. प्लास्टिक

चिन्तन अनु. : धर्मेन्द्र कुमार पृ. 82 ₹ 100.00

यह पुस्तक प्लास्टिक के कारण पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले कुप्रभावों और भविष्य में मानव जाति के लाभ के लिए प्लास्टिक पर हमारी निर्भरता कम करने के प्रयासों के विषय में बताती है। ISBN 978-81-237-5468-0

53. प्रकृति के बदलते रंग, हरित प्रौद्योगिकी के संग

डॉ. विनीता सिंघल पृ. 192 ₹ 200.00

धरती पर जीवन के स्पंदन को बनाए रखने के लिए इसके पर्यावरण का निर्मल रहना अनिवार्य है। यह पुस्तक विकास के मार्ग में ऐसी तकनीकी और प्रौद्योगिकी की जानकारी देती है जिससे पर्यावरण संरक्षण संभव है। ISBN978-81-237- 7979-8

54. प्रोटीन के रहस्य

मेधा एस. राजाध्यक्ष, सुकन्या दत्ता अनु. : कुमकुम चतुर्वेदी पृ. 110 ₹ 180.00

इस पुस्तक में प्रोटीन की दुनिया को बारीकी से देखा गया है और उनके क्रमों, आकारों और

कार्यों को विस्तार से बताया गया है। प्रोटीन अपक्रिया और कुपोषण दोनों के खतरों पर प्रकाश डालने के साथ ही यह पुस्तक प्रोटीन के द्वारा निभाई जाने वाली बहुआयामी भूमिकाओं को भी बताती है। ISBN 978-93-5491-105-7

55. बच्चे और उनकी देखभाल

सुभाष आर्य पृ. 192 **अनुपलब्ध**

यह पुस्तक गर्भावस्था, शिशु जन्म और बच्चे के किशोरावस्था तक पहुँचने के दौरान विभिन्न अवस्थाओं के बारे में प्रामाणिक जानकारी का दस्तावेज है। ISBN 978-81-237-5238-9

56. बहुआयामी टीके

परविंदर चावला अनु. : हेमंत पंत पृ. 174 ₹ 250.00

इंजेक्शन या टीकों ने भारत के चिकित्सा जगत में क्रांति ला दी है। टीके वास्तव में लोगों को गंभीर बीमारी से बचाने का कार्य करते हैं। यह पुस्तक टीकों की खोज से लेकर वर्तमान में उसके चल रहे शोध, कार्य प्रणाली, आदि पर विस्तार से प्रकाश डालती है। ISBN978-81-237- 8070-2

57. बीता हुआ भविष्य

बाल फोंडके (संपा.) पृ. 248 ₹ 225.00

संपादक बाल फोंडके द्वारा संकलित विभिन्न भारतीय भाषाओं की चुनिंदा विज्ञान कथाओं की मूल विषय-वस्तु प्रमुखतया मानव-केंद्रित है, जो वैज्ञानिक प्रगति तथा मानवीय संवेदनाओं अथवा सामाजिक सिद्धांतों के पारस्परिक प्रभाव को दर्शाती है। ISBN 978-81-237-0952-9

58. भारत की प्रयोगशालाएँ

मनीष मोहन गोरे पृ. 246 ₹ 480.00

प्रस्तुत पुस्तक में भारत के प्रमुख वैज्ञानिक संगठनों से संबद्ध लगभग 70 से अधिक प्रयोगशालाओं को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है। इसमें प्रयोगशाला की स्थापना, उनके मुख्य उद्देश्य, प्रमुख अनुसंधान और तकनीकी उपलब्धियों को संक्षिप्त रूप में समाहित किया गया है।

ISBN 978-93-5743-788-2

59. भारत के संकटग्रस्त वन्य प्राणी

एम.एस. नायर अनु. : हरिचरण अग्रवाल पृ. 94 ₹ 130.00

प्रस्तुत पुस्तक जनसाधारण में दुर्लभ और संकटग्रस्त वन्य प्राणियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा इनके संरक्षण की आवश्यकता को ध्यान में रखकर लोकप्रिय शैली में लिखी गई है।

ISBN 978-81-237-1290-1

60. भारत में आधुनिक विज्ञान के संस्थापक

सी.एन. राव, इंदुमती राव पृ. 132 ₹ 195.00

इस पुस्तक में 16 उत्कृष्ट वैज्ञानिकों के जीवनवृत्त, उनके अनुसंधान और अन्य उपलब्धियों की जानकारी दी गई है। इन वैज्ञानिकों ने जैविकी, भौतिकी, रासायनिक, वानस्पतिक, आण्विक, अंतरिक्ष, सांख्यिकी, खगोल और चिकित्सा जगत में नए आयाम स्थापित किए हैं।

ISBN 978-93-5491-500-0

61. भारत में डाइनोसॉर

अशोक साहनी अनु. : डॉ. बी.आर. बामनियाँ पृ. 100 ₹ 175.00

भारत की जीवाश्म प्रधान डाइनोसॉर धरोहर को सरलता के साथ प्रस्तुत करती इस पुस्तक का

प्राथमिक उद्देश्य पाठकों को भारतीय डाइनोसॉर की समृद्ध वंशावली से परिचित कराना है, जिनके बारे में हममें से कई अनभिज्ञ हैं। यह पुस्तक रुचिकर कहानी के रूप में इस विलक्षण जंतु, जो करोड़ों वर्ष पहले इस धरती पर था, के बारे में जानकारी प्रदान करती है।

ISBN 978-81-237-8693-X

62. भूकंप

अशोक कुमार राव हेम्माडी (लेखन एवं अनुवाद) पृ. 98 ₹ 140.00

यह पुस्तक भूकंप के कारणों, उसकी छान-बीन कैसे की जाती है, यंत्रों के सैद्धांतिक आधार, सावधानियों और आर्थिक उपलब्धियों के संवंध में भू-वैज्ञानिकों की अवधारणा को प्रस्तुत करती है।

ISBN 978-81-237-4179-6

63. भूमि सुपोषण

अनु. : ए.के. गांधी पृ. 221 ₹ 280.00

भारत की कृषि विरासत के संबंध में प्रस्तुत पुस्तक महत्वपूर्ण जानकारियाँ देती है। भूमि के पोषण की यथार्थ बातें इसमें जाहिर की गई हैं। पुस्तक के 17 अध्यायों में भूमि सुपोषण के मूलभूत तत्व, पशुभारवाहक शक्ति, कृषि के लिए मवेशी गोबर आधरित प्रतिमान, संरक्षण कृषि, जैविक तत्वों की कमी को घटाने के लिए शून्य जुताई कृषि के बारे में सारगर्भित सामग्री है।

ISBN 978-93-549-1948-0

64. मकड़ियों का अद्भुत संसार

विपुल कीर्ति शर्मा पृ. 114 ₹ 405.00

यह पुस्तक मकड़ियों से जुड़े रोचक और वैज्ञानिक तथ्यों को बहुत ही सहज और सरल तरीके से प्रस्तुत करती है। मकड़ियों की उत्पत्ति और विकास का वर्णन करते हुए उनकी विभिन्न प्रजातियों का परिचय देती है। मकड़ियों के रंगीन चित्रों से सुसज्जित यह पुस्तक उनके पारिस्थितिकीय महत्व को भी उजागर करती है।

ISBN 978-93-5491-312-9

65. मधुमेह के साथ बेहतर जीवन जीना सीखिए

एम.एम.एस. आहूजा अनु. : बीर सिंह पृ. 118 ₹ 150.00

मधुमेह होने के कारण, उसके विरुद्ध लड़ाई और उससे बचाव—इन सब मुद्दों पर प्रामाणिक जानकारी इस पुस्तक में दी गई है।

ISBN 978-81-237-3143-8

66. मनोरोग

मनजीत सिंह भाटिया पृ. 186 ₹ 210.00

मनोरोग जैसे गूढ़ विषय पर अत्यंत सरल, सहज एवं जानकारीपूर्ण पुस्तक।

ISBN 978-81-237-4373-8

67. मादक औषधियाँ

अनिल अग्रवाल अनु. : चन्द्रशेखर श्रीवास्तव पृ. 172 ₹ 265.00

वर्तमान युग में नशीली दवाओं की तस्करी और उनके दुरुपयोग ने विकराल रूप धारण कर लिया है। मादक औषधियों के विभिन्न पहलुओं पर एक महत्वपूर्ण प्रकाशन।

ISBN 978-81-237-1719-7

68. मानव की कहानी

बिमान बसु अनु. : शमशेर सिंह पृ. 80 ₹ 135.00

मानव के विकास की प्रामाणिक वैज्ञानिक जानकारी को संजोए यह पुस्तक अत्यंत पठनीय है। विषय को समझना बहुत सरल व रोचक है। ISBN 978-81-237-3130-8

69. मानव मशीन

आर.एल. बिजलानी अनु. : शमशेर सिंह पृ. 158 ₹ 150.00

मानव शरीर की जटिल रचना की आम आदमी को पूर्ण जानकारी देने वाली महत्वपूर्ण पुस्तक।

ISBN 978-81-237-4407-0

70. मानव व्यवहार

सुनील के. पांड्या अनु. : शमशेर सिंह पृ. 216 ₹ 265.00

यह पुस्तक इनसान के मनोविज्ञान का गहन अध्ययन है जो विवेचन करती है कि विविध प्रकार के व्यक्ति एक ही परिस्थिति में अलग-अलग ढंग का व्यवहार क्यों करते हैं। इसमें मस्तिष्क की संरचना और कार्य प्रणाली पर गंभीरता से प्रकाश डाला गया है।

ISBN 978-81-237-7886-5

71. मिर्गी

एम. सी. माहेश्वरी अनु. : अपूर्व पौराणिक पृ. 80 ₹ 95.00

मिर्गी के विषय में फैली भ्रांतियों, उसके सही निदान और इलाज के विषय में जानकारी देती पुस्तक।

ISBN 978-81-237-2725-7

72. यंत्रमानव और यंत्रमानवविज्ञान

एम.आर. चिदम्बरा अनु. : वासुदेव प्रसाद पृ. 68 ₹ 105.00

जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में रोबोट के उपयोग की जानकारी देती पुस्तक। विषय कठिन है, किंतु इसे सरल, सुबोध ढंग से आम पाठकों के लिए लिखा गया है।

ISBN 978-81-237-2695-3

73. रसायन विज्ञान की दुनिया

सी.एन.आर. राव अनु. : सतीश चन्द्र सक्सेना पृ. 250 ₹ 495.00

रसायन विज्ञान की दुनिया से परिचय कराती एक ज्ञानवर्धक पुस्तक।

ISBN 978-81-237-6037-7

74. फलित ज्योतिष : सार्थक या निरर्थक?

बिमान बसु अनु. : लक्ष्मीनारायण गर्ग पृ. 82 ₹ 115.00

फलित ज्योतिष का व्यवहार ब्रह्मांड के पिंडों के वैज्ञानिक अध्ययन, खगोल विज्ञान से पुराना है। किंतु फलित ज्योतिष को वैज्ञानिक विषय के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता। इस पुस्तक का प्रमुख उद्देश्य फलित ज्योतिष के उन तत्वों को तर्कपूर्ण ढंग से प्रस्तुत करना है जो व्यवहृत होते हैं। ISBN 978-81-237-7721-3

75. विकिरण और मानव

एच.सी. जैन अनु. : सतीश चन्द्र सक्सेना पृ. 88 ₹ 170.00

यह पुस्तक प्राकृतिक तथा मानव-निर्मित विकिरणों का अध्ययन, विकिरण में हुई प्रभावशाली खोजों तथा उद्योगों में हुई अप्रत्याशित घटनाओं को प्रस्तुत करती है तथा नाभिकीय ऊर्जा स्रोतों

से इसकी तुलना करने के साथ-साथ इसकी समस्याओं एवं जोखिम, जिनमें रेडियोसक्रिय अपशिष्ट का निपटान भी शामिल है, की जानकारी देती है।

ISBN 978-81-237-6930-1

76. विमानन की असाधारण कहानी

आर.के. मूर्ति अनु. : जय प्रकाश शर्मा पृ. 98 ₹ 110.00

मानव द्वारा आसमान में उड़ने की कल्पना को साकार करती वैमानिकी की रोचक कहानी।

ISBN 978-81-237-5140-5

77. विश्व के प्रसिद्ध बीजगणितज्ञ

महेश दुबे पृ. 180 ₹ 150.00

कालक्रमानुसार यूक्लिड से लेकर सर्वदमन चावला तक समूचे विश्व के 28 प्रसिद्ध गणितज्ञों के द्वारा बीजगणित के विकास पर किए गए कार्यों के बारे में प्रामाणिक जानकारियों से भरी उपयोगी पुस्तक।

ISBN 978-81-237-6655-3

78. विष विज्ञान

शक्ति भारद्वाज पृ. 109 ₹ 165.00

यह पुस्तक विषों का नवीन ज्ञान है, जो स्वयं विषाक्त पदार्थों और उनका उत्पादन करने वाली प्रजातियों पर केंद्रित है। अतः यह पुस्तक विष विज्ञान से संबंधित प्रारंभिक स्तर के ज्ञान को समाहित करती है। इसको पढ़ते हुए सभी ज्ञात जहरीले पदार्थों के भौतिक और रासायनिक अध्ययन पर व्यापक जानकारी विकसित करती है। पाठक इस पुस्तक से विष विज्ञान, रासायनिक विष विज्ञान, पर्यावरण विष विज्ञान से संबंधित सिद्धांतों का मौलिक ज्ञान प्राप्त करता है।

ISBN 978-93-5491-466-9

79. विज्ञान का क्रमिक विकास : वैश्विक परिप्रेक्ष्य में

राम दास चौधरी पृ. 416 ₹ 305.00

विज्ञान और विकास को समझाती एक महत्वपूर्ण पुस्तक जिसको एक वरिष्ठ लेखक ने अथक प्रयास के साथ तैयार किया है।

ISBN 978-81-237-6138-1

80. विज्ञान और प्रौद्योगिकी का मानव जाति पर प्रभाव

के.वी. गोपालकृष्णन अनु. : विनीता सिंघल पृ. 140 ₹ 150.00

लेखक ने प्रस्तुत पुस्तक में वैज्ञानिक क्रांति के इतिहास और विकास पर नजर डालते हुए मानव पर इसके प्रभाव व जागरूकता से उत्पन्न समस्याओं और आशाओं की भी चर्चा की है।

ISBN 978-81-237-7073-4

81. विज्ञान और वेदांत : एक तुलनात्मक तथा समन्वयात्मक अध्ययन

शशिकांत शुक्ल, शंकर नेने पृ. 396 ₹ 450.00

इस पुस्तक में भारतीय और पाश्चात्य दार्शनिकों तथा वैज्ञानिक विचारकों का दर्शन है। इसमें पश्चिमी और पूर्वी विचारधारा की प्रमुख विशेषताएँ, धर्म, दर्शन, विज्ञान आदि की महत्वपूर्ण बातें, जो मानव-जीवन को गहराई से प्रभावित करती हैं, विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों, ब्रह्मांड विज्ञान, आभासी दुनिया, गणितीय सिद्धांतों पर विचार, भौतिक और आध्यात्मिक विकास की आवश्यकता आदि को इस पुस्तक में शामिल किया गया है।

ISBN 978-81-237-9829-5

82. विज्ञान संचार और संचारक

डॉ. मनीष मोहन गोरे पृ. 186 ₹ 200.00

समाज में विज्ञान संचार के मायने व उद्देश्य, विज्ञान संचार की पृष्ठभूमि, भारतीय भाषाओं में विज्ञान संचार के साथ-साथ प्रतिष्ठित विज्ञान संचारकों के विचारों व उनके संवाद से निकले निष्कर्ष को इस पुस्तक में शामिल किया गया है। इसमें भारत में विज्ञान नीतियों, अनुच्छेद 51A(h) पर भी चर्चा की गई है। ISBN 978-81-237-9387-0

83. वृद्धावस्था

कल्लूरी सुब्बा राव अनु. : विनीता सिंघल पृ. 62 **अनुपलब्ध**

बूढ़े होने की प्रक्रिया शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कारणों की जटिल क्रियाओं के कारण होती है। इन्हीं क्रियाओं के विषय में आम पाठकों और विशेषज्ञों के लिए समान रूप से रोचक पुस्तक। ISBN 81-237-2126-9

84. संक्रामक रोगों से सुरक्षा

प्रेमचंद्र स्वर्णकार पृ. 206 ₹ 195.00

प्रस्तुत पुस्तक में संक्रामक रोगों के प्रकार, उनके फैलाव तथा रोगों के संक्षिप्त विवरण के साथ उनसे बचाव के उपाय भी सुझाये गए हैं। ISBN 978-81-237-6974-5

85. समय के बारे में

बाल फोंडके अनु. : धीरेन्द्र राय पृ. 196 ₹ 180.00

समय का न तो कोई आदि है और न अंत। यह सोचकर ही हम विस्मय से भर जाते हैं। समय हमें रहस्यमय लगने लगता है। इसी शाश्वत समय के बारे में लेखक ने रोचक ढंग से लिखा है।

ISBN 978-81-237-6570-9

86. समुद्र के भीतर मानव

ब.फ. छापगर अनु. : सुषमा श्रीवास्तव पृ. 180 ₹ 170.00

समुद्र के भीतर के संसार की विंस्तृत जानकारी। गोताखोरी के विभिन्न तरीकों पर खुलकर चर्चा की गई है। समुद्र जीवन में रुचि लेने वालों के लिए एक उपयोगी प्रकाशन।

ISBN 978-81-237-5521-2

87. समुद्र विज्ञान

ए.एन.पी. उमरकुट्टी अनु. : डी.पी. पांडे पृ. 132 ₹ 175.00

अज्ञात, रहस्यमयी तथा भयावह समुद्र से साक्षात्कार की रोचक कहानी प्रस्तुत करती इस पुस्तक में समुद्र से उठाए जा सकने वाले लाभ तथा देश की समृद्धि में उनके योगदान को भी दर्शाया गया है। ISBN 978-81-237-0671-5

88. सम्मोहक विकिरण

बाल फोंडके अनु. : प्रदीप कुमार मुखर्जी पृ. 78 ₹ 120.00

रेडियोधर्मिता पृथ्वी के उद्‌भव के साथ ही मानव जीवन को किसी-न-किसी रूप में प्रभावित करती रही है। यह पुस्तक रेडियोएक्टिव की खोज की कहानी से लेकर आज हमारे जीवन में इसके महत्व और इसके भविष्य पर विस्तार से प्रकाश डालती है। ISBN978-81-237- 8031-1

89. सीलिएक रोग : एक विस्तृत मार्गदर्शिका

पंकज वोहरा अनु. : मेहेर वान पृ. 225 ₹ 330.00

इस पुस्तक में सीलिएक रोग के इतिहास से लेकर इसकी व्यापकता, अभिव्यक्तियाँ, निदान और उपचार के सभी पहलुओं को शामिल किया गया है। इसमें ग्लूटेन मुक्त आहार की बारीकियाँ, दैनिक भोजन के कुछ आसान व्यंजनों को तैयार करने की मार्गदर्शिका सहित विवरण दिया गया है। साथ-ही-साथ, बारंबार पूछे जाने वाले प्रश्नों के साथ रोग की व्याख्या भी वर्णित है।

ISBN 978-93-5491-103-3

90. सुंदर सलोने भारतीय खिलौने

सुदर्शन खन्ना अनु. : अरविन्द गुप्ता पृ. 126 ₹ 125.00

इस पुस्तक में 101 ऐसे खिलौने बनाने का विवरण है, जो हमारे देश के विभिन्न अंचलों के बच्चे बगैर किसी खर्च के बनाते हैं। बच्चों में स्वयं सृजन करने का आत्मविश्वास पैदा करने में सहायक यह पुस्तक बच्चों और बड़ों दोनों के लिए है।

ISBN 978-81-237-3125-4

91. स्व-परिचर्या : स्त्रियों के लिए

पारुल आर. शेठ अनु. : विनीता सिंघल पृ. 140 ₹ 140.00

शरीर और इसके विभिन्न अंगों एवं तंत्रों के विषय में जानकारी, वे कैसे काम करते हैं तथा स्त्रियों द्वारा इनकी बाह्य और आंतरिक रूप से देखभाल के संबंध में इस पुस्तक में विस्तृत चर्चा की गई है।

ISBN 978-81-237-5197-9

92. स्वास्थ्य-रक्षक चिकित्सा (आयुर्वेद-यूनानी)

खेम भाई पृ. 204 ₹ 165.00

प्रकृति ने हमें फल, सब्जी, द्रव्य, मसाले, पेड़-पौधों व जड़ी-बूटियों की इतनी सौगात दी है कि यदि हम उनकी जानकारी रखें तो छोटे-मोटे शारीरिक कष्टों को तो बिना किसी परेशानी के दूर कर सकते हैं। प्रस्तुत पुस्तक का उद्देश्य यही है कि आम व्यक्ति को इन प्रभावी आयुर्वेदिक-यूनानी औषधियों तथा सरल देसी चिकित्सा से संबंधित अन्य पद्धतियों से परिचित कराया जा सके।

ISBN 978-81-237-7078-9

93. हम और हमारा आहार

कोंगंद्र तम्मु अच्चया अनु. : कुलवंत सिंह कोछड़ पृ. 94 ₹ 115.00

भोजन के विषय में आवश्यक पहलुओं पर एक जानकारी प्रधान पुस्तक। इसमें संतुलित आहार, विशिष्ट आहार, पाचन-तंत्र आदि की विस्तृत जानकारी दी गई है।

ISBN 978-81-237-1568-1

94. हम और हमारा स्वास्थ्य

वी.एन. भावे, एन.एस. देवधर, एस.वी. भावे पृ. 444 **अनुपलब्ध**

स्वास्थ्य और रोग की सामान्य संकल्पना से प्रारंभ हुई इस पुस्तक में शरीर की संरचना व कार्य, रोग की प्रकृति और कारण, संक्रामक रोग, पोषण के महत्व सरीखी ऐसी सामग्री है जो चिकित्सकों, नर्सों और आम आदमी सभी के लिए उपयोगी होगी।

ISBN 81-237-0014-8

95. हम होंगे कामयाब कैंसर के क्रीड़ांगन में

मनोज शर्मा पृ. 200 ₹ 265.00

प्रस्तुत पुस्तक के माध्यम से बताया गया है कि कैंसर रोगी अवसाद से कैसे निकल सकता है। पुस्तक में सकारात्मक रहते हुए कैंसर की मूलभूत जानकारियों, उनके लक्षणों, पहचान, इलाज की शुरुआत, उपचार विषयक चर्चा विस्तृत ढंग से की गई है। ISBN 978-93-5491-506-2

96. हमारे जल साधन

राम अनु. : अतुल पृ. 106 **अनुपलब्ध**

भारत के जल साधनों का मुख्य स्रोत वर्षा है, किंतु इसके असमान वितरण के कारण जल के नियंत्रण, एकत्रीकरण तथा स्थानांतरण के लिए विशाल परियोजनाओं की आवश्यकता उत्पन्न होती है। एक सूचना-प्रधान पुस्तक।

97. हवा और पानी में जहर!

एन. मणिवासकम अनु. : सरिता भल्ला पृ. 106 ₹ 160.00

पर्यावरण का असंतुलन मानव के लिए विनाशकारी होता जा रहा है। हवा, पानी और मिट्टी को प्रदूषकों से मुक्त रखने के महत्व को दर्शाती महत्वपूर्ण पुस्तक।

ISBN 978-81-237-2346-4

98. हृदय रोग और जनसाधारण

एस. पद्मावती अनु. : विनीता सिंघल पृ. 66 ₹ 100.00

इस छोटी-सी पुस्तक में हृदय रोग से संबंधित सभी पक्षों की जानकारी दी गई है। आम पाठक के लिए एक उपयोगी प्रकाशन। ISBN 978-81-237-2102-6

लोकोपयोगी सामाजिक विज्ञान

1. 21वीं सदी : भूराजनीति, लोकतंत्र और शांति

बाल्मीकि प्रसाद सिंह अनु. : दीपाली ब्राह्मी पृ. 380 ₹ 455.00

सिक्किम के 14वें राज्यपाल श्री बाल्मीकि प्रसाद सिंह की पुस्तक का यह अनूदित संस्करण है। इसमें ऐसे मुद्दों की पड़ताल की गई है, जिनकी 21वीं सदी के निर्माण में प्रमुख भूमिका अदा करने की संभावना है। इसमें भू-राजनीति, लोकतंत्र व शांति, शैक्षणिक संस्थानों, प्रगतिशील धार्मिक एवं सामाजिक समूहों, समुदायों, अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से जुड़े मुद्दों पर प्रकाश डाला गया है।

ISBN 978-81-237-9756-4

2. अकाली आंदोलन

मोहिंदर सिंह अनु. : नरेन्द्र तोमर पृ. 88 ₹ 125.00

यह पुस्तक सिखों द्वारा ब्रितानी राज के खिलाफ सफलतापूर्वक चलाये गए संगठित सत्याग्रह आंदोलन की जानकारी प्रस्तुत करती है। सन् 1920 के असहयोग आंदोलन को स्थगित किए जाने के बावजूद सिखों ने अपना सत्याग्रह जारी रखा था व अपनी माँगों के सामने सरकार को झुका दिया था।

ISBN 978-81-37-7630-9

3. अस्मिता की अग्नि-परीक्षा

मीनाक्षी स्वामी पृ. 160 ₹ 135.00

यह पुस्तक बलात्कारी के मनोविज्ञान, परिवार, पुलिस, पड़ोस और कानून की उलझनों में फँसी औरत की मानसिक स्थिति का आकलन प्रस्तुत करती है। कई प्रकरणों के माध्यम से इसमें यह भी बताया गया है कि किस तरह कानून की पेचीदगियों का फायदा उठाकर बलात्कारी निर्लज्जता से पीड़िता को ही कटघरे में खड़ा करता रहता है।

ISBN 978-81-237-5292-1

4. आजादी का आंदोलन और भारतीय मुसलमान

शांतिमय रे अनु. : अशोक कुमार पाण्डेय पृ. 148 ₹ 135.00

यह पुस्तक ऐसे कई पूर्वाग्रहों को चुनौती देती है जो भारतीय मुसलमानों के प्रति दुराग्रह और घृणा पैदा करते हैं। खासतौर पर आजादी की लड़ाई में उनकी भूमिका व मुस्लिम लीग के उभार को लेकर।

ISBN 978-81-237-6732-1

5. आदिवासी दुनिया

हरीराम मीणा पृ. 288 ₹215.00

यह पुस्तक भारतीय परंपरा और आदिवासी, भारतीय मिथक और इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासियों का योगदान, संस्कृति, धर्म, शिक्षा-भाषा आदि के सवाल और आदिवासी, साहित्य और आदिवासी जैसे गंभीर विषयों पर केंद्रित है। इसमें देश के विभिन्न राज्यों की जनजातियों की सूची भी दी गई है। यह भारत के आदिवासियों, विकास के प्रतिमान में उनकी पारंपरिकता के सामने आ रही चुनौतियों और शासकीय योजनाओं का पर्याप्त लाभ न मिल पाने पर गहन शोध है। ISBN 978-81-237-6672-0

6. इंकलाब 1857

पी.सी. जोशी (संपा.) अनु. : हीरालाल कर्नावट पृ. 332 ₹ 240.00

भारत की आजादी की पहली लड़ाई के नाम से मशहूर 1857 के विद्रोह को आधुनिक भारत के राजनीतिक इतिहास का महत्वपूर्ण पड़ाव कहा जाता है। यह पुस्तक 1857 के विद्रोह की परिस्थितियों, उस समय के राज, समाज और विश्व की घटनाओं, विद्रोह का राष्ट्रीय साहित्य पर प्रभाव, लोकगाथाओं में विद्रोह के वीर, जैसे कई विषयों पर प्रकाश डालती हैं।

ISBN 978-81-237-5270-9

7. कृषि उन्नति का मार्ग : कृषि ज्ञान

वीरेन्द्र कुमार भारती पृ. 202 ₹ 215.00

भारतीय कृषि में बहुत विविधता है। एक तरफ पूरी तरह सिंचित खेती तो दूसरी ओर बारिश पर निर्भर किसान। कभी एक तरफ बढ़िया फसल लहलहाती है तो दूसरी तरफ बाढ़ या सूखे की स्थिति होती है। खेती को एक लाभ का कार्य बनाने के लिए अनिवार्य है कि कृषि के पारंपरिक ज्ञान के साथ-साथ आधुनिक शोध और नवाचारों को गाँवों तक पहुँचाया जाए। यह पुस्तक खेती को आधुनिक व उन्नत बनाने के लिए शासकीय व निजी स्तर पर किए जा रहे प्रयोगों, प्रकाशनों, योजनाओं और परियोजनाओं का लेखा-जोखा है। इसकी सामग्री केवल किसान ही नहीं, बल्कि कृषि पत्रकारिता और ग्राम्य विकास के अध्येताओं के लिए भी बेहद उपयोगी है।

ISBN 978-81-237- 8713-8

8. काकोरी से पहले–काकोरी के बाद

रश्मि कुमारी पृ. 156 ₹ 175.00

भारत की स्वतंत्रता के संघर्ष में काकोरी रेल डकैती कांड एक महत्वपूर्ण पड़ाव था। यह पुस्तक इस कांड के पहले भात के हालात, मामले की कानूनी प्रक्रिया और इसके बाद क्रांतिकारी आंदोलन में आए परिवर्तन पर बेहद बारीकी से प्रकाश डालती है।

ISBN 978-81-237- 7983-4

9. कालापानी : दंडी बस्ती का इतिहास

प्रमोद कुमार पृ. 110 ₹ 155.00

कालापानी का सेलूलर जेल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों पर हुए बर्बर अत्याचारों का ऐसा अध्याय रहा है, जो तत्कालीन अंग्रेज सरकार की सामंतवादी सोच को उजागर करता है। यह एकांत जेल जिस सिद्धांत पर बनाई गई थी, उसका खुलासा करती यह पुस्तक जेल की यातनाओं की भयावहता का प्रामाणिक दस्तावेज है। ISBN 978-81-237-4807-4

10. खाप पंचायतों की प्रासंगिकता

डी.आर. चौधरी अनु. : कुमार मुकेश पृ. 156 ₹ 150.00

यह पुस्तक विवाहित जोड़ों की नृशंस हत्या व कतिपय मनमाने आदेश जारी करने के लिए बदनाम हो गई खाप पंचायतों के इतिहास, कार्य प्रणाली, गोत्र-विवाह आदि संवेदनशील विषयों पर किए गए शोध का परिणाम है। ISBN 978-81-237-6814-4

11. खिलाफत आंदोलन

काजी मुहम्मद अदील अब्बासी अनु. : नूर नबी अब्बासी पृ. 212 ₹ 170.00

पहले विश्व युद्ध के बाद तुर्की में स्थित खिलाफत संस्था में ब्रितानी सरकार द्वारा की गई दखलंदाजी के खिलाफ भारत में जो आंदोलन खड़ा हुआ, वह आनेवाले सालों में अपने हक की लड़ाई लड़ने वालों के लिए मिसाल बन गया। यह पुस्तक विश्व युद्ध व भारतीय राजनीति, सर सैयद और अलीगढ़ आंदोलन, मौलान मुहम्मद अली व शौकत अली (अली बंधुओं), मौलाना अबुल कलाम आजाद, जलियाँवाला बाग कांड आदि के परिप्रेक्ष्य में भारत की आजादी की लड़ाई में खिलाफत आंदोलन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालती है। यह पुस्तक लेखक की मूल उर्दू कृति 'तहरीक-ए-खिलाफत' का हिंदी अनुवाद तथा संक्षिप्त संस्करण है।

ISBN 978-81-237-5230-3

12. ग़दर आंदोलन : संक्षिप्त इतिहास

हरीश के. पुरी अनु. : प्रकाश दीक्षित पृ. 165 ₹ 150.00

उत्तर अमरीका में बसे प्रवासी सिख कामगारों और लाला हरदयाल द्वारा सन् 1913 में शुरू किया गया ग़दर आंदोलन भारत की स्वाधीनता का अद्भुत संघर्ष है। इस पुस्तक में ग़दर आंदोलन के संघर्ष का जीवंत चित्रण किया गया है। ISBN 81-237-6600-9

13. गांधी के फीनिक्स

प्रभात ओझा (संपा.) पृ. 168 ₹ 215.00

इस पुस्तक का उद्‌देश्य राष्ट्रपिता के विचार, जो फीनिक्स की तरह हैं, उनमें से कुछ की पुनर्प्रस्तुति करना है। पुस्तक में छह लेखकों ने अपने ढंग से कृतियों के माध्यम से गांधीजी को श्रद्धांजलि अर्पित की है। जिन लेखकों की कृतियाँ इस पुस्तक में हैं, वे हैं—बनवारी, रामबहादुर राय, पवन कुमार गुप्त, डॉ. इन्दुप्रकाश पाण्डेय, डॉ. पुषराज, डॉ. प्रभात ओझा।

ISBN 978-81-237-9585-0

14. ग्राम नियोजन

डॉ. महीपाल पृ. 254 ₹ 200.00

इस पुस्तक में गाँव के विकास के असली मायनों को समझाते हुए विभिन्न सच्चे उदाहरणों की मदद से समग्र ग्राम नियोजन को समझाया गया है। ISBN 978-812376527-3

15. ग्राम विकास और समाज

अंजनी कुमार झा पृ. 273 ₹ 280.00

प्रस्तुत पुस्तक गाँव के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक विकास के लिए पंचायतों की कारगर भूमिका निभाने व ग्राम विकास के दौरान आने वाली समस्याओं, चुनौतियों और उनके समाधान पर केंद्रित है। ISBN 978-81-237-8065-8

16. जलियाँवाला बाग : 13 अप्रैल 1919

रश्मि कुमारी पृ. 130 ₹ 165.00

सन् 1919 में घटित जलियाँवाला बाग हत्याकांड के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में लेखिका ने यह पुस्तक लिखी है। इसमें 1857 से 1915 तक के स्वतंत्रता आंदोलन की पृष्ठभूमि, रॉलेट बिल, भारत में गांधीजी की भूमिका, जलियाँवाला बाग हत्याकांड व उसके शहीदों की सूची के बारे में विस्तार से बताया गया है। ISBN 978-81-237-9747-2

17. डॉ. भीमराव रामजी आम्बेडकर : यात्रा के पदचिह्न

कुलदीप चन्द अग्निहोत्री पृ. 200 ₹ 275.00

आठ अध्यायों में विभाजित विवेच्य आलोचनात्मक कृति में अनेक प्रामाणिक स्रोतों का उपयोग किया गया है। इस पुस्तक में डॉ. अग्निहोत्री ने जिन विषयों को लेकर चिंतन प्रवाह सृजित किया है, उनमें डॉ. आम्बेडकर की जीवन-यात्रा, भारतीय जाति व्यवस्था और उसकी उत्पत्ति के कारण, भारत का विभाजन, शिक्षा की महत्ता, जम्मू-कश्मीर में समस्या और बाबा साहिब का तथागत बुद्ध की शरण में जाना प्रमुख हैं। यह पुस्तक डॉ. आम्बेडकर के जीवन और उनके संघर्ष को केंद्र में रखकर तथ्यात्मक जानकारी प्रस्तुत करती है।

ISBN 978-81-237- 8918-9

18. डॉ. राम मनोहर लोहिया का सांस्कृतिक राष्ट्रवाद

डॉ. प्रयाग नारायण त्रिपाठी पृ. 188 ₹210.00

यह पुस्तक देश के उत्थान के लिए सतत संघर्षशील रहने वाले एक भारतीय राजनीतिक चिंतक, समाजसेवी और मनीषी डॉ. राम मनोहर लोहिया के जीवन और उनसे संबंधित प्रसंगों का दिग्दर्शन कराती है। उनके लिए राष्ट्रं सर्वोपरि था। यह पुस्तक सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर डॉ. लोहिया की सोच को प्रस्तुत करती है। ISBN 978-81-237-8954-5

19. पंडित दीनदयाल उपाध्याय : व्यक्ति-दर्शन

कमल किशोर गोयनका (संपा.) पृ. 206 ₹ 230.00

यह पुस्तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन संघर्ष, नीतियों और संदेशों का संकलन है, जिसमें श्री उपाध्याय के साथ कार्य करने वाले कई लोगों ने अपने अनुभव साझा किए हैं।

ISBN 978-81-237- 8042-7

20. पंचायत में महिलाएँ : चुनौतियाँ और संभावनाएँ

महीपाल पृ. 204 ₹ 210.00

प्रस्तुत पुस्तक में पंचायत में कार्यरत महिलाओं की विभिन्न चुनौतियों का अध्ययन करने के साथ यह बताने का प्रयास किया गया है कि महिलाओं की इन संस्थाओं में भागीदारी प्रभावी बनाने की अनेक संभावनाएँ हैं। पंचायतों में कार्यरत महिलाओं का अध्ययन बताता है कि उनकी अनेक सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक चुनौतियाँ हैं जिनके कारण वे प्रभावी ढंग से अपनी भूमिका निभा नहीं पाईं। ISBN 978-81-237-7968-3

21. पानीदार समाज

अमन नम्र पृ. 68 ₹ 255.00

देश के विभिन्न क्षेत्रों में कई स्वयंसेवी संस्थाएँ व व्यक्ति पानी के संरक्षण के अनूठे प्रयोग कर रहे हैं। इस पुस्तक में ऐसे ही चुनिंदा अनूठे व अनुकरणीय प्रयोगों को चित्रों के साथ प्रकाशित

किया गया है। यह जल संकट से परेशान लोगों के लिए उम्मीद की किरण तो है ही, साथ ही यह देश की जल-नीति निर्धारकों के लिए दस्तावेज भी है।

ISBN 978-81-237-4780

22. प्रतिष्ठापूर्ण विकास

अमित भादुड़ी अनु. : गिरीश मिश्र पृ. 108 ₹ 110.00

स्वतंत्रता के लगभग छह दशक वीत जाने के बाद भी देश की आवादी का बड़ा हिस्सा गरीबी से ग्रस्त है। मुफ्त व्यापार के दौर में आम आदमी की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सरकार की अर्थनीति कैसी हो, पुस्तक में ऐसे ही कुछ सुझाव दिए गए हैं।

ISBN 978-81-237-4651-7

23. भारत की मौलिक एकता

वासुदेवशरण अग्रवाल पृ. 130 ₹ 150.00

लगभग छह दशक पहले लिखी गई यह पुस्तक भारत राष्ट्र, राष्ट्रवाद और राष्ट्रीयता पर ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य के साथ कई जिज्ञासाओं और भ्रांतियों का निराकरण करती है।

ISBN 978-81-237-7980-1

24. भारत में राज्यों का पुनर्गठन : पाठ और संदर्भ

ज्ञानेश कुदैसिया अनु. : नरेश 'नदीम' पृ. 316 ₹ 320.00

सन् 1953 में जब आंध्र प्रदेश बना तो देश के सभी हिस्सों से नए राज्यों की माँगें उठने लगीं। तब केंद्र सरकार ने तीन सदस्यों–सैयद फजल अली, हृदयनाथ कुंजरू और के.एम. पणिक्कर की सदस्यता में राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन किया, जिसकी रिपोर्ट सन् 1955 में आई। यह रिपोर्ट आज भी बेहद प्रासंगिक है। ISBN 978-81-237- 7982-8

25. बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम में भारत का योगदान

सलाम आज़ाद अनु. : के.बी. सिंह पृ. 452 ₹ 340.00

बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम में भारतीय मुक्ति योद्धाओं का अप्रतिम योगदान रहा। भारतीयों के अदम्य साहस और योगदान को व्याख्यायित करती पुस्तक।

ISBN 978-81-237-5434-5

26. बा-बापू -150

अरविंद मोहन पृ. 218 ₹ 245.00

यह पुस्तक महात्मा गांधी और उनकी पत्नी व सहधर्मिणी कस्तूरबा के सह-जीवन की ऐसी झलकियों का संकलन है जो गांधी के महामानव बनने में बा की भूमिका को उजागर करती है।

ISBN 978-81-237- 8709-x

27. बापू की महिला ब्रिगेड

अरविंद मोहन पृ. 251 ₹ 345.00

प्रस्तुत पुस्तक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सान्निध्य और संपर्क में रहने वाली 75 विदुषी और साहसी महिलाओं का परिचय दिया गया है। इसमें सुशीला नैयर, राजकुमारी अमृत कौर, मृदुला साराभाई, मनु गांधी, सुचेता कृपलानी, महादेवी वर्मा, कस्तूरबा गांधी, सुभद्रा कुमारी चौहान आदि महिलाओं के संबंध में लिखा है। लेखक ने गांधी जी के चंपारन सत्याग्रह पर भी पुस्तक लिखी है।

ISBN 978-93-574-3075-3

28. भगतसिंह के राजनीतिक दस्तावेज

चमनलाल (संपा.) पृ. 208 ₹ 190.00

भगतसिंह के अब तक उपलब्ध दस्तावेजों में से यहाँ कुछ ऐसे दस्तावेजों को प्रस्तुत किया गया है, जो 21 से 23 वर्ष आयु की तरुणाई में उनकी वैचारिक प्रौढ़ता का स्पष्ट बिंब है। इस पुस्तक में भगतसिंह की हस्तलिपि चार भाषाओं–हिंदी, अंग्रेजी, पंजाबी और उर्दू में प्रकाशित की गई है।

ISBN 978-81-237-5109-2

29. भारत का विभाजन

अनिता इंदर देसाई अनु. : जगदीश चंद्रिकेश पृ. 100 ₹ 95.00

भारत के विभाजन की त्रासद परिस्थितियों का वर्णन प्रस्तुत करती पुस्तक।

ISBN 978-81-237-5021-7

30. भारत में लोकतंत्र

चंद्र प्रकाश भांभरी अनु. : अशोक मनोरम पृ. 96 ₹ 100.00

यह पुस्तक आधुनिक भारत के लोकतांत्रिक अवसरों और चुनौतियों से पाठकों को रू-ब-रू कराती है।

ISBN 978-81-237-6137-4

31. भारत में स्वच्छता अभियान : कार्यनीति और क्रियान्वयन

महीपाल पृ. 162 ₹ 170.00

हमारे देश में चल रहे स्वच्छता अभियान की आवश्यकता और अनिवार्यता, अभियान के संचालन के व्यावहारिक और शासकीय पहलुओं की विस्तार से जानकारी देने वाली पुस्तक।

ISBN 978-81-237-7812-0

32. भारतीय कृषि : आजादी के बाद

जी.एस. भल्ला अनु. : रजनीश कुमार पृ. 272 ₹ 235.00

स्वातंत्र्योत्तर भारतीय कृषि की उपलब्धियों की समीक्षात्मक व्याख्या करती पुस्तक। छात्रों, अध्येताओं और योजनाकारों के लिए महत्वपूर्ण और उपयोगी।

ISBN 978-81-237-5733-9

33. भारतीय खेतिहरों की स्थिति

जी. एस. भल्ला अनु. : गिरीश मिश्र पृ. 90 ₹ 110.00

वर्ष 2003 के दौरान भारत सरकार के सांख्यिकी और योजना कार्यान्वयन से जुड़े राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन द्वारा किए गए सर्वेक्षण के आधार पर, प्रस्तुत पुस्तक में खेतिहरों की स्थिति के मूल्यांकन के मुख्य निष्कर्षों का सारांश प्रस्तुत किया गया है।

ISBN 978-81-237-5139-9

34. भारतीय चिंतन परंपरा के वाहक : गांधी, लोहिया और दीनदयाल

डॉ. प्रयाग नारायण त्रिपाठी पृ. 190 ₹ 225.00

आधुनिक भारतीय राजनीति को दिशा व दशा देने वाली तीन हस्तियों–महात्मा गांधी, राममनोहर लोहिया और दीनदयाल उपाध्याय की नीतियों का तुलनात्मक अध्ययन।

ISBN 978-81-237- 8073-7

35. भारतीय महिला किसान

मैत्रेयी कृष्णराज, अरुणा कांची अनु. : अरविंद कुमार सिंह, रजनी कुमारी

पृ. 130 ₹ 120.00

यह पुस्तक भारतीय कृषि जगत में महिलाओं की बढ़ती भूमिका पर एक गहन अध्ययन है।

ISBN 978-81-237-6439-9

36. भारतीय राजनीति को पं. दीनदयाल उपाध्याय का योगदान

डॉ. इला त्रिपाठी दीक्षित, डॉ. प्रयाग नारायण त्रिपाठी पृ. 184 ₹ 215.00

यह पुस्तक पं. दीनदयाल उपाध्याय की वैचारिक निष्ठा, कर्तव्यबोध, राजनीतिक जीवन, देश की समस्याओं के प्रति उनकी गहन सोच का आकलन करती है। ISBN 978-81-237-8075-3

37. भारतीय स्वाधीनता संग्राम में क्रांतिकारियों का योगदान

हीरेन गोहाईं अनु. : प्रवीण शर्मा पृ. 80 ₹ 55.00

यह पुस्तक स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों की भूमिका का वस्तुनिष्ठ विश्लेषण करती है।

ISBN 978-81-237-6250-0

38. मीडिया में चुनावी सर्वेक्षण

एन. भास्कर राव अनु. : दीपाली ब्राह्मी पृ. 288 ₹ 275.00

भारतीय लोकतंत्र में चुनाव एक लोक उत्सव की तरह है और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रसार ने आम लोगों, राजनीतिक दलों, वित्तीय संस्थाओं आदि में यह उत्कंठा जाग्रत कर दी है कि परिणाम आने से पहले ही हवा का रुख जाना जा सके। इस कार्य में वैज्ञानिक और निष्पक्ष चुनावी सर्वेक्षण की बड़ी भूमिका है। धएक वरिष्ठ पत्रकार द्वारा लिखी गई यह पुस्तक चुनाव सर्वे की विधि, उसकी सतर्कता, वैज्ञानिकता, पूर्वानुमान के वैज्ञानिक विश्लेषण के सिद्धांत आदि पर विस्तार से प्रकाश डालती है। ISBN 978-81-237-7734-5

39. 1857 : क्रांति और क्रांतिधरा

ए.के. गाँधी पृ. 100 ₹ 130.00

यह पुस्तक 1857 की क्रांति के प्रारंभ स्थल मेरठ व उसके आसपास क्रांति के लिए बने माहौल, वहाँ के आम लोगों की अंग्रेजों को भगाने में भूमिका, क्रांति के असफल होने के बाद वहाँ के लोगों पर हुए अत्याचार आदि का खुलासा करता प्रामाणिक दस्तावेज है।

ISBN 978-81-237-7831-7

40. 1789 : फ्रांस की क्रांति

प्रमोद कुमार पृ. 174 ₹ 145.00

विश्व के परिदृश्य में राजनैतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक बदलाव की कारक कहलाने वाली सन् 1789 की फ्रांस की क्रांति की परिस्थितियों, घटनाओं और नायकों का लेखा-जोखा।

ISBN 978-81-237-5779-7

41. लोकतंत्र के उत्सव की अनकही कहानी

एस.वाय. कुरैशी अनु. : रत्नेश कुमार मिश्र पृ. 417 ₹ 445.00

भारत में चुनाव की प्रक्रिया के समक्ष आने वाली चुनौतियाँ, जटिल प्रक्रिया की सफलता के राज़, इस विशाल कार्य को पूरा करने वाले लोगों के आदर्श व सिद्धांत तथा दुनिया का सबसे बड़ा प्रबंधन कहलाने वाली प्रक्रिया से जुड़े कई सवालों के सहज जवाब यह पुस्तक प्रस्तुत करती है।

ISBN978-81-237-8064-8

42. वो चार जाँबाज क्रांतिकारी

अनिल वर्मा पृ. 94 ₹ 130.00

सन् 1912 में अंग्रेज शासन ने अपनी राजधानी कोलकाता से दिल्ली स्थानांतरित की थी और इसके जलसे पर वायसराय लॉर्ड हार्डिंग पर चार क्रांतिकारियों ने बम से हमला किया था। मास्टर अमीरचंद,

भाई बालमुकुंद, मास्टर अवध बिहार और बसंत कुमार विश्वास को इस अपराध में फाँसी की सजा हुई थी। इस पुस्तक में उस समय की परिस्थितियों, पूरे प्रकरण की न्यायिक कार्यवाही आदि का प्रामाणिक विवरण दिया गया है। ISBN 978-81-37-7631-6

43. स्वतंत्र भारत की विदेश नीति

वी.पी. दत्त अनु. : नरेन्द्र तोमर पृ. 200 ₹ 175.00

भारत की स्वतंत्रता के बाद से नेहरू से लेकर वर्तमान प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के पहले कार्यकाल तक की देश की विदेश नीति पर पुस्तक में चर्चा की गई है। अंतरराष्ट्रीय अध्ययन के अध्येताओं के लिए एक महत्वपूर्ण पुस्तक। ISBN 978-81-237-5643-1

44. स्वाधीनता आंदोलन में उत्तराखंड की पत्रकारिता

जयसिंह रावत पृ. 446 ₹ 440.00

उत्तराखंड की पत्रकारिता के अतीत और स्वाधीनता आंदोलन में इस पहाड़ी भूभाग के पत्रों और पत्रकारों के योगदान को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए स्वाधीनता आंदोलन में अखबारों की भूमिका की दबी हुई कड़ियों को जोड़कर पुस्तक के रूप में दस्तावेज़ीकरण करने का प्रयास किया गया है। भावी पीढ़ी के लिए इन गौरवमयी स्मृतियों को सँजोए रखने के उद्देश्य से यह पुस्तक तैयार की गई है। पुस्तक में कई ऐसे चित्र व दस्तावेज़ हैं जो कि इसे प्रामाणिकता प्रदान करते हैं।

ISBN 978-81-237- 8803-0

45. सांप्रदायिक समस्या

अनु. : दिवाकर पृ. 176 ₹ 150.00

मार्च 1931 में कानपुर में भड़के सांप्रदायिक दंगों के कारणों की जाँच के लिए भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस द्वारा गठित जाँच समिति की दुर्लभ रिपोर्ट। इसमें हमारे देश में हिंदू और मुसलमानों के सहअस्तित्व के समृद्ध अतीत पर शोधपरक सामग्री है। ISBN 978-81-237-4703-3

46. सांप्रदायिकता : एक प्रवेशिका

विपिन चंद्रा पृ. 90 ₹ 50.00

इस प्रवेशिका में सांप्रदायिकता के उद्भव और विकास के विभिन्न पहलुओं को ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में देखने का प्रयास किया गया है। ISBN 978-81-237-5258-7

47. सामुदायिक ग्रामीण विकास

बैजनाथ सिंह पृ. 152 ₹ 165.00

यह पुस्तक गाँवों में रहने वालों में स्वावलंबन, स्वाभिमान और सतत परिश्रम की भावना जाग्रत करने का प्रयास करती है। खेती के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, श्रमदान, कुटीर उद्योग और आय के अन्य साधन किस तरह एक आदर्श गाँव की परिकल्पना को साकार कर सकते हैं, इस तथ्य को लेखक अपने अनुभवों के साथ प्रस्तुत कर रहे हैं। ISBN 978-81-237-5485-7

48. सुशासन

सुनील गुप्ता, कमल कुमार सिंह पृ. 222 ₹ 175.00

सुशासन की संकल्पना, मूल तत्व, उद्भव व अवधारणात्मक विकास के साथ ही प्रजातंत्र, लोक भागीदारी, सभ्य समाज और वैश्वीकरण आदि पर सुशासन के संदर्भ में विचार किया गया है।

ISBN 978-81-237-6316-3

49. सूचना का अधिकार कानून 2005 : एक प्रवेशिका

सुची पांडे, शेखर सिंह अनु. : कमाल अहमद पृ. 70 ₹ 95.00

यह प्रवेशिका सूचना प्राप्त करने की मंशा रखनेवालों, इनके अभिरक्षकों और सूचना के अधिकार से संबद्ध अपीलीय प्राधिकारियों के लिए सहायक है। ISBN 978-81-237-5569-4

50. संस्मृतियाँ

शिव वर्मा पृ. 152 ₹ 185.00

प्रख्यात क्रांतिकारी शिव वर्मा ने भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, राजगुरू, सुखदेव, महावीर सिंह, यतीन्द्रनाथ दास और भगवतीदास वोहरा के साथ अपनी यादों को इस पुस्तक में व्यक्त किया है। इसमें इन महान क्रांतिकारियों के सहज, मजाकिया लेकिन दृढ़निश्चयी व्यक्तित्व का खुलासा होता है। इसकी भाषा बेहद प्रवाहमय और किसी उपन्यास की तरह लगती है।

ISBN 978-81-237-5296-9

51. स्त्री-मुक्ति : साझा चूल्हा

अनामिका पृ. 174 ₹ 150.00

आधुनिक भूमंडलीकृत विश्व में स्त्री की छवि ने नया आयाम ग्रहण कर लिया है। वह पुरुष सत्ता की अधीनस्थ उपनिवेश अब नहीं रही। बदले विश्व परिदृश्य में स्त्री की सबला छवि के आईने में स्त्री-विमर्श ने नया रूप और प्रतिमान गढ़ा है। स्त्री-विमर्श पर एक विचारोत्तेजक पुस्तक।

ISBN 978- 81-237-5798-8

52. स्त्री कथा : कथा अनंता

रंजन जैदी पृ. 124 ₹ 130.00

स्त्री चाहे पृथ्वी के किसी भी हिस्से में रहती हो उसकी कथा एक-सी है—पुरुष सत्ता की बदमिजाजियों से पीड़ित और त्रस्त। बेशक, कुछ स्त्रियों ने अपने लिए एक नया आसमान गढ़ा है और वे अन्य स्त्रियों के लिए प्रेरणा बनी हैं। लेकिल स्त्री की 'अन्या' या 'दोयम दर्जे' की छवि को समाप्त करने के लिए और भी जतन करने होंगे। स्त्री विमर्श के लिए जमीन तैयार करती पुस्तक। ISBN 978-81-237-6809-0

53. रोजगार गारंटी अण्रिनियम

निखिल डे, ज्याँ द्रेज़, रीतिका खेरा पृ. 40 ₹ 60.00

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 की मौलिक विशेषताओं पर चर्चा करते हुए इसको सशक्त और प्रभावी बनाने हेतु नागरिकों के कर्तव्य की ओर संकेत देती पुस्तिका।

ISBN 978-81-237-4737-8

54. विचार विनिमय

शचीन्द्रनाथ सान्याल संपा. : सुधीर विद्यार्थी पृ. 132 ₹ 170.00

यह पुस्तक सन् 1893 में बनारस में जन्मे महान क्रांतिकारी नेता शचीन्द्रनाथ सान्याल द्वारा लिखी गई ऐसी पुस्तक है जिसका प्रकाशन 1938 में प्रतिभा पब्लिशिंग हाउस, लखनऊ ने किया था और यह अब दुर्लभ है। शचीन्द्रनाथ सान्याल ने आजादी की लड़ाई में भागीदारी की और जेल गए।

ISBN 978-81-237-8985-9

55. वैश्वीकरण और विकास

सुनंदा सेन अनु. : दीपाली ब्राह्मी पृ. 126 ₹ 150.00

अर्थशास्त्र की सीमित शब्दावली के प्रयोग के साथ आम लोगों की समझ के अनुरूप, वैश्वीकरण, आर्थिक विकास और प्रगति की परिकल्पना पर प्रकाश डालती पुस्तक।

ISBN 978-81-237-8996-5

आदान-प्रदान (अंतर्भारतीय पुस्तकमाला)

कहानी

1. 1857 की कहानियाँ

ख्वाज़ा हसन निज़ामी अनु. : जगदीश चंद्र पृ. 56 ₹ 75.00

दिल्ली के शाही खानदान पर सन् 1857 के गदर में जो कुछ बीता, इस पुस्तक में उनकी दुख भरी दास्तान तथा दर्दनाक परिस्थितियाँ इस प्रकार चित्रित हुई हैं कि पढ़ते समय वे सारे चित्र मूर्त हो उठते हैं। ISBN 978-81-237-1592-6

2. अमृता प्रीतम की चुनिंदा कहानियाँ

संक. : बलदेव सिंह 'बद्दन' अनु. : उमा बंसल पृ. 396 ₹ 385.00

जीवन के दुखद यथार्थ और भविष्य के आशान्वित उल्लास की प्रखर कथाकार की चुनिंदा 59 कहानियों का संकलन। इन कहानियों में मानव हृदय का अंदरूनी भाव बेहद शिद्दत से प्रकट हुआ है। ISBN 978-81-237-7418-3

3. अमरकान्त : संकलित कहानियाँ

पृ. 226 ₹ 180.00

स्वातंत्र्योत्तरकालीन हिंदी कहानी के प्रसिद्ध कथाकार और नई कहानी आंदोलन के सबल स्तंभ अमरकान्त की श्रेष्ठ कहानियों का संकलन। ISBN 978-81-237-5336-2

4. आकाश

भवेन सैकिया अनु. : नवारुण वर्मा पृ. 286 ₹ 220.00

कथाकार की चुनी हुई बीस असमिया कहानियों के इस संकलन में मनुष्य के सहज जीवन की सचाई हर जगह झाँकती है। इन कहानियों में चकाचौंध उत्पन्न करने वाली घटनाएँ नहीं गढ़ी गई हैं। इनमें जीवन की सहजता के साथ, उसकी सहज लय के साथ यह प्रमाणित किया गया है कि ऐसी कहानियाँ भी श्रेष्ठ कोटि की होती हैं। ISBN 978-81-237-1565-0

5. आजादी की छाँव में

बेगम अनीस किदवई अनु. : नूर नबी अब्बासी पृ. 310 ₹ 230.00

भारत से पाकिस्तान और पाकिस्तान से लुट-पिटकर और उजड़कर आने वाले शरणार्थियों की पीड़ा, यातना और शोषण का चश्मदीद दस्तावेज है बेगम अनीस किदवई की यह पुस्तक।

ISBN 978-81-237-3193-3

6. आदवन की कहानियाँ

आदवन अनु. : सरस्वती रामनाथ पृ. 152 ₹ 35.00

मूल तमिल से अनूदित इस संकलन में महानगरीय जन-जीवन की विसंगतियाँ, वहाँ के नागरिकों द्वारा अपनी अस्मिता की तलाश की कोशिश, बेचैनी, समाज और व्यक्ति की आंतरिक समस्याओं के समन्वय आदि के चित्र सूक्ष्मता से दर्ज किए गए हैं। ISBN 81-237-1585-4

7. आधुनिक तमिल कहानियाँ

अशोक मित्रन अनु. : के.ए. जमुना पृ. 154 ₹ 135.00

तमिल की सोलह आधुनिक कहानियों का संकलन। ये उन लेखकों की कहानियाँ हैं, जिन्होंने सन् साठ के बाद अपनी पहचान बनाई है। ISBN 978-81-237-0690-0

8. आशापूर्णा देवी की श्रेष्ठ कहानियाँ

अनु. : सूर्यनाथ सिंह पृ. 214 ₹ 185.00

दैनंदिन जीवन की अत्यंत छोटी-छोटी घटनाएँ आशापूर्णा की लेखनी का स्पर्श पाकर महान हो जाती हैं। बांग्ला से अनूदित इस कहानी संकलन में घर, आँगन, परिवार, मुहल्ले की उपेक्षित-सी घटनाओं को भी वैराट्य देने की सफलता दिखती है।

ISBN 978-81-237-1599-5

9. इक्कीस बांग्ला कहानियाँ

अरुण कुमार मुखोपाध्याय अनु. : देवलीना पृ. 234 ₹ 190.00

वर्तमान काल की बांग्ला कहानियों का यह संकलन सिर्फ कथा रस से ही सराबोर नहीं वरन् रवींद्रनाथ टैगोर के बाद के बांग्ला साहित्य की मौलिकता का भी सूचक है।

ISBN 978-81-237-1478-3

10. उर्दू कहानियाँ

रज़िया सज्जाद ज़हीर (संपा.) अनु. : गुलवंत फारिग़ पृ. 194 ₹ 160.00

समकालीन उर्दू साहित्य की चौबीस प्रतिनिधि कहानियों का संकलन।

ISBN 978- 81-237-2019-7

11. उर्दू की नई कहानियाँ I

राम लाल, इज़हार उस्मानी (संपा.) अनु. : एम. शहबाज़ पृ. 190 ₹ 175.00

उर्दू की नई कहानियों की प्रवृत्तियों से परिचय कराती छब्बीस प्रमुख कहानियों का संकलन।

ISBN 978-81-237-3452-1

12. उपेन्द्रनाथ अश्क की श्रेष्ठ कहानियाँ

पृ. 212 ₹ 175.00

स्वातंत्र्योत्तरकालीन हिंदी कहानी को नई दिशा देने वाले प्रसिद्ध कथाकार उपेन्द्रनाथ अश्क की चुनिंदा कहानियों का संकलन। ISBN 978-81-237-5512-0

13. एक किशोरी फुलझड़ी-सी

टी. पद्मनाभन अनु. : एन.ई. विश्वनाथ अय्यर पृ. 108 ₹ 105.00

मलयालम से अनूदित इस कहानी संकलन में पीड़ित और शोषित सहजीवियों के वास्तविक चित्र अंकित हैं। कला और यथार्थ का अद्भुत सम्मिश्रण यहाँ मिलता है। पृष्ठभूमि, पात्र, संवाद और

आवेग–सब सम्मिलित होकर इन कहानियों में हृदयहारी अनुभव कराते हैं।

ISBN 978-81-237-1881-1

14. कथा पंजाब (खंड दो)

हरिभजन सिंह (संपा.) अनु. : सुभाष नीरव पृ. 328 ₹ 250.00

पंजाबी की श्रेष्ठ कहानियों के जरिए बीते वर्षों में पंजाबी परिवेश की चेतना और भावना के रूपों में हुए अपार परिवर्तन को निरूपित करती हुई एक श्रेष्ठ पुस्तक।

ISBN 978-81-237-2339-4

15. कथा भारती : असमिया कहानियाँ

निर्मल प्रभा बरदलै (संपा.) अनु. : नवारुण वर्मा पृ. 266 ₹ 47.00

असम जनपद एवं वहाँ के कथालेखन की वास्तविक झाँकी प्रस्तुत करता हुआ एक महत्वपूर्ण कहानी संग्रह, जिसमें वहाँ के स्थापित कथाकारों को संकलित करने का यथासंभव प्रयास किया गया है।

ISBN 81-237-1543-9

16. कथा भारती : ओड़िया कहानियाँ

पठाणि पटनायक (संपा.) अनु. : शिवप्रिया महापात्र पृ. 172 ₹ 150.00

ओड़िया भाषा के प्रमुख कथाकारों की चुनी हुई कहानियों का संकलन।

ISBN 978-81-237-2234-4

17. कथा भारती : गुजराती कहानियाँ

यशवंत शुक्ल, अनिरुद्ध भट्ट अनु. : रमेश उपाध्याय पृ. 172 ₹ 45.00

बीसवीं सदी के प्रारंभ से लेकर 1975 तक के गुजरात के प्रतिष्ठित और परिचित लेखकों की बीस कहानियाँ इसमें संगृहीत हैं जो विषय वैविध्य के कारण अत्यंत रोचक और पठनीय हैं।

ISBN 81-237-2293-1

18. कथा भारती : मलयालम कहानियाँ

ओम चेरी एन.एन. पिल्लै (संपा.) अनु. : सुधांशु चतुर्वेदी पृ. 154 ₹ 215.00

प्रस्तुत कथा संकलन में मलयालम के प्रसिद्ध कथाकारों की श्रेष्ठ कृतियों को संकलित किया गया है। इसमें संकलित कहानियाँ पाठकों की पठन रुचि बढ़ाने में सहायक होंगी।

ISBN 978-81-237-1962-7

19. कन्नड़ कहानियाँ

जी.एच. नायक (संपा.) अनु. : बी.आर. नारायण पृ. 278 ₹ 220.00

प्रस्तुत पुस्तक में आधुनिक कन्नड़ साहित्य के प्रतिनिधि लेखकों की 25 कहानियाँ संकलित की गई हैं।

ISBN 978-81-237-3173-5

20. कर्त्तार सिंह दुग्गल की चुनिंदा कहानियाँ

बलदेव सिंह बद्दन (संपा.) अनु. : शशि सहगल पृ. 386 ₹ 385.00

छप्पन कहानियों का संकलन। पंजाबी के चर्चित कहानीकार दुग्गल साहब हिंदी के पाठकों के लिए भी उतने ही जाने-पहचाने हैं। सन् सैंतालिस से पहले की घटनाओं से लेकर सन् चौरासी के बाद तक के हालात और माहौल को बयाँ करती उनकी कहानियाँ जीवन की अनेक तल्ख सच्चाइयों का आईना-सरीखा हैं।

ISBN 978-81-237-7332-2

21. कमलेश्वर की श्रेष्ठ कहानियाँ

पृ. 244 ₹ 195.00

समय और समाज की धड़कन को कलम की धार देकर कागज पर उकेरने वाले हिंदी कथा साहित्य के सशक्त हस्ताक्षर कमलेश्वर की श्रेष्ठ पचीस कहानियों का भीना-भीना गुलदस्ता है यह पुस्तक, जिसकी कहानियों का चयन स्वयं कथाकार द्वारा हुआ है।

ISBN 978-81-237-4365-3

22. कश्ती और बरेता

मोहन काहलों अनु. : नीलम शर्मा 'अंशु' पृ. 126 ₹ 135.00

स्त्री-मनोविज्ञान पर विमर्श करता उपन्यास। ISBN 978-81-237-7047-5

23. कश्मीरी कहानियाँ

मोहम्मद ज़मा आजुर्दा (संपा.) अनु. : जोहरा अफजाल पृ. 148 ₹ 130.00

कश्मीरी के साहित्य की श्रेष्ठ कहानियों का शानदार संकलन। यह संकलन एक साथ कश्मीरी भाषा साहित्य की घनीभूत संवेदना और जनपद की चित्त छवि को मूर्त्त करता है।

ISBN 978-81-237-4115-4

24. काठनिबारी घाट

महिम बरा अनु. : नवारुण वर्मा पृ. 116 ₹ 120.00

असमिया भाषा के प्रबुद्ध कथाकार महिम बरा की 12 प्रतिनिधि कहानियों का संग्रह।

ISBN 978-81-237-6419-1

25. कामतानाथ : संकलित कहानियाँ

पृ. 208 ₹ 170.00

स्वातंत्र्योत्तरकालीन हिंदी कहानी को नई दिशा देने वाले प्रसिद्ध कथाकार कामतानाथ की चुनिंदा कहानियों का संकलन। ISBN 978-81-237-5247-1

26. काशीनाथ सिंह : संकलित कहानियाँ

पृ. 216 ₹ 170.00

स्वातंत्र्योत्तरकालीन हिंदी कहानी की अगली खेप को अद्यतन कर नई दिशा देने वाले प्रसिद्ध कथाकार काशीनाथ सिंह की चुनिंदा कहानियों का संकलन।

ISBN 978-81-237-5259-4

27. किसानी जीवन की पंजाबी कहानी

रवि रविंदर (संपा.)अनु. : प्रीत अरोड़ा, नवजोत कौर मान पृ. 482 ₹ 510.00

यह पुस्तक पंजाब में किसानों के जीवन से जुड़ी 31 कहानियों का संग्रह है। जीवन के यथार्थ को दर्शाती ये कहानियाँ किसानों की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक तथा राजनैतिक दशा-दिशा को प्रदर्शित करती हैं। यह किसानी जीवन तथा इसकी पृष्ठभूमि में विद्यमान शक्ति संबंधों को समझने में सहायता प्रदान करती है। ISBN 978-81-237-9828-8

28. किस्सा पंजाब

हरिभजन सिंह (संपा.) अनु. : विजय चौहान पृ. 84 ₹ 95.00

प्रस्तुत पुस्तक में पंजाब के कुछ लोकप्रिय किस्सों का नई शैली में वर्णन किया गया है। ये किस्से

हीर-रांझा, मिरजा साहिबाँ, सस्सी-पुन्नू, सोहनी-महिवाल आदि के प्रेम-प्रसंगों, पूरन भगत और राजा रसालू की पावन कथाओं के साथ ही दुल्ला भट्टी और जीउणा मोड़ जैसे वीरों की लोककथाएँ सुनाते हैं। ISBN978- 81-237-2001-2

29. कुर्रतुल-ऐन-हैदर की श्रेष्ठ कहानियाँ

अनु. : शाहीना तवस्सुम पृ. 212 ₹ 170.00

भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात उर्दू लेखिका की श्रेष्ठ कहानियों का संकलन।

ISBN 978-81-237-2133-0

30. कुलवंत सिंह विर्क की कहानियाँ

जसवंत सिंह विरदी (संपा.) अनु. : सुभाष नीरव पृ. 142 ₹ 130.00

पंजाबी के श्रेष्ठ कथाकार कुलवंत सिंह विर्क की 29 श्रेष्ठ कहानियों का संकलन।

ISBN 978-81-237-2288-5

31. गुरबख्श सिंह प्रीतलड़ी की चुनिंदा कहानियाँ

संच. व संपा. : बलदेव सिंह 'बद्दन' अनु. : केवल गोस्वामी पृ. 536 ₹ 415.00

पंजाब के सशक्त रचनाकार की कहानियाँ जो आपको साथ चलने के लिए आमंत्रित करती हैं।

ISBN978-81-237-7888-4

32. गोपीनाथ महांति की कहानियाँ

सीताकांत महापात्र (संपा.) अनु. : प्रभात त्रिपाठी पृ. 178 ₹ 150.00

आदिवासी जनजीवन के सुख-दुख, संघात-संघर्ष और संभावना के चित्रों को उकेरती हुई गोपीनाथ महांति की सत्रह ओड़िया कहानियों का संकलन। ISBN 978-81-237-3874-1

33. जगन्नाथ प्रसाद दास की श्रेष्ठ कहानियाँ

गुरुचरण बेहेरा (संपा.) अनु. : राजेंद्र प्रसाद मिश्र पृ. 302 ₹ 335.00

ओड़िया के प्रतिभा संपन्न साहित्यकार की कहानियाँ पाठकों को एक विशेष आभा-मंडल में लिए चलती है। अपने पाठकों के बीच वे जे.पी. दास के नाम से विख्यात हैं। उनकी कथा-यात्रा में अंतर्निहित संवेदना, भावना और विचारों का सूक्ष्म निर्वाह हुआ है। पाठकों को बाँधे रखने में यह संग्रह अद्‌भुत है। ISBN 978-93-5491-109-5

34. जयकांतन की कहानियाँ

अनु. : र. शौरिराजन पृ. 172 ₹ 170.00

तमिल के श्रेष्ठ कथालेखक जयकांतन की चुनी हुई 15 कहानियों का संकलन।

ISBN 978-81-237-5348-5

35. जयशंकर प्रसाद की कहानियाँ

विजयमोहन (संपा.) पृ. 150 ₹ 130.00

प्रसिद्ध छायावादी कवि की 17 यथार्थवादी कहानियों का संकलन। ये कहानियाँ समकालीन ग्रामीण यथार्थ, स्वाधीनता पूर्व अंग्रेज पोषित भारतीय जमींदारों की दुष्कृति एवं महाजनी सभ्यता के अमानवीय पक्ष को भलीभाँति उजागर करती है। ISBN 978-81-237-4582-4

36. जैनेन्द्र कुमार की कहानियाँ

प्रदीप कुमार (संपा.) भूमिका : विष्णु खरे पृ. 106 ₹ 110.00

हिंदी के प्रख्यात कथाकार और हिंदी कथाधारा के स्तंभ स्व. जैनेन्द्र कुमार की प्रतिनिधि कहानियों का संकलन। ISBN 978-81-237-2971-8

37. तफ़्तीश

मितरसेन मीत अनु. : डॉ. किरण बंसल पृ. 300 ₹255.00

अपनी तरह का एक अलग उपन्यास जिसे पेशे से मशहूर वकील ने लिखा है। इस उपन्यास में भारतीय पुलिस तंत्र की गतिविधियों का वर्णन है। ISBN 978-81-237-7114-4

38. देवेंद्र सत्यार्थी की चुनिंदा कहानियाँ

गुरुचरण सिंह अरशी (संपा.) अनु. : डॉ. सुनीता पृ. 294 ₹260.00

अप्रतिम कथाकार देवेंद्र सत्यार्थी के व्यक्तित्व की तरह सरल कहानियाँ, जो किसी-न-किसी रूप में जीवन का हिस्सा बन चुकी हैं। एक तरह से सामाजिकता होने का सुख बाँटती हैं।

ISBN 978-81-237-7070-3

39. नानक सिंह की चुनिंदा कहानियाँ

बलदेव सिंह बद्दन (संपा.) अनु. : शशि सहगल पृ. 224 ₹ 180.00

नानक सिंह पंजाबी के एक बेमिसाल लेखक थे जिनकी कहानियाँ उपन्यास के प्लॉट का भ्रम पैदा करती हैं। नये अंदाज की कहानियाँ हैं ये। ISBN 978-81-237-6802-1

40. प्रतिभा राय की श्रेष्ठ कहानियाँ

संपा. : *प्रफुल्ल कुमार महाँति* अनु. : राजेन्द्र प्रसाद मिश्र पृ. 290 ₹ 375.00

प्रतिभा राय की कहानियों का मुख्य स्वर प्रेम है, जिसमें ओड़िया जीवन साकार हुआ है। इनकी रचनाओं में कहीं भी बनावटीपन नहीं है। प्रतिभा राय की कहानियों की परिधि विशाल है। उनके पात्र मनुष्य के विभिन्न गुण, अवगुण, यश-पौरुष कमजोरी दिखाकर कहानी की परिधि में जीवन को स्पंदित करते हैं। एक अलग तरह की आत्मीयता इनकी कहानियों में मिलती है, जिस कारण पाठक इनसे जुड़ा हुआ महसूस करते हैं।

ISBN 978-81-237-301-3

41. फणीश्वरनाथ 'रेणु' की श्रेष्ठ कहानियाँ

भारत यायावर (संपा.) पृ. 260 ₹ 200.00

'रेणु' की कहानियाँ अपनी संरचना, प्रकृति, शिल्प और रस की दृष्टि से हिंदी कहानियों की परंपरा में एक अलग और नई पहचान उपस्थित करती हैं। ग्रामीण परिवेश के छोटे-बड़े, सुख-दुख, रीति-रिवाज पर सचेत रहने वाले ऊर्जस्वित कथाकार 'रेणु' की 21 चुनिंदा कहानियों का संकलन।

ISBN 978-81-237-1537-7

42. बामाचरण मित्र की कहानियाँ

शत्रुघन पांडव (संपा.) अनु. : शंकरलाल पुरोहित पृ. 142 ₹ 145.00

ओड़िया के प्रख्यात कथाकार बामाचरण मित्र की चुनी हुई कहानियों का अनूठा संकलन।

ISBN 978-81-237-4083-6

43. बेजबरुआ की संकलित रचनाएँ

नगेन सैकिया (संक.) अनु. : नवारुण वर्मा पृ. 222 ₹ 180.00

असमिया के श्रेष्ठ रचनाकार बेजबरुआ की प्रतिनिधि रचनाओं का संग्रहणीय संचयन।

ISBN 978-81-237-5283-9

44. मछली पिए न सूखे ताल

ए. विद्यासागर अनु. : जे.एल. रेड्डी पृ. 146 ₹ 130.00

आदिवासियों की वास्तविक व्यथा व यातनाओं को सजीव रूप में प्रस्तुत करती यथार्थपरक कहानियाँ। ISBN 978-81-237-5377-5

45. मन्नू भंडारी की श्रेष्ठ कहानियाँ

पृ. 188 ₹ 160.00

स्त्री-मन की आकांक्षाएँ, प्रेम, दाम्पत्य, पारिवारिक-सामाजिक ढांचे, छद्‌म आधुनिकता के दुष्प्रभाव आदि विषयों पर लिखी गई मन्नू भंडारी की कहानियों का अनूठा संकलन, जिसमें पाठकों को अपने समय का स्वर पहचानने का बेहतरीन अवसर उपलब्ध है।

ISBN 978-81-237-4363-7

46. मनोज दास की कहानियाँ

अनु. : राजेंद्र प्रसाद मिश्र पृ. 188 ₹ 160.00

ओड़िया के प्रख्यात कथाकार मनोज दास की चुनी हुई कहानियों का संकलन।

ISBN 978-81-237-3558-0

47. मसान का फूल और अन्य कहानियाँ

सच्चिदानन्द राउत राय अनु. : शंकर लाल पुरोहित पृ. 180 **अनुपलब्ध**

उड़ीसा के सामान्य जनजीवन को अपने लेखन का केंद्र मानने वाले यशस्वी कथाकार सच्चिदानन्द राउत राय की चुनी हुई कहानियों का संकलन, जो उड़ीसा के जनपद पर विस्तृत रूप से दिखाया गया है। ISBN 81-237-1570-6

48. महाश्वेता देवी की श्रेष्ठ कहानियाँ

अनु. : माहेश्वर पृ. 160 ₹ 140.00

साहित्य अकादमी सहित अनेक साहित्यिक पुरस्कारों से सम्मानित बांग्ला की सुप्रसिद्ध लेखिका महाश्वेता देवी द्वारा संकलित उनकी इन कहानियों के केंद्र में मुख्यतया आदिवासी जनजीवन है, जो समाज की मूलधारा से कटकर जी रहा है। ISBN 978-81-237-0533-0

49. मामोनी रायसम गोस्वामी की कहानियाँ

अनु. : श्रवण कुमार पृ. 106 ₹ 110.00

असमिया की प्रसिद्ध लेखिका मामोनी रायसम गोस्वामी (ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त) की चुनिंदा कहानियों का संकलन। ISBN 978-81-237-3458-3

50. मेरी यात्रा

विष्णु गोडसे अनु. : सुनील केशव देवधर पृ. 158 ₹ 190.00

वौडियार सदाशिव अनु. : श्यामसिंह 'शशि' पृ. 106 ₹ 105.00

अंग्रेजों के खिलाफ रानी चेन्नम्मा द्वारा लड़ी गई साहसिक लड़ाई की ओजस्वी गाथा।

ISBN 978-81-237-4866-5

21. शिवाजी

सेतुमाधवराव एस. पगड़ी अनु. : जे.वी. रमण पृ. 124 ₹ 120.00

मध्यकालीन भारत के प्रसिद्ध मराठा मिथकीय चरित्र छत्रपति शिवाजी का गौरवशाली जीवनचरित।

ISBN 978-81-237-4808-5

22. शेरशाह सूरी

विद्या भास्कर पृ. 104 ₹ 105.00

शेरशाह सूरी अपने समय का एक विशेष व उल्लेखनीय राज व्यक्ति था। उसने शासन व समाज संगठन में नई चीजें शुरू कीं जिससे उसकी कल्पना व संगठन शक्ति का परिचय मिलता है।

ISBN 978-81-237-2433-1

23. सवाई जयसिंह

राजेन्द्र शंकर भट्ट पृ. 136 ₹ 205.00

सवाई जयसिंह भारतीय इतिहास की एक गौरवपूर्ण विभूति हैं। इस पुस्तक में श्री राजेन्द्र शंकर भट्ट ने सवाई जयसिंह की उस जीवनी के महत्व का उल्लेख किया है जिसमें ज्ञान का संकलन और प्रसार अधिकाधिक गरिमामय होता है।

ISBN 81-237-2557-4

24. सुराज और स्वराज

राष्ट्रवादी राजा का अमूल्य योगदान

एस.सी. मिश्र अनु : रत्नेश कुमार मिश्र पृ. 108 ₹ 190.00

महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में हुए भारत के राष्ट्रीय आंदोलन के बारे में आजादी के बाद से बहुत सारा ऐतिहासिक लेखन सामने आया है। प्रस्तुत पुस्तक में उस काल का दस्तावेज पाठकों को जहाँ समृद्ध करता है वहीं जिज्ञासा को भी शांत करता है। एक महत्वपूर्ण पुस्तक।

ISBN 978-81-237-1

25. हरि सिंह नलवा

डॉ. रतन सिंह जग्गी *शीघ्र प्रकाश्य*

प्रस्तुत पुस्तक वीर नायक हरि सिंह नलवा के जीवन-वृत्त पर केंद्रित है। हरि सिंह नलवा एक ऐसे योद्धा थे, जिन्होंने अपने जीवन में जितने भी युद्ध लड़े किसी में भी हार का सामना नहीं किया। उनके साहसिक जीवन की गौरव गाथा वाली यह पुस्तक युवाओं के लिए प्रेरणादायक है।

26. हर्ष

वी.डी. गंगल अनु. : सुमंगल प्रकाश पृ. 74 ₹ 85.00

छठी सदी के महान शासक हर्ष के असाधारण व्यक्तित्व का लेखा जोखा।

ISBN 81-237-7085-7

राजनीति

1. अपने लिए जिए तो क्या जिए

(एक क्रांतिकारी की जीवन गाथा)

राजेंद्र नाथ बख्शी पृ. 236 ₹ 250.00

स्व. शचींद्र नाथ बख्शी के जीवन के ज्ञात-अज्ञात तथ्यों को संकलित कर यह पुस्तक 'अपने लिए जिए तो क्या जिए' लिखी गई है। इसमें शचींद्र नाथ बख्शी के तरुणाई से संघर्ष, आज़ादी की ललक, काकोरी कांड के बाद फरारी, घर की कुर्की के बाद गरीबी, मुकदमा-सज़ा, राजनीति, जनप्रतिनिधि के रूप में कार्य आदि को सिलसिलेवार तरीके से प्रस्तुत किया गया है। साधारण बोलचाल की हिंदी, अंग्रेज़ी, उर्दू मिश्रित बोधगम्य एवं पठनीय भाषा शैली का प्रयोग किया गया है।

ISBN 978-81-237- 8826-6

2. अमृतलाल शेठ

वर्षा दास पृ. 73 ₹ 110.00

अमृतलाल शेठ गुजरात के एक प्रखर पत्रकार एवं गांधीभक्त सत्याग्रही थे। तत्कालीन प्रजा पर हो रहे अत्याचारों को बहुत करीब से देखा व समझा, पीड़ित और मूक प्रजा को आवाज़ देने

के लिए 'सौराष्ट्र', 'जन्मभूमि' नामक अखबार का प्रारंभ किया और प्रजा की पीड़ा को उजागर किया। साथ ही स्वतंत्रता आंदोलन में अमृतलाल शेठ के योगदान को बयाँ करती पुस्तक।

ISBN978-81-237-8028-3

3. अरुणा आसफ़ अली

जी.एन.एस. राघवन अनु. : नेमिशरण मित्तल पृ. 172 ₹ 160.00

स्वतंत्रता संग्राम के दौरान एक प्रखर राजनीतिक क्रांतिकारी एवं स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद गरीबी और निरक्षरता के निवारण हेतु अभियान चलाने वाली एक साहसी और कर्मठ महिला की प्रेरणादायक जीवनी।

ISBN 978-81-237-4646-3

4. आचार्य जे.बी. कृपलानी

रामबहादुर राय पृ. 340 ₹ 310.00

पुस्तक का पूरा नाम 'शाश्वत विद्रोही राजनेता : आचार्य जे.बी. कृपलानी'। आचार्य कृपलानी मालवीय जी के साथ-साथ गाँधी जी के भी सहयोगी रहे थे। उनका पूरा जीवन एक नागरिक के लिए प्रेरणा-स्रोत रहा है। उनकी इस जीवनी-पुस्तक में उनके भाषणों का भी अच्छा संकलन है।

ISBN 978-81-237-6890-8

5. आसफ अली

सुधीर पंत अनु. : रामसेवक श्रीवास्तव पृ. 52 **अनुपलब्ध**

देशभक्त, अहिंसावादी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, संगीत एवं कला के पारखी और भावुक प्रेमी आसफ अली की बहुमुखी प्रतिभा को उजागर करने वाली जीवनी।

6. इंकलाबी यात्रा

मनोरमा दीवान पृ. 144 ₹ 135.00

स्वाधीनता संग्राम में अपना अमूल्य योगदान देने वाले एक क्रांतिकारी दंपत्ति सीता देवी व प्रिंसिपल छबीलदास की प्रेरक जीवनी।

ISBN 978-81-237-4824-5

7. इंदिरा गाँधी

इंदर मल्होत्रा अनु. : व्रजकुमार पांडेय पृ. 188 ₹ 135.00

यह पुस्तक भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री के जीवन और युग पर संपूर्णतः ताजा प्रकाश डालती है।

ISBN 978-81-237-4976-1

8. एम.एन. राय

वी.बी.कर्णिक अनु. : माधुरी पाल पृ. 92 ₹ 45.00

प्रस्तुत चरित एम.एन.राय नामक उस अद्वितीय व्यक्तित्व का है जिसने भारतीय स्वाधीनता संग्राम में वर्तमान सदी के प्रथम दो दशकों में ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ सशस्त्र संघर्षों में भाग लिया।

ISBN81-237-2187-X

9. कामराज : एक अध्ययन

वी.के. नरसिम्हन अनु. : वागीश के. झा पृ. 190 ₹ 75.00

कामराज भारतीय राजनीति में जननेता के रूप में एक अनूठी घटना थे। यह पुस्तक उनके व्यक्तित्व पर व्यापक प्रकाश डालती है—एक व्यक्ति और नेता के रूप में नेहरू युग के उपरांत भारतीय राजनीति में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाती है।

ISBN978-81-237-5249-5

10. क्षितिमोहन सेन

भवतोष दत्त अनु. : रामबहाल तिवारी पृ. 60 ₹ 80.00

लोकधर्म तथा शास्त्रीय धर्म के मर्मज्ञ पंडित क्षितिमोहन सेन की यह जीवनी उस समय की काशी नगरी के सांस्कृतिक, साहित्यिक और धार्मिक विकास का इतिहास प्रस्तुत करती है।

ISBN 978-81-237-5041-7

11. गदर पार्टी नायक कर्तार सिंह सराभा

चमन लाल पृ. 94 ₹ 230.00(सजि.), ₹ 230.00(अजि.)

सन् 1913 में भारत को अंग्रेजों से आजाद करवाने के लिए सशस्त्र संघर्ष का बिगुल फूंकने वाले कर्तार सिंह सराभा को जब फांसी हुई थी तब वे मात्र साढ़े उन्नीस साल के थे। अपने छोटे से सार्वजनिक जीवन में देशप्रेमियों के दिल पर राज करने वाले शहीद के संघर्षों का लेखा-जोखा।

ISBN 978-81-237-4911-2 (सजि.) ISBN 978-81-237-4912-9 (अजि.)

12. गाँधी : एक जीवनी

कृष्ण कृपलानी अनु. : नरेश 'नदीम' पृ. 200 ₹ 210.00

प्रस्तुत पुस्तक महात्मा गाँधी के जीवन और कृत्यों का एक रोचक और सम्मोहक वर्णन प्रस्तुत करती है।

ISBN 978-81-237-2020-3A

13. जयप्रकाश नारायण

सुधांशु रंजन पृ. 254 ₹ 215.00

स्वयं को राजसत्ता से अलग रखकर लोकसत्ता को सुदृढ़ करने के प्रयत्न में लगे जयप्रकाश नारायण को आम लोगों ने 'लोकनायक' की उपाधि से विभूषित किया था। जे.पी. के उच्च आदर्शों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करती पठनीय एवं संग्रहणीय जीवनी।

ISBN 81-237-1063-1

14. डॉ. भगवान दास

नीलांजना किशोर पृ. 210 ₹ 210.00

एक महान दार्शनिक, चिंतक व लेखक की सारगर्भित जीवनी।

ISBN 978-81-237-4896-2

15. डॉ. राममनोहर लोहिया

गुंजेश्वरी प्रसाद (संच. एवं संपा.) पृ. 192 ₹ 175.00

राममनोहर लोहिया के व्यक्तित्व को समझने के लिए वरिष्ठ पत्रकार की कलम से लिखी गई एक महत्वपूर्ण पुस्तक। साथ ही, लोहिया के अनेक दुर्लभ पत्र एवं उनके विचार भी।

ISBN 978-81-237-7127-4

16. देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद : जीवनवृत्त और विचार

डॉ. व्रजकुमार पांडेय पृ. 232 ₹ 205.00

भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की संक्षिप्त जीवनी के साथ उनकी किताबों, उनके भाषणों और लेखों में बिखरे पड़े उनके विचारों का अच्छा संकलन है यहाँ।

ISBN 978-81-237-6474-0

17. नेताजी सुभाष चन्द्र बोस

शिशिर कुमार बोस अनु. : राम अरोड़ा पृ. 140 ₹ 145.00

भारत को अंग्रेजों से मुक्त कराने के लिए आजाद हिंद फौज का गठन करने वाले नेताजी का

'जयहिंद' का नारा आज भी हरेक भारतीय में जोश भर देता है। उनके संघर्षमय जीवन की अनुबोधक जीवनी। ISBN 978-81-237-1840-8

18. पी.सी. जोशी

गार्गी चक्रवर्ती अनु. : नवीन चक्रवर्ती पृ. 60 ₹ 140.00

यह पुस्तक पी.सी. जोशी के जीवन एवं व्यक्तित्व का एक सांगोपांग विवरण प्रस्तुत करती है।

ISBN 978-81-237-6506-8

19. प्रभावती

उषाकिरण खान पृ. 98 ₹ 105.00

जयप्रकाश नारायण की पत्नी प्रभावती पर लिखी इस पुस्तक में प्रभावती जी के संघर्ष, समन्वय और सूझबूझ को दर्शाया गया है। ISBN 978-81-237-6119-0

20. बदरुद्दीन तैयबजी

लाईक़ फ़तेहअली अनु. : जे.वी.रमण पृ. 76 **अनुपलब्ध**

भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्षरत संस्था कॉंग्रेस के अध्यक्ष, अधिवक्ता, समाज सुधारक, और जाने-माने शिक्षा शास्त्री का जीवन परिचय। ISBN 81-237-1644-3

21. बटुकेश्वर दत्त : भगतसिंह के सहयोगी

अनिल वर्मा पृ. 160 ₹ 185.00

महज 19 साल की उम्र में दिल्ली की असेंबली में भगतसिंह के साथ बम फेंकने वाले बटुकेश्वर दत्त की यह जन्म शताब्दी हैं और इसी अवसर पर प्रकाशित यह पुस्तक बटुकेश्वर दत्त के जीवन के कई अनछुए पहलुओं का दस्तावेज है। कई दुर्लभ चित्रों ने पुस्तक की प्रामाणिकता को विस्तार दिया है। ISBN 978-81-237-5984-5

22. बाबासाहब आंबेडकर

वसंत मून अनु. : प्रशांत पांडे पृ. 224 ₹ 190.00

भारतीय संविधान के रचयिता, विद्वान लेखक, विधिवेत्ता, राजनयिक, समाज सुधारक तथा दलितों के नेता डॉ. आंबेडकर की जीवनी। ISBN 978-81-237-0941-3

23. महादेव गोविंद रानाडे

रामनारायण मिश्र पृ. 176 ₹ 150.00

जस्टिस रानाडे की यह जीवनी भारतीय समाज में उनके योगदान को रेखांकित करती हुई उनके व्यक्तिगत जीवन के विविध पहलुओं पर प्रकाश डालती है।

ISBN 978-81-237-5212-9

24. महामना मदनमोहन मालवीय : व्यक्तित्व एवं विचार

बालमुकुन्द पाण्डेय पृ. 330 ₹ 325.00

महामना मदनमोहन मालवीय भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के एक कीर्तिस्तंभ तो थे ही, एक महान शिक्षा-चिंतक, प्रखर पत्रकार और बहुभाषाविद् भी थे। ऐसे ही उज्ज्वल चरित के महानायक का जीवन-चरित है यह पुस्तक, जिसमें राष्ट्र, समाज, राजनीति और हिंदुत्व आदि के संबंध में महामना के विचारों का भी समावेश है। ISBN 978-81-237-8273-7

25. मास्टरदा सूर्यसेन

श्रीमती प्रवीण शर्मा पृ. 56 ₹ 85.00

सन् 1923 से 1930 के बीच बंगाल में सशस्त्र क्रांति के बल पर अंग्रेजों को देश से खदेड़ने का संकल्प लेने वाले क्रांतिकारी के जीवन-संघर्ष का दस्तावेज।

ISBN 978-81-237-6569-X

26. मीनू मसानी

एस.वी. राजू अनु. : सौमित्र मोहन पृ. 108 ₹ 140.00

एक सिद्धांतवादी राजनीतिज्ञ की प्रेरणादायक जीवनी। ISBN 978-81-237-5740-7

27. मुहम्मद अब्दुर्रहमान

एन.पी. चेक्कुट्टी अनु. : मुकेश भार्गव पृ. 102 ₹ 125.00

सन् 1921 में केरल के मालाबार विद्रोह के दौरान राजनीति में आए मुहम्मद अब्दुर्रहमान भारतीय स्वतंत्रता आंदालन के प्रमुख नेता रहे हैं। सांप्रदायिकता और देश-विभाजन के प्रबल विरोधी नेता की जीवनी।

ISBN 81-237-6436-7

28. मोतीलाल नेहरू

बंशीधर मिश्र पृ. 150 ₹ 145.00

इस पुस्तक में मोतीलाल नेहरू के जन्म से लेकर उनके प्रख्यात वकील बनने एवं स्वतंत्रता संग्राम में उनके महती योगदान और उनके विचार एवं उनकी दृष्टि का सांगोपांग विवरण है।

ISBN 978-81-237-6799-4

29. मोरारजी देसाई

यशवंत दोशी अनु. : रामजी भाई सवाणी पृ. 86 **अनुपलब्ध**

भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के संघर्षमय जीवन की प्रस्तुति।

ISBN 81-237-2086-6

30. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया

वी.एस. नारायण राव अनु. : विश्वासनाथ 'प्रशांत' पृ. 126 ₹ 120.00

विश्वेश्वरैया 'सर एम.वी. नाम से लोकप्रिय एक ऐसा प्रखर बुद्धिवाला व्यक्तित्व है जिन्होंने भारत के वास्तविक निर्माण में आधारभूत भूमिका निभाई। उन्होंने एक अभियंता, प्रबंधक और राजनेता के रूप में कृष्णराज सागर बाँध और भद्रावती आइरन एंड स्टील वर्क्स जैसी अद्भुत एवं उपयोगी धरोहर हमें दी।

ISBN 81-237-4973-0

31. युसुफ मेहरअली

मधु दंडवते अनु. : नेमिशरण मित्तल पृ. 142 ₹ 145.00

प्रस्तुत जीवनचरित संस्थापक सदस्य तथा भारत के इतिहास व संस्कृति से गहन लगाव रखने वाले महान समाजवादी का है।

ISBN 81-237-1926-4

32. रफी अहमद किदवई

अजीत प्रसाद जैन अनु. : कालू राम शर्मा पृ. 120 ₹ 140.00

महान स्वतंत्रता सेनानी और स्वतंत्रता के बाद पं. नेहरू के विश्वासपात्र रहे श्री किदवई के व्यक्तित्व एवं देश को उनकी देन का लेखा-जोखा उनके जीवनपर्यंत सहयोगी ने इस पुस्तक में प्रस्तुत किया है।

ISBN 978-81-237-6304-0

33. राजकुमार शुक्ल

राय प्रभाकर प्रसाद पृ. 88 ₹ 105.00

दक्षिण अफ्रीका से 1915 में भारत वापस लौटे मोहनदास करमचंद गाँधी को एक सुदूर गाँव के व्यक्ति राजकुमार शुक्ल चंपारण आगमन का न्योता देता है। 10 अप्रैल, 1917 को गाँधी जी नील की खेती करने वाले किसानों का दर्द समझने के लिए चंपारण की धरती पर कदम रखते हैं और वह संघर्ष भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस, साथ ही गाँधी जी को लोकप्रियता की नई ऊँचाइयों पर पहुँचा देता है। यह पुस्तक उन्हीं राजकुमार शुक्ल (1875-1929) के जीवन संघर्ष को प्रस्तुत करती है, जिन्होंने पहली बार सार्वजनिक रूप से गाँधी जी को 'महात्मा' कहकर पुकारा था।

ISBN 978-81-237-6887-8

34. राममनोहर लोहिया

इंदुमति केलकर श्रीपाद कृष्ण केलकर (संक्षि. एवं संपा.) पृ. 194 ₹ 160.00

श्रेष्ठ समाजवादी चिंतक, क्रांतिकारी विचारक एवं बहुआयामी प्रतिभा के धनी लोहिया के जीवन संघर्ष की बृहद कथा को संक्षिप्त रूप में इस पुस्तक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

ISBN 978-81-237-1897-2

35. रामेश्वरी नेहरू

कमलेश मोहन अनु. : शमीम खान पृ. 164 ₹ 205.00

गाँधीवादी मूल्यों की प्रबल समर्थक व महिलाओं के राजनीतिक व सामाजिक अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाली प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के जीवन संघर्ष का आकलन करती पुस्तक।

ISBN 978-81-37-7644-6

36. लाल बहादुर शास्त्री

राजेंद्र भारती पृ. 206 ₹ 240.00

भारत रत्न से सम्मानित लाल बहादुर शास्त्री सादगी और ईमानदारी की प्रतिमूर्ति थे। सन् '65 की पाकिस्तान की लड़ाई उनके ही प्रधानमंत्रित्व काल में लड़ी गई जिसका अंत ताशकंद समझौते से हुआ था। आत्माभिमान और देशभक्ति के ऐसे ही अवतार के जीवन और कर्मों का लेखा-जोखा है यह पुस्तक।

ISBN978-81-237- 7921-8

37. श्यामा चरण शुक्ल

सुशील त्रिवेदी पृ. 236 ₹220.00

अविभाजित मध्य प्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री रहे श्यामा चरण शुक्ल की जीवनी। लगभग चार दशकों तक के उनके राजनीतिक कार्यकाल का प्रामाणिक विवरण है यहाँ। उनके चुनिंदा संबोधन पुस्तक को और अधिक परिपुष्ट बनाते हैं।

ISBN 978-81-237-7068-0

38. स्वामी सहजानंद सरस्वती

नीलांशु रंजन पृ. 100 ₹ 110.00

सहजानंद सरस्वती के जीवन तथा स्वाधीनता आंदोलन और किसान आंदोलन में स्वामी जी की भूमिका काफी प्रासंगिक रही है। एक अविस्मरणीय पुस्तक।

ISBN 978-81-237-6486-3

39. सरदार भगत सिंह के सहयोगी : शिव वर्मा

प्रो. प्रमोद कुमार पृ. 156 ₹ 165.00

यह पुस्तक मशहूर क्रांतिकारी, लेखक और समाजवादी विचारक शिव वर्मा के जीवन-संघर्ष की झाँकी है। शिव दा 17 साल की उम्र में पढ़ाई छोड़कर स्वतंत्रता आंदोलन में कूद गए थे। आजादी के बाद भी उनका संघर्ष जारी रहा। ISBN 978-81-237-6660-7

40. सेनापति बापट

य.दि. फड़के अनु : यशवंत व्यास पृ. 132 ₹ 125.00

पांडुरंग महादेव बापट की प्रस्तुत जीवनी न सिर्फ उनके लंबे और विशिष्ट राजनीतिक जीवन का ब्यौरा देती है बल्कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद की गई उनकी निःस्वार्थ सेवाओं तथा बलिदानों की गाथा का विश्लेषण भी करती है। ISBN 978-81-237-4713-2

41. सैफुद्दीन किचलू

तौफिक किचलू अअनु. : प्रदीप कुमार सक्सेना पृ. 124 ₹ 125.00

जलियाँवाला बाग के मुख्य नायक के रूप में विख्यात एक स्वतंत्रता सेनानी की कहानी जो उनके सुपुत्र की लेखनी से कलमबद्ध की गई है। ISBN 978-81-237-5108-5

42. लोकमान्य तिलक

ग.प्र. प्रधान अनु. : प्रशांत राही पृ. 148 ₹ 145.00

स्वतंत्रता आंदोलन को जन जन तक पहुँचाने के लिए सांस्कृतिक और शैक्षिक क्रांति का मार्ग अपनाने वाले बाल गंगाधर तिलक के जीवन की सहज, सरल भाषा में प्रस्तुति।

ISBN 978-81-237-1652-7

43. वी.ओ. चिदम्बरम पिल्लै

आर.ए. पद्मनाभन अनु. : नरेन्द्र सिन्हा पृ. 78 ₹ 85.00

भारतीय जहाज उद्योग को सम्मानजनक स्थान दिलवाने वाले एक महान स्वतंत्रता सेनानी के बहुआयामी जीवन का संक्षिप्त लेखा-जोखा प्रस्तुत करती पुस्तक।

ISBN 81-237-4356-4

44. सरदार वल्लभभाई पटेल

विष्णु प्रभाकर पृ. 66 ₹ 130.00

सरदार वल्लभभाई पटेल, भारतीय स्वतंत्रता के लौह पुरुष के नाम से जाने जाते हैं। सात सौ से अधिक देशी रियासतों का विलय उन्होंने भारत में कराया था। ऐसे सरदार पटेल के जीवन के विविध पक्षों का वर्णन इस पुस्तक में है। ISBN 978-81-237-0947-5

45. ज्ञानी गुरमुख सिंह 'मुसाफिर'

कर्त्तार सिंह दुग्गल अनु. : बालकराम नागर पृ. 118 **अनुपलब्ध**

ज्ञानी गुरमुख सिंह 'मुसाफिर' देश के अग्रणी राजनेता थे। भारत के स्वाधीनता संग्राम में उन्होंने महती भूमिका निभाई। वह मात्र राजनीतिक नेता ही नहीं वरन कवि, लेखक और एक अच्छे इनसान भी थे।

46. हसरत मोहानी

मुज़फ़्फ़र हनफ़ी अनु. : निज़ामुद्दीन पृ. 102 ₹ 105.00

इस पुस्तक में स्वतंत्रता आंदोलन के वीर सेनानी, सत्यनिष्ठ, कर्मठ मुस्लिम साम्यवादी, निर्भीक

पत्रकार—यानी बहुमुखी प्रतिभा के धनी हसरत मोहानी की जीवनी को प्रस्तुत किया गया है।

ISBN 978-81-237-4733-0

47. हकीम अजमल खाँ

हकीम सैयद ज़िल्लुर्रहमान अनु. : मो. अलीम पृ. 138 ₹ 125.00

प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद्, हकीम और दिल्ली की गंगा-जमुनी संस्कृति के प्रतीक हकीम अज़मल खां की जीवनी।

ISBN 978-81-237-5693-6

48. हेपाउ जादोनांग

जगदम्बा मल्ल पृ. 131 ₹ 175.00

पूर्वोत्तर के वीर स्वतंत्रता सेनानी हेपाउ जादोनांग व रानी गाइदिन्ल्यू द्वारा संचालित स्वतंत्रता संग्राम के भारत में ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध संघर्ष के बारे में जानकारी प्रस्तुत करती पुस्तक।

ISBN978-81-237-8749-7

नारी अग्रदूत

(राष्ट्रीय जीवनचरित की एक उप-शृंखला)

1. रानी गाइदिन्ल्यू

जगदम्बा मल्ल पृ. 174 ₹ 195.00

बीसवीं सदी के पहले दशक-उपरांत मणिपुर में पैदा हुई गाइदिन्ल्यू, जिसका शाब्दिक अर्थ है 'अच्छा मार्ग दिखाने वाली', ने अपने नाम के अनुरूप भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में तो बढ़-चढ़कर भाग लिया ही, हिंदू धर्म एवं संस्कृति पर होने वाले प्रहार एवं छल-छद्म तथा षड्यंत्रों से रक्षा ही नहीं वरन त्राण दिलाने में भी महती भूमिका निभाई। ऐसी ही प्रेरक व्यक्तित्व की जीवन-कथा है यह पुस्तक।

ISBN 978-81-237-7815-0

2. अहिल्याबाई

हीरालाल शर्मा पृ. 136 ₹ 160.00

अहिल्याबाई के अलौकिक गुणों, असाधारण वीरता और महान कार्यों के विषय में जानकारी देने वाली रोचक पुस्तक।

ISBN 978-81-237-2734-9

3. ललद्यद

वेद राही पृ. 156 ₹ 175.00

आधुनिक कश्मीरी भाषा एवं साहित्य की जननी 'ललद्यद' चौदहवीं शताब्दी की सुप्रसिद्ध संत-कवयित्री हैं; इनके 'वाखों' ने आत्म-शुद्धता, सदाचार एवं मानव-बंधुत्व की भावनाओं से तत्कालीन जनमानस को आलोड़ित किया था। डोगरी से हिंदी में अनुवाद श्री वेद राही ने किया है।

ISBN 978-81-237-5425-3

4. 1857 का लोक संग्राम और रानी लक्ष्मीबाई

प्रमोद भार्गव पृ. 126 ₹ 170.00

1857 के ऐतिहासिक लोक संग्राम में रानी लक्ष्मीबाई का साहस और वीरता सर्वविदित है। इस पुस्तक में झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई के उसी अदम्य और प्रेरणादायी साहस-गाथा का बखान है।

ISBN 978-81-237-7814-3

आत्म जीवनचरित

1. अनंत सीढ़ियों पर निरंतर

सी.एन.आर. राव अनु. : मेहेर वान पृ. 240 ₹240.00

भारत रत्न से सम्मानित प्रख्यात रसायनशास्त्री प्रो. सी.एन.आर. राव की आत्मकथात्मक तरह का यह निबंध उनके जीवन-संघर्ष की एक झाँकी प्रस्तुत करता है। इसके पठन से देश में विज्ञान की प्रगति के सोपानों की प्रामाणिक जानकारी भी मिलती है।

ISBN 978-81-237-9111-9

2. अस्ति और भवति

विश्वनाथ प्रसाद तिवारी पृ. 424 ₹385.00

देश की आजादी से लेकर आपातकाल तक और वैश्वीकरण से लेकर सूचना-विस्फोट के दौर तक, लगभग पाँच दशकों तक विश्वनाथ प्रसाद तिवारी सतत अपनी लेखनी से समाज, साहित्य और संस्कृति को दिशा-दशा देते रहे हैं। यह पुस्तक उन्हीं की कलम से उनके इस यात्रा के खट्टे-मीठे अनुभवों का सार है।

ISBN 978-81-237-7216-5

3. एक गौरैया का गिरना

सालिम अली अनु. : विश्वमोहन तिवारी पृ. 232 ₹ 195.00

प्रसिद्ध पक्षिविज्ञानी सालिम अली का आत्मजीवनचरित।

ISBN 978-81-237-4403-2

4. किस पहि खोलऊ गँठरी

कर्त्तार सिंह दुग्गल अनु. : फूलचन्द मानव पृ. 524 ₹ 365.00

पंजाबी के ख्यातनाम लेखक कर्त्तार सिंह दुग्गल का आत्मजीवनचरित, जो जीवनी से अधिक, गुलामी से आजादी में आए भारतीयों की संवेदनशील कथा है।

ISBN 978-81-237-4164-2

5. कहाँ तक कहें युगों की बात

मिथिलेश्वर पृ. 382 ₹185.00

वरिष्ठ कथाकार की आत्मकथा का एक अंश जिससे पाठक जान सकेंगे कि एक लेखक के रचना संसार में किस तरह की स्थितियों से उसे गुजरना पड़ता है।

ISBN 978-81-237-6216-6

6. जब भी देश पुकारेगा...

धीरेंद्र सिंह जफ़ा पृ. 306 ₹375.00

जब भी देश पुकारेगा... विंग कमांडर धीरेन्द्र सिंह जफ़ा के अनुभवों का सच्चा वृत्तांत है। यह किताब युद्ध के दौरान फाइटर पायलट्स के साहसिक जीवन का वर्णन तो करती ही है, साथ ही इसका आत्मविश्लेषी पहलू भी है, जहाँ युद्ध की भयावह हकीकतों पर सैनिक की प्रतिक्रियाएँ नजर आती हैं। पुस्तक में युद्ध के कैदी के अनुभवों को बारीकी से पेश किया गया है।

ISBN 978-93-5743-576-5

7. तरुण भारत

लाला लाजपत राय अनु. : प्रकाश दीक्षित पृ. 188 ₹ 235.00

प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लाला लाजपत राय ने सन् 1916 में अपने अमेरिका प्रवास के दौरान इस पुस्तक को लिखा था, जिसमें वे भारत की वास्तविक स्थिति दुनिया को बताना चाहते थे। अंग्रेज सरकार ने इस पुस्तक को जब्त कर लिया था। 1927 में इस पर से पाबंदी हटी थी।

ISBN 978-81-37-7411-4

8. पुत्वलपल्ली सुंदरैया

अल्लूरी मुरली (संपा. एवं संक्षे.) अनु. : मंजूषा श्रीवास्तव पृ. 368 ₹280.00

'तेलंगाना का विद्रोही' के नाम से मशहूर सुंदरैया को कम्युनिस्ट गाँधी भी कहा जाता है। उनकी आत्मकथा का यह संक्षिप्त रूप है।

ISBN 978 -81-237-6621-8

9. बच्चन की आत्मकथा

हरिवंश राय 'बच्चन' संक्षे. : अजित कुमार पृ. 166 ₹ 145.00

प्रख्यात रचनाकार हरिवंश राय 'बच्चन' की चारों प्रसिद्ध आत्मकथात्मक कृतियों का संक्षिप्त रूपांतरण, जो बच्चन की जीवन-यात्रा और साहित्य-साधना—दोनों का पूर्ण परिचय देता है।

ISBN 978-81-237-2883-4

10. डोगरा शूटिंग और मेरा संघर्ष

राम सिंह पृ. 88 ₹105.00

देश की स्वतंत्रता के लिए हथियार उठाने वाले राम सिंह को एक पुलिस अफसर की हत्या के आरोप में काला पानी की सजा हुई थी। आज़ादी के बाद भी उनका समाज के लिए संघर्ष जारी रहा। 17 सितंबर 2008 को उनका 98 की आयु में निधन हुआ। इस पुस्तक में राम सिंह जी के संघर्ष का विवरण उन्हीं की कलम से प्रस्तुत है।

ISBN 978-81-237-6026-1

11. मेरे जीवन की कुछ यादें

जेड.ए. अहमद पृ. 282 ₹ 230.00

दिग्गज कम्युनिस्ट नेता की यादों का ऐसा सफरनामा, जो अविभाजित भारत के राजनैतिक इतिहास और भूगोल की जीती-जागती तस्वीर पेश करती है।

ISBN 978-81-237-5437-6

12. मोहित सेन

आनंद किशोर सहाय (संक्षिप्तीकरण) अनु. : राजेंद्र तिवारी पृ. 330 ₹280.00

प्रख्यात कम्यूनिस्ट विचारक मोहित सेन द्वारा अपने ही जीवन व काल का आकलन।

ISBN 978-81-237-6805-2

13. मौत के इंतजार में

शिव वर्मा पृ. 88 ₹ 100.00

मशहूर क्रांतिकारी और चिंतक शिव वर्मा द्वारा आजादी की लड़ाई के दौरान जेल में बिताए गए 20 सालों के दौरान उनको कई ऐसे बंदियों से मिलने का मौका मिला जिन्हें मौत की सजा हो चुकी थी। इस पुस्तक में ऐसे ही परिवेश में अपनी फांसी का इंतजार कर रहे लोगों की मनोदशा का चित्रण प्रस्तुत किया गया है।

ISBN 978-81-237-5340-9

14. राजेन्द्र प्रसाद : आत्मकथा

पृ. 758 ₹ 520.00

भारतीय सभ्यता और संस्कृति के आदर्श प्रतीक भारतीय गणतंत्र के प्रथम राष्ट्रपति राजेन्द्र बाबू की, जीवन को उन्नत बनाने की दिशा में प्रेरित करने वाली आत्मगाथा।

ISBN 978-81-237-0884-3

लोक-संस्कृति और साहित्य

1. अवध : संस्कार, लोकाचार और लोकगीत

मनोरमा मिश्रा पृ. 174 ₹ 235.00

प्रस्तुत पुस्तक में लोकगीतों के माध्यम से अवध क्षेत्र के आंचलिक जीवन के उन मधुर क्षणों का दस्तावेजीकरण किया गया है जब मनुष्य अपने संस्कारों को उत्सव रूप में मनाकर आनंदमय वातावरण का निर्माण करता था। इनमें हमारे पुरातन समाज की समूची संस्कारशीलता, मंगलमयता और आनंदमयता समाहित है। ISBN 978-93-5491-315-0

2. असम के बरगीत

बापचंद्र महंत पृ. 356 ₹ 365.00

लेखक ने असम की तत्कालीन सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर श्रीशंकर देव के अभूतपूर्व एकीकरण परिचय दिया है। साथ ही भक्ति परंपरा के महान दार्शनिक व कवि श्रीशंकर देव के कृतित्व और व्यक्तित्व पर व्यापक प्रकाश डाला है। श्रीशंकर देव ने बरगीतों के द्वारा उस समय के हिंदुओं और सीमांत आदिवासी, जाति व उपजातियों की आध्यात्मिक भावनाओं को राधा-कृष्ण के भक्तिपरक गीतों के माध्यम से एक सूत्र में पिरोने का काम किया है। असम में इन बरगीतों के गायकों ने पंद्रहवीं शताब्दी में लगभग चार वर्षों तक ऐसी भक्तिधारा प्रवाहित की कि उसकी तुलना हिंदी के 'अष्टछाप कवियों' से या बंगला के 'बाउलों' से भी की जा सकती है। इन बरगीतों में राधा-कृष्ण की लीलाओं को हिंदी भाषा में व्याख्या सहित वर्णित किया गया है।

ISBN 978-81-237-8721-3

3. अरण्य स्वर

अशोक कुमार मिश्र, गिरिश चन्द्र दास अनु. : सुजाता शिवेन पृ. 172 ₹ 140.00

ओड़िया समाज के लोककंठ में व्याप्त, मगर विलुप्त होती पारंपरिक धरोहर जैसी लोककथाओं का संकलन। ISBN 978-81-237-4113-0

4. आंध्र प्रदेश : लोक-संस्कृति और साहित्य

बी.एम.राजू अनु. : मस्तराम कपूर पृ. 156 **अनुपलब्ध**

आंध्र प्रदेश की लोक-संस्कृति और साहित्य की जानकारी देने वाली एक प्रामाणिक पुस्तक।

5. उत्तराखंड : लोक संस्कृति और साहित्य

देवसिंह पोखरिया संशोधित संस्करण पृ. 400 ₹ 480.00

उत्तराखंड की लोक संस्कृति को जानने-समझने के लिए विद्वान लेखक की रोचक शैली में लिखी

एक महत्वपूर्ण पुस्तक, जिसे आप संजोकर रखना चाहेंगे। पुस्तक पढ़कर उत्तराखंड की लोक संस्कृति को महसूस करिए। ISBN 978-81-237-5581-6

6. उत्तराखंड की लोककथाएँ

हरिसुमन बिष्ट पृ. 98 ₹ 105.00

उत्तराखंड की लोककथाओं को महत्वपूर्ण रचनाकार हरिसुमन बिष्ट ने बड़े मनोयोग से पाठकों के लिए प्रस्तुत किया है। ISBN 978-81-237-6280-7

7. ओड़िसा : लोक-संस्कृति और साहित्य

के.बी.दास, एल.के.महापात्र अनु. : एस.महापात्र पृ. 176 **अनुपलब्ध**

ओड़िया समाज के जीवनयापन का वस्तुपरक दस्तावेज, जो उड़ीसा के बारे में आम जनमानस के कई पूर्वाग्रह तोड़ता है, कई महत्वपूर्ण और जरूरी बातों की सूचना देता है और मोटे तौर पर उड़ीसा के हर पहलू की जानकारी देता है। ISBN 81-237-1510-2

8. ओड़िसा की लोककथाएँ

महेंद्र कुमार मिश्र अनु. : सुजाता शिवेन पृ. 202 ₹ 170.00

ओड़िसा की रोचक लोककथाओं का संग्रह जिसे हर प्रांत के पाठक पढ़ना चाहेंगे।
ISBN 978-81-237-6333-0

9. जब दरियाई हाथी भी झबरा था

निक ग्रीव्स अनु. : भगवान सिंह पृ. 142 ₹ 445.00

प्राकृतिक इतिहास से पिरोई हुई जंतु कथाओं की यह एक मूल्यवान पुस्तक है। रंगीन और श्वेत-श्याम चित्र तो जैसे इसमें सांस ले रहे हैं। ISBN 978-81-237-1801-9

10. जब शेर भी उड़ान भरता था

निक ग्रीव्स अनु. : भगवान सिंह पृ. 140 ₹ 75.00

अफ्रीकी पुराकथाओं की लुभावनी जंतु कथाएँ। अधिकांश के साथ सुंदर व रंगीन, श्वेत-श्याम चित्र। साथ ही इन जंतुओं के क्षेत्र को दर्शाने वाले अफ्रीका के मानचित्र। ISBN 81-237-2007-6

11. केरल : लोक-संस्कृति और साहित्य

कवलम नारायण पनीक्कर अनु. : उषा पृ. 120 **अनुपलब्ध**

तटीय सौंदर्य का प्रदेश केरल की अनंत परंपरा, संस्कृति आदि के सजीव और सुंदर विवरण से भरी एक महत्वपूर्ण कृति। ISBN 81-237-2450-0

12. कहानियाँ कहावतों की

प्रताप अनम पृ. 126 ₹ 120.00

प्रस्तुत पुस्तक में संकलित लोककथाएँ रोचक शैली में तो हैं ही साथ ही हर कथा अपना तर्क भी प्रस्तुत करती हुई पाठकों को बांधे रखती है। ISBN 978-81-237-5454-3

13. काति म्हीने री चानणिए : कुल्लवी लोक गीतों का संग्रह

सरला चम्बयाल पृ. 114 ₹ 170.00

प्रस्तुत पुस्तक में संकलित गीत मुख्यतया रूपी क्षेत्र में बोले जाने वाली कुल्लवी बोली पर आधारित है। संग्रह में संकलित सभी गीतों को सरल हिंदी में व्याख्यायित किया गया है। इस

संग्रह में देवी-देवता, मेले, त्योहार सामाजिक एवं व्यावहारिक जीवन एवं विशिष्ट व्यक्तित्व का चित्रण बड़े सहज एवं सरल ढंग से किया गया है। ISBN 978-93-5491-035-7

14. कुमाउनी लोककला : चौक पुराऊँ व देहरी सजाऊँ

करुणा पांडे पृ. 236 ₹ 350.00

प्रस्तुत पुस्तक में लेखिका ने कुमाऊँ अंचल में होने वाले धार्मिक पर्वों एवं तीज-त्योहार के अवसर पर घर में चौक पूरना व एपण बनाने आदि लोक कलाओं का बड़ा ही जीवंत वर्णन किया है। ये कलाएँ भारतीय जनमानस में किस तरह से रस-बस गईं और इन कलाओं की क्या परंपरा और उपयोगिता रही आदि पर लेखिका ने बहुत ही बारीकी से प्रकाश डाला है।

ISBN 978-91-5491-311-2

15. गुजरात : लोक संस्कृति और साहित्य

हसु याज्ञिक अनु. : जगदीश चंद्रिकेश पृ. 168 ₹ 100.00

गुजरात प्रांत की सभ्यता और संस्कृति, भौगोलिक परिवेश, आहार-व्यवहार, रीति-नीति, आचार-संस्कार एवं लोक परंपराओं का संक्षिप्त परिचय देती एक महत्वपूर्ण पुस्तक।

ISBN 978-81-237-4532-9

16. छत्तीसगढ़ का लोक-पुराण : मनोमय गाँवों का बहुरूप

राहुल कुमार सिंह पृ. 256 ₹ 240.00

प्रस्तुत पुस्तक में लेखक द्वारा छत्तीसगढ़ की भाषा के इतिहास, परंपरा और वहाँ के गाँवों के नामकरण के पीछे का क्या इतिहास रहा है, के बारे में चर्चा की गई है। विषय-वस्तु की दृष्टि से यह पुस्तक छत्तीसगढ़ की भाषा और बोली के विकास और उसमें आए परिवर्तन पर केंद्रित एक लघु अनुसंधान सदृश है। ISBN 978-81-237-7199-1

17. छोटानागपुर के टाना भगत

विजय पाणि पाण्डेय अनु. : धनंजय चोपड़ा पृ. 128 ₹ 205.00

प्रस्तुत पुस्तक में कुल सात अध्याय हैं, जिनमें प्राचीन आदिवासी परंपराओं और संस्कारों पर प्रकाश डाला गया है। छोटानागपुर के उराँव लोगों ने वैष्णव को अपनाया और ईश्वर-भक्ति को प्रारंभ किया, जिसने भगत संस्कृति का रूप ले लिया। प्रस्तुत पुस्तक में टाना भगतों की एक पंथ के रूप में उत्पत्ति से लेकर उनकी सामाजिक संरचना, जीवन-यात्रा के संस्कार, आर्थिक संरचना और उनके लोकगीत आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है।

ISBN 978-93-5491-107-1

18. जापान की लोककथाएँ

सुरेश ऋतुपर्ण पृ. 200 ₹ 165.00

जापान की लोककथाओं को नए सूत्र में पिरोया है जापान में पढ़ा रहे प्राध्यापक साहित्यकार प्रो. सुरेश ऋतुपर्ण ने। निश्चित ही ये कथाएँ रोचक तो हैं ही, साथ ही अपनी आत्मीय शैली में आपको पढ़ने को भी आमंत्रित करेंगी। ISBN 978-81-237-5968-5

19. तमिलनाडु : लोक-संस्कृति और साहित्य

एम.एल.लक्ष्मणन चेट्टियार अनु. : कृष्णगोपाल अग्रवाल पृ. 252 ₹ 210.00

सांस्कृतिक दृष्टि से संपन्न प्रदेश के लोगों के आचार-विचार, धर्म विवरण, रीति-रिवाजों की जानकारी देने वाली सार्थक पुस्तक। ISBN 978-81-237-4058-4

20. तुरंगम

घनश्याम गुप्त पृ. 196 ₹ 185.00

प्रस्तुत पुस्तक में लोक में प्रचलित विभिन्न अश्व कथाओं को संग्रहीत किया गया है। यूँ तो अश्व और मनुष्य के संयुक्त शौर्यगाथा के अनगिनत ऐतिहासिक और लोकविवरण विभिन्न समाजों में प्राप्त हैं। इन्होंने समय-समय पर लोकचेतना में, गाथा में गीतों और लोककथाओं का कलेवर ग्रहण कर लिया है। ISBN 978-81-237-7787-0

21. दुनिया जब नई नई थी

वेरियर एल्विन अनु. : भगवान सिंह पृ. 100 ₹ 105.00

भारत के पर्वतों और वनों में अनेकानेक वंशों के लगभग तीन करोड़ जनजातीय लोग निवास करते हैं। इनकी संस्कृति में बहुत तरह के धर्म, सामाजिक संस्थाएँ, पोशाक और भाषाएँ शामिल हैं। इन्हीं की कुछ लोककथाओं का संकलन। ISBN 978-81-237-1922-1

22. देवेंद्र सत्यार्थी : लोक निबंध

प्रकाश मनु (संच. एवं संपा.) पृ. 420 ₹385.00

सत्यार्थी जी के विविध पक्षों को जानने के लिए एक महत्वपूर्ण पुस्तक जो उनकी तहों को खोलने में किसी संदर्भिका से कम नहीं। ISBN 978-81-237-7165-6

23. नील गगन के प्रांगण से

मायाक्षी चट्टोपाध्याय अनु. : विपिन कुमार पृ. 104 ₹ 40.00

भारत के उत्तर-पूर्व क्षेत्र की उत्तरी सीमा पर फैली लोमहर्षक पहाड़ी परिदृश्य में गूँजती जिन पौराणिक कथाओं, किंवदंतियों, तथा लोककथाओं में जीवन की विचित्रता, रहस्य, अस्तित्व का आनंद एवं उसके लिए संघर्ष, मौलिक भावनाओं की परस्पर प्रक्रिया तथा चिरकालीन सत्यों एवं मूल्यों की शाश्वतता सुनाई पड़ती है, उनका अनूठा संकलन।

ISBN 81-237-3865-X

24. पिरथवी भारी है

रमेश दत्त दुबे पृ. 88 **अनुपलब्ध**

बुंदेलखंड की श्रेष्ठ लोककथाओं का महत्वपूर्ण संग्रह, जो बुंदेलखंड के जनजीवन की लोक परंपरा से परिचय कराता है। ISBN 81-237-1722-9

25. पूर्वोत्तर की आदिवासी कहानियाँ

रमणिका गुप्ता (संक. एवं संपा.) पृ. 168 ₹ 150.00

इस पुस्तक में अरुणाचल प्रदेश, असम, मिजोरम, मेघालय, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, मणिपुर आदि क्षेत्रों के रचनाकारों की रचनाओं को संजोया गया है।

ISBN 978-81-237-5575-5

26. पूर्वोत्तर : आदिवासी सृजन मिथक एवं लोककथाएँ

रमणिका गुप्ता (संक. एवं संपा.) पृ. 226 ₹ 190.00

इस संकलन में महत्वपूर्ण रचनाओं को संजोया गया है। एक संग्रहणीय पुस्तक।

ISBN 978-81-237-5850-3

27. पूर्वोत्तर राज्यों की भावपूर्ण लोककथाएँ

डॉ. सुनीता पृ. 242 ₹ 250 .00

प्रस्तुत पुस्तक में लेखिका ने सात पूर्वोत्तर राज्यों–क्रमशः अरुणाचल प्रदेश, असम, त्रिपुरा, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और मेघालय, जिन्हें सात बहनों के नाम से भी जाना जाता है, की भावपूर्ण लोककथाओं का जीवंत वर्णन किया है। इन बहुरंगी लोककथाओं में पर्याप्त विविधता भी है।

ISBN 978-81-237-8178-5

28. बदलाव के दौर से गुजरती जनजातियाँ

जयसिंह रावत पृ. 494 ₹ 565.00

लेखक द्वारा उत्तराखंड को केंद्र में रखकर वहाँ की जनजातियों, जैसे–भोटियों, जौनसारी, थारू, बुक्सा व राजी आदि के उद्भव, विकास, प्रथाएँ एवं परंपराएँ, मेले, पर्व और त्योहार, भाषा-बोलियाँ, लोक साहित्य आदि पर चर्चा के साथ ही इन जनजातियों के मुख्य धारा में मिलने से वर्तमान में उनके जीवन-स्तर में हुए बदलावों एवं सुधारों आदि पर आँकड़ों के माध्यम से इस पुस्तक में व्यापक जानकारी दी गई है।

ISBN 978-93-5491-800-1

29. बस्तर की भतरी लोककथाएँ

हरिहर वैष्णव (संक. व अनु.) पृ. 158 ₹ 335.00

भतरी बस्तर अंचल की व्यापक उपयोग वाली बोली है। इसका आदि-साहित्य अधिकांश मौखिक ही है। लेखक ने सुश्री सुखदेवी कोर्राम के सहयोग से इन दुर्लभ कहानियों को एकत्र किया व उनका हिंदी अनुवाद भी किया। पुस्तक में मूल भतरी व उसके ठीक सामने हिंदी अनुवाद के साथ 14 कथाओं को प्रस्तुत किया गया है।

ISBN 978-81-37-7640-8

30. बस्तर की लोककथाएँ

लाला जगदलपुरी, हरिहर वैष्णव (संक. एवं संपा.) पृ. 162 ₹ 150.00

बस्तर अंचल में 15-16 लोक भाषाएँ बोली जाती हैं, लेकिन इनमें से कई विलुप्त होने की कगार पर हैं। ऐसी ही नौ लोक बोलियों की कथाओं को इस संकलन में उनके हिंदी अनुवाद के साथ प्रस्तुत किया गया है।

ISBN 978-81-237-6673-7

31. बस्तर का आदिवासी एवं लोक संगीत

हरिहर वैष्णव पृ. 286 ₹ 510.00

बस्तर भले ही आज बाहरी दुनिया के लिए बारूद की गंध से पहचाना जाता हो, लेकिन वहाँ की कई-कई जनजातियों में संगीत, नृत्य की समृद्ध परंपराएँ हैं। यह पुस्तक इस दिशा में लेखक के तीन दशकों के गहन शोध का सार है। बड़े आकार की इस पुस्तक में कई दुर्लभ चित्र व रेखाचित्र भी हैं, जो इनकी प्रामाणिकता को विस्तार देते हैं।

ISBN 978-81-237-6941-5

32. बस्तर की हल्बा जनजाति

शिव कुमार पांडेय पृ. 158 ₹ 205.00

प्रस्तुत पुस्तक में लेखक ने हल्बा जनजाति से संबंधित सभी पक्षों, जैसे हल्बा जनजाति की उत्पत्ति, इतिहास, राजनीति, संस्कृति, भाषा और साहित्य आदि को समेटने का अच्छा प्रयास किया है।

ISBN 978-93-5491-151-4

33. बंगाल : लोक-संस्कृति और साहित्य

आशुतोष भट्टाचार्य अनु. : नरेन्द्र सिन्हा पृ. 146 ₹ 150.00

बंगाल के जनजीवन का संक्षिप्त किंतु सिलसिलेवार दृश्य दिखाती एक श्रेष्ठ पुस्तक, जहाँ बंगाल के रीति-रिवाज, परंपरा, मेले, पर्व, मौखिक साहित्य, लोक साहित्य आदि की संक्षिप्त झाँकी मौजूद है। ISBN 978-81-237-2240-5

34. बंगाल की लोककथाएँ

लाल बिहारी डे अनु. : सुषमा गुप्ता पृ. 224 ₹ 250.00

मूल अंग्रेजी से हिंदी में अनूदित प्रस्तुत कहानी संग्रह में बाईस कहानियाँ हैं। सभी कहानियाँ रोचक हैं और पाठकों को नैतिक शिक्षा देने का कार्य करती हैं।

ISBN 978-81-237-9260-6

35. ब्रज का भाव भूगोल

उमेश चंद्र शर्मा पृ. 186 ₹ 235.00

ब्रज-मंडल काफी विशाल है। पुराणों के अनुसार इस अलौकिक, पवित्र, दिव्य भूमि का विस्तार कहाँ तक माना गया, वहाँ के भक्ति भाव ने किस तरह भारतवर्ष को प्रभावित किया, साथ ही इस पुस्तक में ब्रज के मानव, सामाजिक और भाषायी भूगोल, इस परम पूजनीय धरती से विभिन्न भक्ति संप्रदायों का भावान्वेषण, यहाँ के विग्रह, भाव केंद्र—इन सभी का गहराई से अध्ययन पुस्तक में निबंधों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

ISBN 978-81-237-9891-2

36. बिहार : इंद्रधनुषी लोकरंग

मृदुला सिन्हा पृ. 210 ₹ 340.00

यह पुस्तक बिहार की भोजपुरी, मैथिली, मगही, तिरहुत और अंग संस्कृतियों के लोकजीवन, गीत-संगीत, मान्यताओं, इतिहास, खान-पान आदि के संबंध में जानकारी देती है।

ISBN978-81-237- 8055-9

37. बिहार की लोककथाएँ

रणविजय राव पृ. 150 ₹ 175.00

प्रस्तुत पुस्तक में लेखक ने मुख्य रूप से बिहार प्रदेश में प्रचलित चार लोक भाषाओं—मगही, भोजपुरी, मैथिली और अंगिका में पाई जाने वाली रोचक लोककथाओं को संग्रहीत किया है।

ISBN978-81-237- 8772-5

38. बुंदेलखंड की लोक संस्कृति और साहित्य

अयोध्या प्रसाद गुप्त 'कुमुद' पृ. 190 ₹ 265.00

प्रस्तुत पुस्तक में लेखक ने बुंदेलखंड की लोक संस्कृति, रीतिरिवाज तथा रहन-सहन आदि की जानकारी बहुत ही जीवंत रूप में वर्णित की है। ISBN 978-93-5491-059-3

39. भारत की लोककथाएँ

ए.के. रामानुजन अनु. : कैलाश कबीर पृ. 386 ₹ 295.00

भारत के विभिन्न प्रांतों में और भिन्न-भिन्न भाषाओं-उपभाषाओं में प्रचलित लोककथाओं का अनूठा संकलन। ISBN 978-81-237-3446-0

40. भारत के आदिवासी क्षेत्रों की लोककथाएँ

शरद सिंह पृ. 360 ₹265.00

देश की विभिन्न जनजातियों की रोचक लोककथाओं को प्रस्तुत करती यह पुस्तक उन पाठकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है जिन्हें लोककथाओं से अनुराग है।

ISBN 978- 81-237-5580-9

41. भोजपुरी लोककथा

मिथिलेश्वर (पुनर्रचना) पृ. 138 ₹ 140.00

हिंदी के सुपरिचित कथाकार मिथिलेश्वर द्वारा पुनर्रचित भोजपुरी लोककथाओं का अनोखा संकलन।

ISBN 978-81-237-5372-0

42. महाभारत धरा की लोककथाएँ

श्याम सखा 'श्याम' पृ. 158 ₹ 170.00

इन लोक कथाओं की ऐतिहासिकता ही इन्हें श्रेष्ठ मापदंड पर खड़ा रखती है। आम प्रचलित सरोकारों से संपन्न लोककथाएँ जिनका समाज में आज भी आदर है।

ISBN 978-81-237-7362-9

43. महाराष्ट्र की प्रदर्शन लोककलाएँ

श्रीकृष्ण काकडे पृ. 158 ₹ 300.00

महाराष्ट्र प्रांत में भ्रमण करने वाली विभिन्न जनजातियों द्वारा तीज-त्योहार एवं विभिन्न अवसरों पर लोक में प्रचलित कथाओं, गीतों व लोक नाटिकाओं आदि प्रदर्शन कलाओं के बारे में इस पुस्तक में वर्णन किया गया है।

ISBN 978-81-237-7199-8

44. मुंडा और उराँव के प्रथागत कानून

जय प्रकाश गुप्ता अनु. : रत्नेश कुमार मिश्र पृ. 241 ₹ 465.00

राँची जिले के आदिवासी लोग, मुख्यतः मुंडा और उराँव, अपने प्रथागत कानूनों को मानने के बावजूद विभिन्न प्रकार की मुकदमेबाजियों में उलझे हुए हैं। वकील, न्यायपालिका और सरकारी कर्मचारी न आदिवासी प्रथागत कानूनों से अच्छी तरह परिचित हैं, न ही उन्हें इन कानूनों के अनुसार व्यवहार करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। इन्हीं कानूनों को लेखक ने पुस्तक में प्रमुखता से वर्णित किया है।

ISBN 978-93-549-1944-2

45. राजस्थान : लोक संस्कृति और साहित्य

डी.आर. आहूजा अनु. : वागीश कुमार झा, राजेश कुमार झा पृ. 164 ₹ 160.00

राजस्थान की लोक संस्कृति, वहाँ के धर्म, अंधविश्वास, पर्व, त्योहार, आचार-विचार कर संक्षिप्त जानकारी देती हुई पुस्तक।

ISBN 978-81-237-3883-3

46. लोक संस्कृति के विविध आयाम

महीपाल सिंह राठौड़ पृ. 132 ₹ 190.00

प्रस्तुत पुस्तक में लेखक ने संस्कृति के विविध आयामों, जैसे लोरी साहित्य, स्वाधीनता संग्राम के लोकगीत, श्रम लोकगीत, भोजपुरी व राजस्थानी लोकगीत आंदि को वर्णित किया है।

ISBN 978-93-5491-112-5

47. संताली लोककथाएँ

डोमन साहू समीर (संपा.) पृ. 162 ₹ 140.00

संताली जनजीवन की लोक रुचि के रक्षणार्थ, सामान्य भाषा में प्रस्तुत जनजातीय जनपद के लोककंठ में व्याप्त अनूठी लोककथाओं का मनोहारी संकलन।

ISBN 978-81-237-3546-7

48. सहरिया आदिवासी : जीवन और संस्कृति

प्रमोद भार्गव पृ. 144 ₹ 240.00

प्रस्तुत पुस्तक में लेखक ने सहरिया आदिवासी की उत्पत्ति, विकास और जीवन संस्कृति पर व्यापक प्रकाश डाला है। ये आदिवासी मध्यप्रदेश के उत्तरी-पश्चिमी अंचल में चंबल, आसन, पार्वती, कूनो, सिंध और महुअर नदियों के कूल-किनारों व बीहड़ जंगलों, पठारों और टीलों पर बसे हुए हैं। सहरिया आदिवासियों के बारे में रोचक जानकारी प्रस्तुत करती एक बेजोड़ पुस्तक।

ISBN 978-81-237-9570-6

49. सावन सूखे, ज्येष्ठ हरे

निशा सत्यजीत पृ. 112 ₹ 185.00

प्रस्तुत पुस्तक में हरियाणा लोक साहित्य में प्रचलित पहेलियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई है।

ISBN 978-81-237-8057-3

50. सिंध की लोककथाएँ

रश्मि रमानी (संक. व अनु.) पृ. 100 ₹ 95.00

दुनिया की सबसे पुरानी संस्कृतियों में से एक सिंधु घाटी की सभ्यता, साहित्य के सतत विकास की भी साक्षी है। पाकिस्तान के सैकड़ों शहरों तथा गाँवों में सिंध का लोक साहित्य बलोची, सरायकी, ओड़की जैसी बोलियों के साथ पल-बढ़ रहा है। सिंध की पारंपरिक लोककथाएँ सिंध के लोकजीवन, मान्यताओं, रहन-सहन, परंपराओं की स्मृतियों को जीवंत नाम देती हैं।

ISBN 978-81-237-5690-5

51. हरियाणा : भाषा, साहित्य एवं संस्कृति

पूर्णचंद शर्मा पृ. 398 ₹ 480.00

हरियाणा की भाषा, साहित्य एवं संस्कृति, यथा–हरियाणवी भाषा के उद्भव, विकास, विभिन्न प्रथाएँ एवं परंपराएँ, मेले, पर्व और त्योहार, लोकगीत, लोकनृत्य, संगीत में राग-रागिनी, लोककथाएँ तथा लोक साहित्य आदि के संबंध में इस पुस्तक में व्यापक प्रकाश डाला गया है।

ISBN 978-93-5491-870-4

52. हिमाचल प्रदेश की लोककथाएँ

सुदर्शन वशिष्ठ पृ. 206 ₹ 195.00

लोककथा का अपना महत्व होता है जो अनजाने ही हमें एक अव्यक्त सुख देती है और जिसका एहसास बहुत ही प्रीतिकर होता है। हिमाचल को लोककथा के माध्यम से परिचित कराने में मददगार यह पुस्तक।

ISBN 978-81-237-7177-9

53. हिमाचल की लोककलाएँ और आस्थाएँ

मौलूराम ठाकुर पृ. 220 ₹ 190.00

प्रस्तुत पुस्तक हिमाचल की लोककला और आस्थाओं से जहाँ परिचय कराती है वहीं हमें हमारी परंपराओं से जुड़े रहने का बोध भी कराती है। इस कड़ी की एक महत्वपूर्ण पुस्तक।

ISBN 978-81-237-5369-0

54. हिमाचल के लोकगीत

गौतम शर्मा 'व्यथित' (संपादन और लेखन) पृ. 388 ₹ 280.00

हिमाचल के जनजातीय व समतलीय जनजीवन के विसंगतियों में अंकुरित-पल्लवित प्रेम की सरस-सरल, मीठी-कड़वी, अनुभूतियों-विरोधों-अवरोधों को आंचलिक भाषा-रूपों में व्याख्या देते लोकप्रिय पारंपरिक प्रणय लोकगीतों का सुंदर दस्तावेज।

ISBN 978-81-237-6960-8

55. हिमाचल प्रदेश : लोक-संस्कृति और साहित्य

गौतम शर्मा 'व्यथित' पृ. 222 ₹ 185.00

प्रस्तुत पुस्तक में हिमाचल प्रदेश के लोक जीवन में व्याप्त तरलता, सरलता, मिठास, जीवंतता, लोककथाएँ, लोक नृत्यों, पर्व-त्योहार आदि पक्षों का सरल व सहज भाषा में वर्णन किया गया है।

ISBN 978-81-237-0315-2

सृजनात्मक शिक्षा

1. एक अध्यापक का सफरनामा

रामजी दूबे पृ. 112 ₹ 140.00

गाँव की संस्कृति में पले-बढ़े एक ऐसे प्राध्यापक का विद्यार्थी जीवन से प्राध्यापकीय जीवन की यात्राओं का सफरनामा, जिसमें लेखक सदैव विद्यार्थी की भांति सीखने और सिखाने की गुरु-शिष्य परंपरा से जुड़ा रहा जो वर्तमान में भी यथावत जारी है। गाँव से शहर में आने के अनुभवों की यह बेजोड़ पुस्तक है। ISBN 978-81-237-6363-7

2. एक था कार्वर

वीणा गवाणकर अनु. : संध्या भाटलेकर पृ. 150 ₹ 170.00

मूल मराठी से अनूदित इस पुस्तक में अमेरिका के नीग्रो कृषि वैज्ञानिक जॉर्ज वाशिंगटन कार्वर के जीवन संघर्ष को बड़े ही मार्मिक एवं जीवंत रूप में वर्णित किया गया है। पुस्तक पाठकों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। ISBN 978-81-237-7811-2

3. इंटरनेट युग : बच्चे, अभिभावक और शिक्षकों की चुनौतियाँ

संजीव राय पृ. 110 ₹ 160.00

इंटरनेट के आगमन से दुनिया में तकनीक एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ही केवल आमूल-चूल परिवर्तन नहीं हुआ, बल्कि शिक्षा एवं शिक्षण की अवधारणा ही सिरे से बदल गई। इसी परिप्रेक्ष्य में डिजिटल, वर्चुअल या आभासी शिक्षण के व्यापक रूप से प्रचलन में आ जाने से शिक्षकों के साथ ही बच्चों और अभिभावकों के समक्ष भी जो चुनौतियाँ आन खड़ी हुई हैं उन्हीं के संबंध में प्रस्तुत पुस्तक में विचार किया गया है। ISBN 978-93-5743-263-4

4. कुछ यूँ रचती है हमें किताब

डॉ. आर.डी. सैनी पृ. 84 ₹ 155.00

कैसे स्कूली वातावरण से डरा और भागा एक छात्र पुनः कक्षा में लौट आता है और न केवल कक्षा का अव्वल छात्र बनता है, बल्कि स्कूली समय में ही एक कथाकार, एक लेखक भी बन जाता है, इसे बहुत ही रोचक और सुरुचिपूर्ण तरीके से इस किताब में बताया गया है।

ISBN 978-93-6719-365-5

5. कठपुतली मार्गदर्शिका

मीना नाईक अनु. : राजेंद्र पांडे पृ. 52 ₹ 45.00

कठपुतली के इतिहास को बताते हुए इसके प्रकार, बनाने की विधि समेत इस चित्रमय पुस्तक

में मंचित किए जाने योग्य कुछ कठपुतली नाटिकाएँ भी दी गई हैं। ISBN 81-237-4123-5

6. कम लागत, बिना लागत शिक्षण सहायक सामग्री

मेरी ऐन दासगुप्ता अनु. : अरविन्द गुप्ता पृ. 82 ₹ 195.00

बेकार पड़ी चीजों से अध्यापक अगर चाहें तो बच्चों के लिए काफी उपयोगी शिक्षण सहायक सामग्री बना सकते हैं। अध्यापकों के लिए एक उपयोगी पुस्तक। ISBN 978-81-237-2773-8

7. क्योंजीमल और कैसेकैसलिया

सुबीर शुक्ला पृ. 32 ₹ 90.00

क्यों? क्यों? कैसे? कैसे? हमारे आसपास हो रही आम घटनाओं के 'क्यों' और 'कैसे' से जुड़े सवालों के जवाब—कई मनोरंजक गतिविधियों के साथ। ISBN 978-81-237-3189-6

8. कहानी कहने की कला

पंकज चतुर्वेदी (संपा.) पृ. 52 ₹ 75.00

बच्चों को कहानी सुनाना केवल एक मनोरंजन नहीं है, इससे बच्चे सीखते हैं, उनके कल्पना लोक का विस्तार होता है, उनमें आत्मनिर्भरता का भाव आता है। यह पुस्तक तकनीकी, प्रभाव आदि विभिन्न परिप्रेक्ष्य में कहानी सुनाने की प्रक्रिया की व्याख्या करती है। इसमें डॉ. हरिकृष्ण देवसरे, प्रो. कृष्ण कुमार, प्रो. रामजन्म शर्मा, रामेश्वर कांबोज आदि विचारकों के प्रयोगों व अनुभवों को प्रस्तुत किया गया है। ISBN 978-81-237-7048-2

9. कोरोना काल में शिक्षा : बदलाव और नए प्रयोग

संजीव राय पृ. 100 ₹ 160.00

इस पुस्तक में कुल नौ अध्याय हैं। प्रत्येक अध्याय में महामारी को केंद्र में रखकर शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण अनुशासन पर प्रकाश डाला गया है। शिक्षा में तकनीक की अपनी भूमिका है, लेकिन बच्चों के इंटरनेट-टीवी-मोबाइल के उपयोग को लेकर अभिभावकों-शिक्षकों की रणनीति क्या होनी चाहिए, लेखक ने इस विषय पर भी महत्वपूर्ण जानकारी दी है। पुस्तक में भारतीय स्कूलों के संदर्भ में 'ऑनलाइन शिक्षा' और 'होम स्कूलिंग' को नए ट्रेंड के रूप में बताया गया है।

ISBN 978-93-549-1111-8

10. खुलते अक्षर खिलते अंक

विष्णु चिंचालकर पृ. 28 ₹ 75.00

वातावरण में पाई जाने वाली सजीव व निर्जीव वस्तुओं में किसी विशिष्ट आकार की कल्पना को प्रस्तुत करती बेहद रोचक पुस्तक। ISBN 978-81-237-2144-6

11. खेल-खेल में बच्चों का विकास

मीना स्वामिनाथन, प्रेमा डैनियल अनु. : सुधीर नाथ झा पृ. 214 ₹ 290.00

इस पुस्तक में विभिन्न खेल गतिविधियों द्वारा बच्चों के संपूर्ण विकास के महत्व को दर्शाया गया है। लेखिका ने विभिन्न चित्रों के माध्यम से अध्यापिका द्वारा खेल गतिविधियाँ प्रस्तुत की हैं। इस तरह यह पुस्तक अध्यापकों के लिए एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शिका का कार्य करती है।

ISBN 978-81-237-5397-3

12. जड़ों की ओर : गांधी जी की बुनियादी शिक्षा का अध्ययन

हेनरी फैग अनु. : कुमार पंकज पृ. 116 ₹ 140.00

गांधी और शिक्षा पर अब तक जो कुछ लिखा गया है इस अध्ययन का शीर्षक उसमें से अधिकांश

के साथ इसके लेखक के असंतोष का संकेत देता है। लेखक ने शिक्षा पर गांधी की मान्यताओं के विकास के उस सर्वाधिक निर्णायक काल का एक विस्तृत संदर्भपरक अध्ययन प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। ISBN 978-81-237-9827-1

13. डॉ. श्यामाप्रसाद मुकर्जी : एक शिक्षाविद्

डॉ. नंदकिशोर गर्ग, डॉ. नम्रता शर्मा पृ. 244 ₹ 270.00

प्रखर राष्ट्रवादी डॉ श्यामाप्रसाद मुकर्जी कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति रहे हैं और अपने कार्यकाल में उन्होंने दीक्षांत समारोह में रवींद्रनाथ टैगोर को आमंत्रित कर बांग्ला में भाषण की शुरुआत करवाई थी। यह पुस्तक डॉ. मुकर्जी के शिक्षा के क्षेत्र में योगदान का प्रामाणिक दस्तावेज है। ISBN 978-81-237- 8054-2

14. डोरी के खेल

अरविन्द गुप्ता पृ. 50 ₹ 110.00

तीस रोचक नमूनों के साथ प्रस्तुत पुस्तक बच्चों में डोरी के खेल के माध्यम से कल्पनाशीलता तथा उनमें स्मरण शक्ति बढ़ाने का कार्य कर सकने में सक्षम है। हर नमूने के साथ निर्देश तो हैं ही, चित्र भी हैं जिससे पुस्तक की उपयोगिता और बढ़ गई है। ISBN 978-81-237-4287-8A

15. तोत्तो-चान

तेत्सुको कुरोयानागी अनु. : पूर्वा याज्ञिक कुशवाहा पृ. 140 ₹ 140.00

'बेस्ट सेलर' मूल जापानी पुस्तक 'तोत्तो-चान : खिड़की में खड़ी नन्ही लड़की' का हिंदी अनुवाद है यह पुस्तक। एक सात वर्षीया नन्ही-सी लड़की तोत्तो-चान की अत्यंत मनोरंजक एवं सच्ची कहानी, जिसे पहली ही कक्षा में 'असंभव लड़की' की संज्ञा देकर स्कूल से निकाल दिया जाता है।

ISBN 978-81-237-1760-9

16. दिवास्वप्न

गिजुभाई बधेका अनु. : काशिनाथ त्रिवेदी पृ. 86 ₹ 120.00

समर्पित शिक्षक, गिजुभाई बधेका का बाल-शिक्षण पर एक नया दृष्टिकोण।

ISBN 978-81-237-0831-7

17. नन्हे खिलौने

अरविन्द गुप्ता पृ. 60 ₹ 75.00

बेकार समझ कर इस्तेमाल करके फेंकी गई चीजें भी बड़ी उपयोगी व काम की हो सकती हैं। विभिन्न प्रकार के खाली डिब्बे तथा इसी तरह की अन्य चीजों से बच्चे खिलौने बना सकते हैं। मनोरंजन के साथ-साथ पर्यावरण की सुरक्षा भी। एक उपयोगी पुस्तक।

ISBN 978-81-237-2249-8

18. पहला अध्यापक

चिंगिज़ ऐटमाटोव अनु. : भीष्म साहनी पृ. 70 ₹ 80.00

रूस का एक गाँव पूरी तरह से निरक्षर था। वहाँ दूईशेन नाम के एक उत्साही व्यक्ति ने गाँव वालों को शिक्षा के प्रति न सिर्फ प्रेरित किया, वरन् गाँव के बच्चों को शिक्षित करने में भी वह सफल हुआ। इसी भावभूमि पर लिखी मूल रूसी कहानी का यह हिंदी अनुवाद है।

ISBN 978-81-237-2877-3

19. पर्यावरण प्रहरी

मीना रघुनाथन, ममता पांड्या (संपा.) अनु. : प्रियदर्शन पृ. 98 ₹ 170.00

यह पुस्तक पर्यावरणीय शिक्षा की जरूरतों को रेखांकित करती हुई कक्षा और कक्षेतर अनुभव की महत्ता बताती है; साथ ही बेहतर भविष्य के लिए युवाओं के सशक्तीकरण पर भी बल देती है।

ISBN 978-81-237-5224-2

20. प्राथमिक विद्यालय के लिए यूनेस्को की विज्ञान स्रोत पुस्तक

वेन हारलेन, जोस एल्स्टगीस्ट अनु. : अरविंद गुप्ता पृ. 256 ₹ 345.00

शिक्षकों की सेवा-पूर्व और सेवारत प्रशिक्षण कार्यशालाओं में उपयोग करने के लिए परिकल्पित यह पुस्तक बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि जगाने के लिए अनेकशः उपायों को बताती है।

ISBN 978-81-237-5386-7

21. बाल पोथी

महात्मा गाँधी अनु. : काशिनाथ त्रिवेदी पृ. 30 ₹ 45.00

सन् 1924 में महात्मा गाँधी ने स्कूली शिक्षा शुरू करने के लिए बच्चों की पहली किताब 'बाल पोथी' की रचना की थी। उनका मानना था कि बच्चे को अक्षर ज्ञान देने के लिए कोई किताब की जरूरत नहीं है, केवल शिक्षक ही उन्हें अक्षर ज्ञान करवाए। बच्चा जब अक्षरों को पहचानने के काबिल हो जाए तो उसकी पहली पुस्तक 'बाल पोथी' हो।

ISBN 978-81-237-5467-3

22. बच्चे की भाषा और अध्यापक

कृष्ण कुमार पृ. 68 ₹ 90.00

चर्चित शिक्षाविद् कृष्ण कुमार ने नर्सरी और प्राथमिक स्कूलों के बच्चों को लिए रुचिकर बनाने के लिए, किए जा सकने वाले प्रयोगों का विवरण सरल भाषा में दिया है। इस पुस्तक के मूल संस्करण का प्रकाशन यूनिसेफ द्वारा किया गया था। ISBN 978-81-237-1817-0

23. बच्चों के लिए एक सही शुरुआत

रॉबर्ट जी. मेयर्स अनु. : सुशील जोशी पृ. 92 ₹ 100.00

पुस्तक में विकासशील देशों में शिशुओं के विकास कार्यक्रमों का समग्र परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत किया गया है। ISBN 978-81-237-1119-5

24. बच्चों को प्यार दें

डॉ. मंजू देवी पृ. 132 ₹ 145.00

बच्चे मानवीय दुनिया की अनमोल कृति हैं। बालपन से ही उनके व्यक्तित्व को सँवारना जरूरी होता है। यह पुस्तक बच्चों के शैशव से ही उनके मानसिक और मनोवैज्ञानिक निरीक्षण और देखभाल के साथ ही स्कूल जाते बच्चों की मनोवैज्ञानिक समस्याओं, समाज के साथ तादात्म्य बिठाने की प्रक्रिया आदि विविध पक्षों पर विमर्श की पीठिका तैयार करती है।

ISBN 978-81-237-9114-2

25. मेरी दस उंगलियाँ

अरविन्द गुप्ता पृ. 120 ₹ 195.00

कबाड़-कचरा समझकर फेंके गए डिब्बे, ढक्कन आदि से बहुत-सी चीजें बनाई जा सकती हैं। बच्चे अक्सर अपने हाथ से कुछ बनाना चाहते हैं। बच्चे करके जो सीखते हैं वह जीवन भर

उन्हें याद रहता है। दस उंगलियों से क्या कुछ नहीं बनाया जा सकता? एक उपयोगी पुस्तक।

ISBN 978-81-237-3203-9

26. रंग बिरंगा–रंगमंच

फैसल अल्काज़ी पृ. 40 ₹ 60.00

नाटक मंचित करने के लिए कहानी के चयन से लेकर मंच-सज्जा तक की जानकारी देने वाली पुस्तक।

ISBN 978-81-237-3174-2

27. वनशाला

प्रिया नागराजन पृ. 40 ₹ 185.00

कहानी, खेल, माथा-पच्ची, पहेलियों से भरपूर ऐसी पुस्तक जो बच्चों का भरपूर मनोरंजन करेगी।

ISBN 978-81-237-3285-5

28. वन विद्यालय की कहानी

चितरंजन दास अनु. : विचार दास पृ. 138 ₹ 130.00

यह पुस्तक पाँचवें दशक में उड़िसा के जंगलों में शुरू किए गए एक ऐसे विद्यालय की कहानी है, जिसमें बच्चे प्राकृतिक वातावरण में रहकर शिक्षा अर्जित करते हैं। शिक्षा ग्रहण करने के दौरान शिक्षकों एवं छात्रों को किन-किन मुसीबतों का सामना करना पड़ा। उस सबका रोचक अनुभव इस पुस्तक में जीवंत रूप में भरा पड़ा है। यह पुस्तक शिक्षा जगत में एक अनूठा प्रयोग है। शिक्षक और छात्रों के संबंधों को अत्यंत आत्मीयता से प्रस्तुत किया गया है।

ISBN 978-81-237-5413-0

29. वृत्तों की दुनिया

रावेन्द्र कुमार 'रवि' पृ. 52 ₹ 100.00

गणित के कठिन सवालों को वृत्तों के द्वारा अत्यंत रोचक ढंग से समझाने में यह पुस्तक बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी है। आकर्षक चित्रांकन है।

ISBN 978-81-237-5327-0

30. विद्यालय में समाज

ऋषभ कुमार मिश्र पृ. 211 ₹ 285.00 (2023)

प्रस्तुत पुस्तक में विद्यालय और समाज के संबंध को ज्ञान, पाठ्यचर्या और शिक्षणशास्त्र के विविध आयामों में व्याख्यायित किया गया है। इसके लिए गुणात्मक शोध विधियों द्वारा विद्यालय और विद्यालयेतर परिवेश में सीखने की प्रक्रियाओं की विवेचना की गई है।

ISBN 978-93-5743-772-1

31. विद्यालयीन शिक्षा और कानून

प्रकाश देव पृ. 506 ₹ 575.00

प्रस्तुत पुस्तक में विद्यालयीन शिक्षा से संबंधित समस्त अधिनियमों और कानूनों को मूल स्वरूप में विस्तार से बताया गया है जो शिक्षक, शिक्षा अधिकारी, नीति निर्धारक और पालकों को शिक्षा से संबंधित प्रावधानों की जानकारी देते हैं।

ISBN 978-93-5491-465-2

32. विज्ञान सीखना

विज्ञान की सभी प्रमुख विधाओं यथा जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान आदि की प्रारंभिक जानकारी उपलब्ध कराने वाली एक उपयोगी पुस्तक।

सी.एन.आर. राव अनु./सह. : जतिन्दर कौर

ISBN 978-81-237-5623-3	भाग-1	पृ. 94	₹ 345.00
ISBN 978-81-237-5639-4	भाग-2	पृ. 176	₹ 595.00
ISBN 978-81-237-5633-2	भाग-3	पृ. 190	₹ 645.00
ISBN 978-81-237-5802-2	भाग-4	पृ. 132	₹ 465.00

33. शिक्षा में सृजनात्मक नाटक एवं कठपुतली नर्तन

मेहर आर. कांट्रेक्टर अनु. : हरबंस लाल लूथरा पृ. 104 ₹ 120.00

प्रस्तुत पुस्तक के अंतर्गत शिक्षा में सृजनात्मक नाटक एवं कठपुतली नर्तन की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला गया है। ISBN 978-81-237-2894-0

34. शिक्षा का वाहन : कला

देवी प्रसाद पृ. 138 ₹ 200.00

यह पुस्तक शिक्षा के आधारभूत ढांचे के रूप में कला की आवश्यकता को दर्शाती है। कला बालक के संपूर्ण विकास के लिए आवश्यक है। अतः कला की बुनियाद बच्चों में बचपन से ही डालनी चाहिए। इसमें शिक्षक एवं अभिभावक की बड़ी भूमिका है। इसी भावभूमि पर उपयोगी पुस्तक। ISBN 978-81-237-2899-5

35. समझ के लिए तैयारी

कीथ वारेन् अनु. : अरविन्द गुप्ता पृ. 26 ₹ 65.00

अपने अनुभवों से आसपास की दुनिया के क्रम और नियम खोजने में मदद करने वाली इस पुस्तक का प्रकाशन पहली बार यूनिसेफ द्वारा किया गया था। ISBN 81-237-1813-6

36. साकार

डॉ. कमल डफाल पृ. 48 ₹ 90.00

खिलौना गुड़िया से खेलना बचपन की सबसे मधुर यादों में से एक होता है। यह पुस्तक अपनी पसंद की गुड़िया तैयार करने की प्रायोगिक जानकारी देती है। यही नहीं, यदि कोई इसे जीवकोपार्जन का माध्यम बनाना चाहता है तो भी यह पुस्तक मार्गदर्शक साबित होगी।

ISBN 978-81-237-5349-2

37. सृजनात्मक गणित

विजय प्रकाश पृ. 160 ₹ 305

बच्चों के लिए सरल मगर महत्वपूर्ण विषय पर यह उपयोगी पुस्तक है। बहुत-सी जिज्ञासाओं का समाधान करने में यह पुस्तक सक्षम है। ISBN 978-81-237-5837-4

148. विश्व को बदल देने वाले आविष्कार (भाग-1)

मीर नजाबत अली अनु. : हरसरन सिंह विश्नोई पृ. 64 ₹ 50.00

विज्ञान के नए-नए आविष्कारों की जानकारी देने वाली रोचक एवं ज्ञानवर्धक पुस्तक।

ISBN 978-81-237-2323-5

149. विश्व को बदल देने वाले आविष्कार (भाग-2)

मीर नजाबत अली अनु. : हरसरन सिंह विश्नोई पृ. 64 ₹ 50.00

विज्ञान के नए-नए आविष्कारों की जानकारी देने वाली रोचक एवं ज्ञानवर्धक पुस्तक।

ISBN 978-81-237-0363-3

150. विश्व प्रसिद्ध हीरे और जवाहरात

के. वी. सिंह पृ. 52 ₹ 115.00

विश्व प्रसिद्ध हीरे व अन्य रत्नों की सचित्र जानकारी प्रस्तुत करती एक संग्रहणीय पुस्तक।

ISBN 978-81-237-5832-9

151. विज्ञान और आप

डॉ. पी.जे. लवकरे अनु. : हेमंत जोशी पृ. 128 ₹ 135.00

आश्चर्यचकित करने वाला विज्ञान, गौरव प्रदान करने वाला विज्ञान, जिज्ञासा और कौतुहल जगाने वाला विज्ञान! कभी-कभी पुरानी मान्यताओं और रूढ़ियों को चुनौती देता व झुठलाता विज्ञान। यह पुस्तक विज्ञान के बारे में ऐसी ही कई बातों को मनोरंजक रूप से प्रस्तुत करती है। इसमें एक अध्याय 'विज्ञान और मैं' को जयंत नार्लीकर ने लिखा है। ISBN 978-81-237-6191-6

152. वीरों की कहानियाँ

राजेंद्र अवस्थी पृ. 64 ₹ 50.00

ऐसे वीर बालकों की कथाएँ जो हमारे धार्मिक ग्रंथों से संबंधित हैं। एक संग्रहणीय पुस्तक।

ISBN 978-81-237-0367-1

153. वे कैसे विकसित होते हैं?

करेन हेडॉक अनु. : प्रतिभा सिंह पृ. 52 ₹ 90.00

पाँच-दस हजार साल पहले पूरी दुनिया में कहीं भी पत्तागोभी, फूलगोभी या मूली नहीं होती थी। ये सब्जियाँ कहाँ से आईं और ये पौधे कैसे विकसित होते हैं? यह किताब आपको पौधों के विकास के बारे में सभी सवालों का जवाब नहीं देगी, लेकिन इससे आपको घटनाओं पर आश्चर्य करने और प्रश्न पूछने में मदद मिलेगी। ISBN 978-93-574-3112-5

154. वो तीस दिन

मोनिका गुप्ता पृ. 108 ₹ 230.00

स्कूल में 'दी' की तीस दिनों की विशेष कक्षा में क्या हुआ कि तमाम छात्र-छात्राओं के सोचने का तरीका ही बदल गया, इन सबके आचार-व्यवहार ही बदल गए। इस कहानी में मणि नाम की किशोरी मुख्य पात्र है, जिसको आधार बनाकर लेखिका ने कहानी का जो ताना-बाना बुना है उससे पाठक की सोच को एक सकारात्मक दिशा मिलती है। ISBN 978-81-237-7087-1

155. वृक्षों का संसार

रस्किन बॉन्ड अनु. : शीला शर्मा पृ. 52 ₹ 115.00

आमतौर पर भारत में पाए जाने वाले वृक्षों, उन पर बसेरा करने वाले पक्षियों तथा उनसे संबंधित अन्य जानकारी। सुंदर चित्रांकन। ISBN 978-81-237-8704-6

156. शंकराचार्य के बालगीत

संकलन-भावानुवाद : शशिपाल शर्मा 'बालमित्र' पृ. 44 ₹ 80.00

पुस्तक में शंकराचार्य रचित संस्कृत के बालगीतों का हिंदी में अनुवाद है। ये बालगीत बालक-बालिकाओं को अपनी संस्कृति से जोड़ने में सक्षम हैं। इसमें गणेश के रूप का वर्णन करता 'मुदा करात्तमोदकम' से लेकर शिव, कृष्ण, गंगा, यमुना आदि पर लिखे गए अनेक श्लोक-गीत हैं। संकलन में 'भज गोविंदम्' विश्व प्रसिद्ध बालगीत भी हैं।

ISBN 978-93-549-1947-3

157. स्वर्ग की सैर

लीलावती भागवत पृ. 64 ₹ 55.00

भारत के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचलित सुरुचिपूर्ण लोककथाओं का संग्रह।

ISBN 978-81-237-1076-1

158. स्वराज्य की कहानी (भाग-1)

विष्णु प्रभाकर पृ. 64 ₹ 50.00

स्वाधीनता संग्राम के दौरान वर्ष 1857 से लेकर 1910 तक अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त होने के लिए किए गए आंदोलनों एवं संघर्षों की रोमांचक कहानी। चित्रों सहित।

ISBN 978-81-237-2063-7

159. स्वराज्य की कहानी (भाग-2)

सुमंगल प्रकाश पृ. 64 ₹ 50.00

सन् 1919 में जलियाँवाला बाग की दिल दहला देने वाली घटना से लेकर 15 अगस्त 1947 तक भारत को आजाद कराने के आंदोलनों और अमर शहीदों की प्रेरक कहानी।

ISBN 978-81-237-2069-2

160. स्वामी और उसके दोस्त

आर.के.नारायण अनु. : मस्तराम कपूर पृ. 168 ₹ 105.00

पुस्तक में दक्षिण भारत के काल्पनिक शहर मालगुड़ी के दस वर्षीय स्वामीनाथन के जीवन की रोचक कड़ियाँ बिलकुल सहज भाषा में प्रस्तुत हैं। ISBN 978-81-237-1288-8

161. स्वाधीनता संग्राम

रेखा जैन पृ. 40 ₹ 65.00

इस बाल-नाटक में अंग्रेजी राज से अपने भारत देश को आजाद कराने के संघर्ष का संक्षिप्त इतिहास बताने का प्रयास किया गया है। ISBN 978-81-237-5222-8

162. सफल छात्र बनने का रास्ता : आठ तकनीकें और रहस्य

सांत्वना दुबे तिवारी पृ. 108 ₹ 190.00

प्रस्तुत पुस्तक विद्यार्थियों को ध्यान में रखकर लिखी गई है। पुस्तक में बताया गया है कि जो विद्यार्थी अध्ययन के दौरान आने वाली चुनौतियों से जूझते हैं और साथ ही उनके माता-पिता भी अकसर अपने बच्चों की शिक्षा को लेकर चिंतित रहते हैं, उनके लिए यह पुस्तक अत्यंत उपयोगी है। ISBN 978-93-6719-713-4

163. संदूक में दुल्हन तथा अन्य कहानियाँ

मनोज दास अनु. : मनोरमा दीवान पृ. 96 ₹ 75.00

शिक्षाप्रद और उपदेशपरक होने के साथ-साथ बेहद रुचिकर एवं आनंददायी दस कहानियों का संकलन। साथ ही चित्र इसे और भी पठनीय बनाते हैं। ISBN 978-81-237-5499-4

164. संत गुरु रविदास

धर्मपाल सिंहल पृ. 44 ₹50.00

संत गुरु रविदास को समझने के लिए विद्वान लेखक की सरल भाषा में लिखी एक महत्वपूर्ण पुस्तक। ISBN 978-81-237-6254-8

165. समाचारपत्रों की कहानी

चंचल सरकार अनु. : नरेंद्र सिन्हा पृ. 64 ₹ 55.00

समाचारपत्रों के इतिहास की संक्षिप्त जानकारी एवं इसके विकास में अहम् भूमिका निभाने वाले व्यक्तियों की सूचना। एक ज्ञानवर्धक पुस्तक। ISBN 978-81-237-2187-3A

166. सरस कहानियाँ

मनोज दास अनु. : बालकराम नागर पृ. 64 ₹ 25.00 (2000)

सरस तथा रोचक भाषा में प्रचलित परंपरागत कहानियों का संग्रह।

ISBN 81-237-0931-5

167. सहेली

सुरेखा पाणंदीकर पृ. 56 ₹ 125.00

राजस्थान की पृष्ठभूमि पर आधारित एक लड़की और उसकी सहेली ऊँटनी की कहानी। लड़की की बहादुरी देखते ही बनती है। ISBN 978-81-237-4788-0

168. साँप और हम

जई, रोम व्हिटेकर अनु. : हनुमान सिंह पँवार पृ. 64 ₹ 25.00

साँपों पर एक प्रामाणिक पुस्तक। इनके विविध प्रकार, रंग, चाल-ढाल और रहस्यपूर्ण आदतों पर प्रस्तुत पुस्तक में रोचक एवं सरल भाषा में प्रकाश डाला गया है। ISBN 81-237-1356-8

169. सात सूरज सत्तावान तारे

सूर्यनाथ सिंह पृ. 84 ₹ 135.00

एक ऐसी दुनिया के परिवेश का विज्ञान-गल्प जहाँ कई सूरज हैं और बहुत ही कम तारे।

ISBN 978-81-237-6934-9

170. सितारों से आगे

विमला भंडारी पृ. 102 ₹ 65.00

निराश्रित, श्रमिक बच्चे की पढ़-लिखकर समर्थ बनने की संघर्ष-कथा।

ISBN 978-81-237-6606-5

171. सुब्रह्मण्यम भारती

रा.अ. पद्मनाभन पृ. 64 ₹ 60.00

प्रसिद्ध तमिल कवि की रोचक जीवन गाथा। ISBN 81-237-6035-3

172. सुल्तान की पसंद और अन्य कहानियाँ

कला थैरानी अनु. : स्नेहलता त्यागी पृ. 44 ₹ 100.00

ऐसी विदेशी लोककथाओं का संकलन जो पूर्णतया भारतीय प्रतीत होता है। रोचकता इन कथाओं की विशेषता है। ISBN 978-81-237-4719-4

173. सोना की आँखें

उषा यादव पृ. 60 ₹ 45.00

बड़ी आयु वर्ग के बच्चों के लिए लिखी गई यह लंबी कहानी एक साहसी बाल कथा है, जिसमें बच्चे अपनी लगन से राजकीय हिरन उद्यान में भ्रष्टाचार करने वालों का हृदय परिवर्तन कर देते हैं। ISBN 978-81-237-3843-7

174. स्पेस शटल

काली शंकर पृ. 128 ₹ 280.00

पृथ्वी ग्रह में निर्मित अब तक की सबसे जटिल मशीन स्पेस शटल के निर्माण, उसके अंतरिक्ष में स्थापन और विज्ञान को उसके योगदान पर विमर्श करती पुस्तक। ISBN 978-81-237-6935-6

175. सुनो, मैं समय हूँ

कृष्ण किसलय चित्र : अरूप गुप्ता पृ. 172 ₹ 105.00

इस पुस्तक में पृथ्वी के अस्तित्व में आने तथा इस पर जीवन आदि के वैज्ञानिक तथ्यों को बेहद सहज शब्दों में प्रस्तुत किया गया है। ISBN 978-81-237-8728-6

176. सौरमंडल की सैर

देवेंद्र मेवाड़ी पृ. 44 ₹105.00

सौरमंडल के ग्रहों की संख्या आठ होने, प्लूटो को ग्रह की श्रेणी से हटाकर प्लूटाइड नाम से 'बौना ग्रह' बनाने, सौरमंडल के पिंडों के वर्गीकरण, ग्रहों की गति, आदि पर जानकारी देने वाला रोचक कथानक। ISBN 978-81-237-5611-6

177. श्रेष्ठ हिंदी बाल नाटक

हरिकृष्ण देवसरे (संक. एवं संपा.) पृ. 140 ₹ 145.00

श्रेष्ठ 15 महत्वपूर्ण रचनाकारों के नाटक जिनमें पौराणिक, सामाजिक, राष्ट्रीय, मनोवैज्ञानिक, हास्य-व्यंग्य, वैज्ञानिक कथा शामिल हैं। बच्चों के लिए तैयार यह पुस्तक बच्चों का 'विजन' विस्तृत करेगी, वहीं दूसरी ओर एक संग्रहणीय पुस्तक भी है। ISBN 978-81-237-5631-8

178. हड्डी से पत्थर

कैरेन हेडॉक अनु. : डॉ. पूजा तिवारी पृ. 28 ₹90.00

एक डायनासोर के जीवाश्म की सचित्र कहानी, जो अन्य डायनासोर से लड़ाई में 6.7 करोड़ वर्ष पहले मारा गया था। पुस्तक में पृथ्वी पर जीवन के उद्भव चार्ट के अलावा बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियाँ दी गई हैं। ISBN 978-81-237-9224-8

179. हमारा नाटक

हरिकृष्ण देवसरे (संपा.) पृ. 96 ₹ 70.00

बच्चों के द्वारा रंगमंच पर खेले जाने वाले सात बालोपयोगी नाटकों का संकलन। इन नाटकों को खेलने के लिए विशेष तामझाम की जरूरत नहीं है। ISBN 978-81-237-0946-8

180. हमारा शरीर

रमेश बिजलानी अनु. : दमयंती गुरुदेव पृ. 32 ₹ 60.00

हमारा शरीर एक आश्चर्यजनक मशीन है। प्रस्तुत पुस्तक में शरीर के विविध अंगों और उनके कार्यकलापों के बारे में सचित्र एवं रोचक जानकारी दी गई है। ISBN 978-81-237-0393-7

181. हमारे जलपक्षी

राजेश्वरप्रसाद नारायण सिंह पृ. 56 ₹125.00

इस पुस्तक में पानी में मिलने वाले प्रमुख पक्षियों का परिचय, उनकी विशेषताएँ, उनके बारे में प्रचलित लोक मान्यताओं का विवरण आकर्षक चित्रों के साथ प्रस्तुत किया गया है।

ISBN 978-81-237-5609-7

182. हमारी धरती

लाईक़ फ़तेहअली अनु. : दमयंती गुरुदेव पृ. 64 ₹ 50.00

हमारी धरती से संबद्ध विभिन्न पक्षों को दर्शाते हुए प्रसंगवश पर्यावरण, मौसम संबंधी आदि अनेक ज्ञान की बातें सिखाने वाली एक आवश्यक पुस्तक। ISBN 978-81-237-0455-5

183. हमारी नदियों की कहानी (भाग-1)

लीला मजुमदार पृ. 64 ₹ 50.00

उत्तर भारत की नदियों के सांस्कृतिक तथा धार्मिक महत्व की प्रस्तुति, सरस और सरल भाषा में। ISBN 978-81-237-0866-9

184. हमारी नदियों की कहानी (भाग-2)

अल. वलीअप्पा अनु. : मोहिनी राव पृ. 64 ₹ 50.00

शेष भारत की नदियों के बारे में जानकारी देने वाली पुस्तक। ISBN 978-81-237-0405-0

185. हमारी नौसेना

कमांडर आर.एन.गुलाटी अनु. : सुरेश उनियाल पृ. 64 ₹ 25.00

दुनिया में अपना प्रमुख स्थान रखने वाली भारतीय नौसेना की कहानी, जो हमारे देश की जल सीमा की रक्षा करने में सर्वथा समर्थ है। ISBN 81-237-0923-4

186. हरिकृष्ण देवसरे की चुनिंदा बाल कहानियाँ

हरिकृष्ण देवसरे पृ. 72 ₹ 160.00

प्रख्यात बाल साहित्यकार डॉ. हरिकृष्ण देवसरे द्वारा सन् 1962 से 2005 तक लिखी गई बाल कहानियों में से चुनिंदा 15 कहानियों का संकलन। ISBN 978-81-237-6793-2

187. हवा की अनोखी दुनिया

आर.के. मूर्ति अनु. : स्नेहलता त्यागी पृ. 56 ₹ 70.00

हवा अथवा वायु के संबंध में वैज्ञानिक जानकारी जो कि कहानी के माध्यम से कही गई है। ISBN 978-81-237-4513-8

188. हवेली का रहस्य

सुकीर्ति भटनागर पृ. 40 ₹ 100.00

शिमला की किसी पहाड़ी पर देश के दुश्मनों का बसेरा। कुछ किशोरवय बच्चे छुट्टियों में घूमने शिमला जाते हैं तो संयोगवश उन्हें इसकी जानकारी हो जाती है और बड़ी वीरता एवं चतुराई से ये बच्चे उन बदमाशों को पकड़वाने में सफल होते हैं। ISBN 978-81-237-6892-2

189. हसन जमाल की चार बाल कहानियाँ

पृ. 36 ₹ 85.00

हिंदी के वरिष्ठ लेखक हसन जमाल की चार प्रेरक और महत्वपूर्ण कहानियों का संकलन। ISBN 978-81-237-5576-2

190. हुएनत्सांग की भारत यात्रा

बैलिंदर, हरिंदर धनौआ अनु. : दमयंती गुरुदेव पृ. 64 ₹ 45.00

हर्ष के काल में बुद्ध धर्म के ज्ञान-भंडार की खोज में भारत आने वाले चीनी यात्री हुएनत्सांग द्वारा भारत का आँखों देखा वर्णन इस पुस्तक में है। ISBN 81-237-0930-7

191. त्रिपुरा की जनजातीय कहानियाँ (संकलन)

पृ. 36 ₹ 45.00

तीन लेखकों—रमेंद्रनारायण सेन, श्यामलाल देववर्मा तथा निरंजन चकमा—की पाँच कहानियों के इस संग्रह में त्रिपुरा की जनजातीय कहानियों को शामिल किया गया है। ISBN 978-81-237-6386-6

192. अंटार्कटिका में दक्षिण गंगोत्री का निर्माण : एक चमत्कार

हर्ष कुमार गुप्ता पृ. 60 ₹ 95.00

वर्ष 1984 में तीसरे दक्षिण गंगोत्री निर्माण अभियान के तहत लेखक हर्ष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में महज दो महीनों में अंटार्कटिका में स्थायी बेस स्टेशन के रूप में दक्षिण गंगोत्री के निर्माण का चमत्कार विश्व ने देखा। यह कीर्तिमान अब भी कायम है। इस अभियान की रोचक कथा। ISBN 978-93-5743-284-9

वीरगाथा

(परमवीर चक्र विजेता सैनिकों के जीवन एवं कार्यों पर आधारित
राष्ट्रीय बाल पुस्तकालय पुस्तकमाला की एक उप-शृंखला)

1. कंपनी क्वार्टर-मास्टर हवलदार अब्दुल हमीद

गौरव सी. सावंत अनु. : सुधीर नाथ झा पृ. 20 ₹ 60.00

परमवीर चक्र विजेता कंपनी क्वार्टर-मास्टर हवलदार अब्दुल हमीद के बहादुर कारनामों पर आधारित चित्रात्मक पुस्तक। ISBN 978-81-237-7868-6

2. कुदोपली की वीरगाथा

अनु. : प्रदीप कुमार पृ. 268 ₹ 360.00

यह पुस्तक 1857 की अनकही कहानी है। इसमें संबलपुर के छिपे हुए योद्धाओं द्वारा लड़ी गई लड़ाइयों पर प्रकाश डाला गया है। ISBN 978-93-6719-849-0

3. कैप्टन मनोज कुमार पांडेय

गौरव सी. सावंत अनु. : सुधीर नाथ झा पृ. 32 ₹ 80.00

परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज कुमार पांडेय के बहादुर कारनामों पर आधारित चित्रात्मक पुस्तक। ISBN 978-81-237-7872-3

4. मेजर शैतान सिंह

गौरव सी. सावंत अनु. : सुधीर नाथ झा पृ. 24 ₹ 65.00

परमवीर चक्र विजेता मेजर शैतान सिंह के बहादुर कारनामों पर आधारित चित्रात्मक पुस्तक। ISBN 978-81-237-7871-6

5. मेजर सोमनाथ शर्मा

गौरव सी. सावंत अनु. : सुधीर नाथ झा पृ. 24 ₹ 65.00

परमवीर चक्र विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा के बहादुर कारनामों पर आधारित चित्रात्मक पुस्तक। ISBN 978-81-237-7869-3

6. सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल

गौरव सी. सावंत अनु. : सुधीर नाथ झा पृ. 24 ₹ 65.00

परमवीर चक्र विजेता सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के बहादुर कारनामों पर आधारित चित्रात्मक पुस्तक। ISBN 978-81-237-7870-9

आधुनिक कालजयी बाल कहानियाँ

(राष्ट्रीय बाल पुस्तकालय पुस्तकमाला की एक उप-शृंखला)

1. साइकिल की सवारी

सुदर्शन *शीघ्र प्रकाश्य*

साइकिल चलाना सीखने की दिलचस्प कहानी।

2. मिट्ठू

प्रेमचंद *शीघ्र प्रकाश्य*

प्रेमचंद की लिखी एक दिल को छू लेने वाली बाल-कहानी है, जिसमें इनसान और जानवर के बीच के स्नेह, दोस्ती और बलिदान को खूबसूरती से दर्शाया गया है।

किशोरों के लिए भारतीय कथाएँ

1. अहिल्या : रूपेण संस्थिता

साधना बलवटे पृ. 54 ₹ 120.00

प्रस्तुत नाटक देवी अहिल्याबाई के जीवन की प्रमुख घटनाओं पर आधारित है। अहिल्याबाई का संपूर्ण जीवन न्यायप्रियता, सद्‌चरित्रता, संस्कार, धर्म और अनुशासन के स्तंभों पर मजबूती से खड़ा है। प्रजावत्सल देवी अहिल्याबाई होलकर पूरे मालवा की मातुश्री कहलाईं। उनके राज्य में न केवल मनुष्य, वरन् पशु-पक्षी भी न्याय के अधिकारी थे। एक सहृदय स्त्री होने के साथ ही वे एक कुशल शासक भी रहीं। ISBN 978-93-6719-268-9

2. जमीं का कर्ज

अपूर्व वर्मा *शीघ्र प्रकाश्य*

प्रस्तुत संग्रह में समकालीन विषयों पर केंद्रित कविताएँ संगृहीत की गई हैं, जिन्हें पढ़कर पाठक तादात्म्य महसूस करता है।

3. नरेंद्र कोहली : झवरी एवं अन्य कहानियाँ

संच. एवं संपा. : सुधा शर्मा 'पुष्प' पृ. 66 ₹ 185.00

प्रस्तुत संकलन में नरेंद्र कोहली द्वारा रचित किशोर उम्र के पाठकों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणाप्रद एवं चरित्र निर्माण वाली 12 कहानियाँ संगृहीत की गई हैं। इन कहानियों में किशोर-मन के भाव इस प्रकार प्रकट होते हैं, मानो उन कहानियों में बालक का पात्र कल्पित नहीं, बल्कि वे वास्तविक हों और अपने मनोभावों को व्यक्त कर रहे हों। इस संग्रह में संगृहीत कहानियों का उद्‌देश्य किशोर-मन को जीवन में कर्तव्यनिष्ठ होने, मिल-जुलकर रहने एवं समाज में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित करना है। ISBN 978-93-6719-227-6

4. मन्नू भंडारी : त्रिशंकु एवं अन्य कहानियाँ

संच. एवं संपा. : चंद्रकांता पृ. 126 ₹ 285.00

जनप्रिय कथाकार मन्नू भंडारी की कहानियाँ किशोरों को जीवन की चुनौतियों का सामना करने का हौसला देती हैं, विकट मनोवैज्ञानिक परिस्थितियों में जीवन का आश्वासन देती हैं और

एक सकारात्मक मार्ग प्रशस्त करती हैं। ये कहानियाँ किशोरों के जीवन में होने वाले सामाजिक व मनोवैज्ञानिक परिवर्तन को समझने की सहूलियत देती हैं। प्रस्तुत पुस्तक में दस कहानियाँ संगृहीत हैं।

ISBN 978-93-6719-300-6

5. सुभद्रा कुमारी चौहान : कदंब के फूल एवं अन्य कहानियाँ

संच. एवं संपा. : सुरेश ऋतुपर्ण पृ. 99 ₹ 235.00

'कदंब के फूल एवं अन्य कहानियाँ' में सुभद्रा कुमारी चौहान की 15 कहानियों का संग्रह किया गया है। ये कहानियाँ किशोरों के चरित्र-निर्माण में सहायता करने, उनमें भारतीयता के संस्कारों का समावेश करने में सक्षम हैं।

ISBN 978-93-6719-682-3

नवलेखन माला

1. राष्ट्रीय चेतना की कहानियाँ

अरुण कुमार भगत, राकेश कुमार योगी (संच. व संपा.) पृ. 157 ₹ 175.00

राष्ट्रीय चेतना जगाने वाली 24 कहानियों का संकलन। युवा पीढ़ी के रचनाकार राष्ट्रीय चेतना पर क्या सोच रखते हैं इन कहानियों को पढ़कर जाना जा सकता है।

ISBN 978-81-237-8692-6

2. हिंदी कहानियाँ

शत्रुघ्न प्रसाद, प्रो. अरुण कुमार भगत (संपा.) पृ. 188 ₹ 175.00

समसामयिक किंतु विविध भाव बोध की 31 कहानियों का संग्रह। चालीस वर्ष से कम आयु-वर्ग के नवलेखकों की ये कहानियाँ युवा मन का आईना हैं जिन्हें पढ़ना वर्तमान से रू-ब-रू होने के समान है।

ISBN 978-81-237-7785-6

3. वैश्वीकरण के दौर में समाचार पत्र

गौरव त्यागी पृ. 70 ₹ 100.00

बीती सदी के अंतिम दशक की शुरुआत में भारत में वैश्वीकरण के प्रवेश के साथ ही विविध क्षेत्रों में अनेकानेक परिवर्तन होने लगे जिससे हमारे समाचार पत्र भी अछूते नहीं रहे। प्रस्तुत पुस्तक में युवा लेखक ने देश के समाचार पत्रों, हिंदी के पत्रों के विशेष संदर्भ, में हुए ऐसे ही परिवर्तनों को जानने-समझने की कोशिश की है।

ISBN 978-81-237-7763-4

महिला लेखन प्रोत्साहन योजना

1. जोहड़ी (कहानी संग्रह)

कौशल पँवार पृ. 120 ₹ 140.00

रचनाकार की चुनी हुई कहानियों का एक ऐसा संकलन जो जमीन-जीवन से जुड़ी एक सहज दलित-स्त्री विमर्श की राह तैयार करता है। संकलित पंद्रह कहानियाँ विविध कोणों से यह काम करते हुए, एक तरह से पारंपरिक वर्चस्व के विरुद्ध आवाज़ उठाते हुए समान जीवन-अधिकारों के लिए सामूहिक चिंतन की जरूरत पर बल देती हैं।

ISBN 978-81-237-8097-9

2. य से यशस्विनी, य से यात्रा (यात्रा संस्मरण)

यशस्विनी पांडेय पृ. 122 ₹ 155.00

लेखिका द्वारा देश और विदेश की कुछ चुनिंदा यात्राओं का संस्मरणात्मक वृत्तांत। रोचक होने के साथ ही मार्मिक भी हैं ये संस्मरण।

ISBN 978-81-237-8133-4

3. रानी कमलापति (नाटक)

इंदिरा दाँगी पृ. 64 ₹ 100.00

नट-नटी के संवादों से शुरू हुई यह कथा रानी कमलापति के बहाने स्त्री पराधीनता और उसकी दुर्दशा की मर्मस्पर्शी अभिव्यक्ति है।

ISBN 978-81-237-8139-6

भारत@75

1. क्रांतिदूत पंडित परमानंद

राजेश बादल अनु. : अनुपमा गोरे पृ. 167 ₹ 245.00

क्रांतिदूत पंडित परमानंद का भारत की स्वतंत्रता के क्रांतिकारी आंदोलन में अविस्मरणीय योगदान है। युवावस्था में ही वे लाला लाजपत राय, मदन मोहन मालवीय और मोतीलाल नेहरू से जुड़ गए थे। आगे चलकर वे प्रेमचंद, रामचंद्र शुक्ल, जयशंकर प्रसाद जैसे हिंदी के नवजागरण के अग्रदूतों के संपर्क में आए। देश में बड़े स्तर पर बम धमाके की उनकी योजना 21 फरवरी, 1915 को सफल नहीं हुई और वे पकड़े गए। उन्हें अंडमान सेल्युलर जेल भेज दिया गया। 1942 में उन्हें भारत छोड़ो आंदोलन में फिर गिरफ्तार किया गया, 1946 में वे छूटे और सामाजिक कार्यों में जुट गए।

ISBN 978-93-574-3567-3

2. कोवळे वज्र अनंत कान्हेरे

विनीता तैलंग अनु. : समीक्षा तैलंग *शीघ्र प्रकाश्य*

अनंत कान्हेरे भारत के स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारी सिपाही थे। भारतीयों के साथ अंग्रेजी शासन के क्रूर व्यवहार का बदला लेते हुए यह सुकोमल चित्रकार हँसते-हँसते फाँसी चढ़ गया।

3. गणेश शंकर विद्यार्थी

धनंजय चोपड़ा पृ. 174 ₹ 240.00

यह पुस्तक महान स्वतंत्रता सेनानी, क्रांतिकारी, पत्रकार-संपादक और समाज-सेवी गणेश शंकर विद्यार्थी की जीवनी है। इसमें उनके बचपन से लेकर शहादत तक का विवरण प्रस्तुत किया गया है।

ISBN 978-93-5491-503-1

4. नानाजी देशमुख : एक महामानव

मनोज कुमार मिश्र पृ. 99 ₹ 165.00

नानाजी देशमुख ने 94 वर्ष की अपनी जीवनयात्रा को पूर्ण रूप से समाज और देश को समर्पित किया। उनके व्यक्तित्व से जुड़े अनेक प्रसंगों को कुल छह अध्यायों में वर्णित किया गया है। पुस्तक के आखिर में 'नानाजी का पत्र देश के युवाओं के नाम' युवा वर्ग को प्रेरणा देने वाला है।

ISBN 978-93-5491-244-3

5. पेशावर के महानायक : वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली

रमेश पोखरियाल 'निशंक' पृ. 148 ₹ 240.00

यह पुस्तक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी, बहादुर सिपाही और महान देशभक्त चन्द्र सिंह गढ़वाली

के देशहित में किए गए कार्यों का दस्तावेज है। इसमें आजादी के संघर्ष और आजादी के बाद समाज सेवाओं के लिए योजनाएँ तैयार कराने एवं उनके क्रियान्वयन में उनके योगदान की चर्चा की गई है। ISBN 978-93-5491-448-5

6. भगतराम तलवार विस्मृत देशभक्त जासूस की गौरव गाथा

अनुज मिश्र पृ. 171 ₹ 245.00

भगतराम तलवार देशभक्त थे, जिनके बारे में इस पुस्तक में दो भागों में सामग्री मिलती है। उनके परिवार का पख्तून आगमन से लेकर पिता द्वारा पुत्र को शहादत के लिए तैयार करने का अद्भुत प्रसंग मिलता है। उनके प्रारंभिक जीवन से लेकर सुभाष बाबू के अफगानिस्तान छोड़ने तक की गाथा को चित्रित किया गया है। ISBN 978-93-5743-076-0

7. रामधारी सिंह 'दिनकर' : मन्यु एवं माधुर्य का संगम

सुधांशु रंजन पृ. 218 ₹ 300.00

द्विधा एवं द्वंद्व के कवि, राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' एक कवि ही नहीं, गद्य लेखक एवं बाल साहित्य के रचयिता भी थे। पुस्तक में उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व के लेखा-जोखा के अतिरिक्त, रचनाकार के गद्य लेखक, बाल कृतिकार एवं अनुवादक पक्ष को भी बखूबी उकेरा गया है। ISBN 978-93-5743-164-4

8. रेजांग ला की शौर्यगाथा

कुलप्रीत यादव अनु. : ए.के. गांधी पृ. 185 ₹ 290.00

यह पुस्तक उन वीरों के शौर्य की कहानी है, जिन्होंने 18 नवंबर, 1962 को लद्दाख स्थित रेजांग ला पर चीनी आक्रमण के विरुद्ध संघर्ष किया था। 13 कुमाऊँ रेजिमेंट की चार्ली कंपनी के 120 सैनिकों ने 5,000 चीनी सैनिकों का सामना किया। इस संघर्ष में 110 जवान शहीद हुए। मेजर शैतान सिंह के नेतृत्व में इस कंपनी ने 1,300 चीनी सैनिकों को मार गिराया था और लद्दाख क्षेत्र पर संभावित चीनी अधिकार को अवरुद्ध किया था। ISBN 978-93-5491-415-7

9. लोकराज के लोकनायक

राकेश कुमार पृ. 223 ₹ 280.00

प्रस्तुत पुस्तक में कुल 29 अध्यायों के अंतर्गत लोकनायक जयप्रकाश के राजनीतिक जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला गया है। प्रत्येक शीर्षक लोकनायक के जीवन से जुड़े रोचक प्रसंगों पर आधारित है। वे पद व सत्ता की लोलुपता से दूर सामाजिक और राजनीतिक आयामों में सकारात्मक परिवर्तन के लिए आजीवन संघर्ष करते रहे। ISBN 978-81-2379-973-5

10. शहीद उधम सिंह

डॉ. गुरुदेव सिंह, उमा बंसल *शीघ्र प्रकाश्य*

जलियाँवाला बाग हत्याकांड ने देश के अनेकों लोगों के साथ उधम सिंह को भी झिंझोड़कर रख दिया था। पर वह चुप बैठने वालों में से नहीं थे। उन्होंने जनरल डायर से इसका बदला लेने का निश्चय किया। अपनी मातृभूमि की आजादी और स्वाभिमान की रक्षा के लिए हँसते-हँसते फाँसी चढ़ जाने वाले शहीद उधम सिंह की कहानी है यह पुस्तक।

भारतीय ज्ञान परंपरा

1. जीवन, जिज्ञासा और शास्त्र

एस.सी. मिश्रा पृ. 214 ₹ 165.00

प्रस्तुत पुस्तक प्राचीन भारतीय ग्रंथों, विशेषकर वेद एवं उपनिषद, के आधार पर भारत के प्राचीन गौरव और गरिमा की स्थापना का एक महत उपक्रम है; साथ ही, जीवन की अनेकशः जिज्ञासाओं का समाधान खोजने का प्रयास भी यहाँ दृष्टिगोचर होता है।

ISBN978-93-5743-932-9

2. भारतीय प्रज्ञा : परंपरा का पुण्य प्रवाह

संजीव कुमार शर्मा पृ. 161 ₹ 225.00

प्रस्तुत पुस्तक में विश्व को चमत्कृत करती भारतीय प्रज्ञा के आदिस्वरूप में वेद, पुराण, आर्ष महाकाव्य व पौराणिक ग्रंथों से जनहित के संबंधों को स्थापित किया गया है। भारतीय प्रज्ञा की प्रकृति किस तरह बहुआयामी है, उसके ज्ञान, आध्यात्मिक विद्या, लौकिक विद्या, ललित कलाओं, विज्ञान व शास्त्र और साहित्यिक गतिविधियों की उपयोगिता के संबंध में पुस्तक में बताया गया है।

ISBN978-93-549-1796-7

3. मानस से देवते : श्री गुरु नानक देव जी की वाणी और दर्शन

कर्मजीत सिंह, इकबाल सिंह लालपुरा पृ. 292 ₹ 505.00

प्रस्तुत पुस्तक गुरु नानक देव जी महाराज के दर्शन का परिचय है। इस पुस्तक में अकाल पुरख प्रभु का स्वरूप और उससे मिलने की विधि का, कुदरत द्वारा भगवान की आरती, जीवन का सत्य, विद्या के रूप, महिलाओं के सम्मान, पूर्ण संत की परिभाषा, निरोग रहने की विधि, उत्तम राज्य की संकल्पना, जीवन बदलने के उपाय आदि पर विचार किया गया है।

ISBN978-93-5491-505-5

4. वर्तमान संदर्भ में वैदिक मूल्य

नाहिद आबिदी पृ. 286 ₹ 330.00

यदि हम वेदाध्ययन कर उसे अपने जीवन मे उतार लें तो वर्तमान समय की समस्त समस्याओं का निदान संभव है। वेद-ज्ञान की पृष्ठभूमि में, इस पुस्तक में वैदिक मूल्यों-संदर्भो की अर्थवत्ता और प्रासंगिकता को समझने का प्रयत्न दिखता है।

ISBN978-93-5491-624-3

5. सनातन प्रज्ञा प्रवाह : वेदों से विवेकानंद तक

प्रकाश सुमन ध्यानी पृ. 372 ₹ 440.00

भारतीय ज्ञान परंपरा विश्व में सर्वाधिक प्राचीन मानी जाती है। पाँच हजार वर्ष से भी पूर्व, वैदिक काल से भारतीय ज्ञान और मनीषा की जो अविच्छिन्न धारा चली आ रही है वह 19वीं सदी में भारतीय मनीषा के प्रज्ञान पुरुष, स्वामी विवेकानंद तक चली आई है। इसी सनातन प्रज्ञा के प्रवाह क्रम पर दृष्टिपात करती है यह पुस्तक। प्रत्येक संस्कृतिचेता पाठक के लिए अवश्य पठनीय।

ISBN 978-93-5491-900-8

प्रधानमंत्री युवा पुस्तकमाला

हिंदी

1. कुँवर चैन सिंह : भारतवर्ष के प्रथम स्वतंत्रता महानायक

कपिल मेवाड़ा पृ. 122 ₹ 190.00

कुँवर चैन सिंह मध्य प्रदेश में भोपाल के निकट स्थित नरसिंहगढ़ रियासत के राजकुमार थे। उन्होंने रियासत, वंश परंपरा तथा देश के इस भाग के ऐतिहासिक महत्व को दर्शाते हुए स्वतंत्रता संग्राम में आहुति दी। उन्होंने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से 33 वर्ष पूर्व ही विद्रोह का बिगुल बजा दिया था। 24 जुलाई, 1824 को अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ते हुए अपने विश्वस्त साथी हिम्मत खाँ और बहादुर खाँ सहित 43 सैनिकों के साथ वे शहीद हो गए।

ISBN 978-93-5491-678-6

2. केबांग : लोकतंत्र की एक पुरातन व्यवस्था

राज पाण्डेय पृ. 145 ₹ 240.00

केबांग अरुणाचल प्रदेश राज्य के आदि जनजाति की एक बहुमुखी प्रथागत संस्था है, जो पारंपरिक मूल्यों में जनतंत्र के आदर्शों को सत्यापित करती है। प्रस्तुत पुस्तक में इसकी कार्यपद्धति और उसके औचित्य को भली-भाँति समझने का प्रयास किया गया है।

ISBN 978-93-6719-330-3

3. गांधी-भगत के साथी : रामविनोद सिंह

उत्कर्ष आनंद पृ. 90 ₹ 150.00

स्वतंत्रता आंदोलन में योगेंद्र शुक्ल के संग रामविनोद सिंह ने विहार में क्रांति की अगुवाई की और गांधी जी के मूल्यों से प्रेरणा ली। उन्होंने विहार में खादी के प्रति जनजागरूकता पैदा करते हुए अलग-अलग स्थानों पर गांधी कुटीर की स्थापना की। अंग्रेज उनकी देशभक्ति से भयभीत हुए और उन्हें अनेक बार जेल भी जाना पड़ा। उन्हें 'विहार का बाघा जतीन' और 'खादी का प्रवर्तक' कहा जाता था।

ISBN 978-93-5491-693-9

4. देशानुरागी : बीबी कौर

ईशा पांडेय पृ. 88 ₹ 150.00

बीबी कौर स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाने वाली गदर पार्टी की एकमात्र महिला क्रांतिकारी थीं। उन्होंने समाज में व्याप्त लैंगिक असमानता और सती प्रथा जैसी कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाई। उन्हें 'बीबी गुलाब कौर' के नाम से जाना गया। स्वतंत्रता संग्राम के शीर्ष

नेताओं से संपर्क बढ़ाने और उनके संदेशों के आदान-प्रदान के लिए उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। वह कोटला नौध सिंह (होशियारपुर) गाँव में आखिरी साँस तक रहीं।

ISBN 978-93-5491-692-2

5. बिशनी देवी साह : गाथा एक वीरांगना की

रीतिका बिष्ट

पृ. 70 ₹ 130.00

सामाजिक कुरीतियों में उत्तराखंड की बिशनी देवी आजादी के लिए लगातार संघर्षरत रहीं। गांधी जी के प्रभाव में आकर वे आंदोलनकारी बनीं और स्वतंत्रता आंदोलन से संबंधित विभिन्न सत्याग्रहों में भाग लिया। उन्हें 25 मई, 1930 को अल्मोड़ा नगर पालिका में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के आरोप में जेल भेजा गया। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में भी वे सक्रिय रहीं।

ISBN 978-93-5491-677-9

6. भारतीय लोकतंत्र और रामकथा

नंदिनी

पृ. 161 ₹ 240.00

इस पुस्तक में विभिन्न रामकथाओं में निहित मूल्यों का भारतीय लोकतंत्र में निहित मूल्यों के साथ उदाहरण सहित वर्णन किया गया है। पुस्तक में व्यक्ति केंद्रित राजतंत्रीय व्यवस्था के अंदर समाज केंद्रित लोकतांत्रिक व्यवस्था के चिह्नों को ढूँढ़ने का सप्रमाण प्रयास किया गया है। पुस्तक को तीन अध्यायों में विभाजित करते हुए उसके अंतर्गत प्राचीन, मध्यकालीन और समकालीन भारत में लोकतंत्र के साथ-साथ इसके भविष्य की भी चर्चा की गई है।

ISBN 978-93-6719-880-3

7. भारतीय लोकतंत्र के विकास में आदिवासी नेतृत्व और संस्थाओं की भूमिका : झारखंड के विशेष संदर्भ में

आयुध पंकज

पृ. 129 ₹ 210.00

प्रस्तुत पुस्तक में औपनिवेशिक दमन के खिलाफ आदिवासी संघर्ष, स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी भागीदारी, संविधान निर्माण सभा में उनकी प्रभावशाली भूमिका और 1921 से 1926 तक भारतीय विधायी प्रणाली में उनके योगदान का गहन विश्लेषण किया गया है। इसके साथ ही, यह पुस्तक आधुनिक लोकतंत्र में प्रमुख सामुदायिक आदिवासी संस्थाओं और उनके नेतृत्व की कहानियों की भूमिका को रेखांकित करती है।

ISBN 978-93-6719-029-6

8. भारतीय लोकतंत्र में आधी आबादी

दीपशिखा

पृ. 106 ₹ 180.00

भारतीय राजनीति में महिलाओं की उपस्थिति कम रही है, लेकिन प्रधानमंत्री हो, राष्ट्रपति हो अथवा विदेश मंत्रालय, वित्त मंत्रालय और रेल मंत्रालय के महत्वपूर्ण पद हों, जिस पद पर भी वे रहीं, महिलाओं ने अपनी क्षमता का लोहा मनवाया है। इसके अतिरिक्त, ग्राम व शहरी निकायों में भी उनके कई उल्लेखनीय योगदान हैं, जबकि आज भी इस क्षेत्र में महिलाओं को अनेक समस्याओं और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। यह पुस्तक इन सभी पहलुओं पर बात करती है।

ISBN 978-93-6719-167-5

9. भारतीय लोकतंत्र में किन्नरों की ऐतिहासिक एवं वर्तमान स्थिति

आराधना साव

पृ. 67 ₹ 140.00

भारतीय समाज में किन्नरों की स्थिति में लगातार क्रांतिकारी परिवर्तन एवं विकास देखने को

मिल रहा है, जो भारतीय लोकतंत्र की बढ़ती परिपक्वता का ही परिचायक है, लेकिन समावेशी भारतीय लोकतंत्र में वे क्या कारण रहे, जिसके कारण किन्नरों की स्थिति बिगड़ी? वर्तमान समय में इनकी स्थिति क्या है और भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में इनकी क्या भूमिका है? इन सभी प्रश्नों पर इस पुस्तक में विचार किया गया है।

ISBN 978-93-6719-330-3

10. भारतीय वैज्ञानिक और स्वतंत्रता संग्राम

दिनेश मंडोरा पृ. 124 ₹ 195.00

सदियों से भारत भूमि दर्शन, प्राकृतिक विज्ञान, खगोलशास्त्र, ज्योतिष, धातुकर्म, चिकित्सा, उपचार पद्धति, भाषा और साहित्य की सिरमौर रही है। लेकिन भारत में आधुनिक विज्ञान का प्रवेश प्लासी के युद्ध के 27 वर्ष बाद एक अंग्रेज विलियम जोंस द्वारा किया गया था। तत्पश्चात, वैज्ञानिक चेतना के प्रसार और शिक्षण की बागडोर कई भारतीय वैज्ञानिकों ने सँभाली। इनमें से डॉ. महेंद्र लाल सरकार, आचार्य प्रफुल्ल चंद्र रे तथा मेघनाद साहा का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। रॉयल इंस्टीट्यूशन तथा ब्रिटिश एसोसिएशन से प्रेरित होकर डॉ. महेंद्र लाल सरकार ने एक भारतीय विज्ञान संस्थान की स्थापना की अनुशंसा सबसे पहले की।

ISBN 978-93-5491-675-5

11. भारत के स्वतंत्रता संग्राम में मणिपुर की भूमिका

मदालसा मणि त्रिपाठी पृ. 130 ₹ 205.00

ब्रिटिश सरकार ने 1857 तक संपूर्ण भारत में आधिपत्य स्थापित कर लिया था। साथ ही, पूर्वोत्तर भारत के राज्यों पर भी उनका प्रभुत्व हो गया। ऐसे में मणिपुर भी सन् 1891 में ब्रिटिश शासन के अधीन आ गया। यहाँ के जन समुदाय ने आजाद हिंद फौज के साथ मिलकर देश की आजादी के लिए संघर्ष किया। इस राज्य के वीर सेनानी थे—पाउना ब्रजबासी, रानी गाइदिन्ल्यू, वीर टिकेंद्रजीत सिंह। अंग्रेज-मणिपुर युद्ध (खोंगजोम युद्ध) काफी चर्चित रहा।

ISBN 978-93-5491-674-8

12. भारत में लोकतंत्र की महत्वपूर्ण घटनाएँ

मानसी त्यागी पृ. 137 ₹ 220.00

प्रस्तुत पुस्तक में स्वतंत्रता के बाद भारतीय लोकतंत्र की पिछले 77 वर्षों की विकास यात्रा एवं उसमें आए उतार-चढ़ाव का विस्तृत वर्णन किया गया है। यह उन सभी पाठकों के लिए उपयोगी है, जो भारत के आधुनिक लोकतंत्र के विषय में गहन अध्ययन करना चाहते हैं।

ISBN 978-93-6719-128-6

13. याद करूँ तो...

1942 : बलिया की क्रांति

धर्मराज गुप्ता पृ. 136 ₹ 190.00

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में तत्कालीन संयुक्त प्रांत (उत्तर प्रदेश) ने अहम भूमिका निभाई। उत्तर प्रदेश के विभिन्न भागों में स्थानीय स्तर पर संग्राम का नेतृत्व किया गया। इसमें पूर्वी उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के योगदान को कमतर नहीं आँका जा सकता। बागी बलिया के सूरमाओं ने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में भी महती भूमिका निभाई। ISBN 978-93-5491-676-2

14. वयं राष्ट्रे जागृयाम : भारतीय लोकतंत्र की संवैधानिक यात्रा

अभिषेक कुमार सिंह पृ. 108 ₹ 195.00

प्रस्तुत पुस्तक में एक राष्ट्र के रूप में भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सभी आवश्यक पहलुओं को शामिल करने का प्रयास किया गया है, जिसकी शुरुआत वैदिककालीन भारत से होती है। वैदिक ग्रंथों में ही राष्ट्र एवं राष्ट्रीयता का सर्वप्रथम दिग्दर्शन होता है। वहाँ से राष्ट्रीयता की अवधारणा को समझते हुए भारतीय लोकतंत्र की संवैधानिक यात्रा को इसमें रेखांकित किया गया है।

ISBN 978-93-6719-149-1

15. शहीदों की शान : मानगढ़ धाम

माधव शर्मा पृ. 112 ₹ 165.00

मानगढ़ राजस्थान और गुजरात की सीमा पर स्थित है, जो राजस्थान के बाँसवाड़ा जिले का एक पहाड़ी क्षेत्र है। मानगढ़ पहाड़ी पर अंग्रेजों ने 17 नवंबर, 1913 को लगभग 1,500 से अधिक भीलों को मौत के घाट उतार दिया था। ये आदिवासी नेता और समाज सुधारक गोविंद गुरु के समर्थक थे। गोविंद गुरु ने लोगों में स्वतंत्रता का भाव जगाया, अध्यात्म और ईश्वर-भक्ति के माध्यम से समाज सुधार के प्रयास किए। उन्होंने संप सभा की स्थापना की और 'भगत आंदोलन' की शुरुआत की।

ISBN 978-93-5491-694-6

16. ससन : आजादी के अज्ञात मतवाले मुंडा आदिवासियों की कहानी

अटूट संतोष पृ. 92 ₹ 155.00

राँची जिला (झारखंड) स्थित सोनाहातु ब्लॉक के चोकाहातु गाँव में मुंडाओं का 'ससन' करीब 14 एकड़ (22 बीघा 18 कट्ठा) में फैला है, जिसमें 8,000 स्मृति पत्थर हैं। मेगालिथ, मेनहिर, डोलमेन, स्टोन सर्कल आदि नामों से पुकारे जाने वाले ये पाषाण स्मारक या पत्थलगड़ी महापाषाण काल के सबसे रहस्यमय कला रूपों में से एक हैं। 1890 के दशक में अपनी जमीन की दावेदारी के लिए कई टन के पत्थरों अर्थात 'पत्थर गड़ी' (पुरखों की स्मृति में गाड़े गए पत्थर) को मुंडा आदिवासी मीलों पैदल चलकर कलकत्ता ले गए थे।

ISBN 978-93-5491-695-3

17. सागर के सेनानी

सुशांत भारती पृ. 70 ₹ 135.00

भारतीय स्वतंत्रता इतिहास के परिप्रेक्ष्य में संग्राम सेनानियों ने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध भारतीय आर्थिक तंत्र को सबल और स्वदेशी बनाने में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। भारतीय समुद्र में यूरोपीय शक्तियों द्वारा अपना आधिपत्य जमाने का प्रयास किया गया। फलतः भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के कुछ वर्ष पहले ही स्टीम नेविगेशन प्रकल्प में अंग्रेज सरकार को भारतीय व्यापारियों द्वारा विरोध का सामना करना पड़ा। द्वारकानाथ ठाकुर, जमशेदजी टाटा, वी.ओ. चिदम्बरम पिल्लई, वालचंद हीराचंद जैसे पूँजीपतियों ने देशहित और सामुद्रिक व्यापार के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाई।

ISBN 978-93-5491-673-1

18. सोनाखान के सपूत : शहीद वीर नारायण सिंह

इंदु वर्मा पृ. 90 ₹ 155.00

वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने सोनाखान गाँव (प्राचीन नाम सिंघगढ़) में अकाल से पीड़ित प्रजा के हित में ब्रिटिश शासन के अत्याचार, उत्पीड़न, शोषण के विरुद्ध तथा स्वराज के लिए संघर्ष किया। फलतः, उन्हें 24 अक्तूबर, 1856 को संबलपुर

से गिरफ्तार कर रायपुर जेल में बंद कर दिया गया। स्थानीय लोग उन्हें अपना नेता मानते हुए 1857 की क्रांति में शामिल हो गए। ब्रिटिश कंपनी के खिलाफ लोगों को भड़काकर विद्रोह कराने के आरोप में उन्हें फाँसी की सजा सुनाई गई। ISBN 978-93-5491-696-0

19. संविधान सभा की 15 महिला सदस्य

नीतू कुमारी पृ. 78 ₹ 150.00

संविधान सभा में कुल 389 सदस्यों में 15 महिला सदस्य भी थीं, जिन्होंने संविधान में विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त करने के साथ महिलाओं के अधिकारों की पैरवी की। उनके जीवन, उनके विचारों और उनकी उपलब्धियों का संक्षिप्त वर्णन प्रस्तुत पुस्तक में किया गया है।

ISBN 978-93-6719-879-7

20. त्रिदेवी

अनूप कृष्वाण पृ. 70 ₹ 130.00

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं, यथा—सरस्वती राजामणि, दुर्गा देवी वोहरा और कैप्टन लक्ष्मी सहगल ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इनमें से सरस्वती राजामणि और लक्ष्मी सहगल आजाद हिंद फौज में शामिल होकर सुभाष चंद्र बोस की सहयोगी बनीं। लक्ष्मी सहगल ने चिकित्सक, सांसद, समाजसेवी की भूमिका भी निभाई। वहीं, दुर्गा देवी वोहरा ने पति भगवतीचरण वोहरा की शहादत के बाद भगत सिंह, राजगुरु और चंद्रशेखर आजाद के साथ मिलकर विभिन्न क्रांतिकारी गतिविधियों को अंजाम दिया। ISBN 978-93-5491-697-7

मैथिली

1. भारतीय स्वाधीनता संग्राममे मिथिलाक दलित समाजक योगदान

कृष्णेन्दु मोहन ठाकुर पृ. 106 ₹ 160.00

स्वाधीनता संग्राम में देश के हर वर्ग, धर्म, जाति, समुदाय, वर्ण और क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया था। इसी क्रम में, मिथिला क्षेत्र के दलित समाज ने भी अपने त्याग, संघर्ष और बलिदान के द्वारा स्वाधीनता आंदोलन को गति दी थी। स्वाधीनता के अमृत महोत्सव वर्ष में इसी अल्पज्ञात तथा प्रायः विस्मृत प्रसंग का स्मरण कराती मैथिली भाषा में लिखित यह पुस्तक पाठकों की चेतना का स्पर्श करने की एक कोशिश है। ISBN 978-93-5491-496-6

सिंधी

1. भारत जो आजादी आंदोलन ऐं : सिंध जा सूरमा

लक्ष्य टेकचंदानी पृ. 58 ₹ 110.00

सिंधी समाज के तमाम अज्ञात परमवीर सूरमाओं को समर्पित यह पुस्तक अखंड भारत के सिंध प्रांत के उन महान सपूतों के अद्वितीय शौर्य का दृष्टिकोण रखने का प्रयास करती है, जो भारत के अन्य तमाम स्वतंत्रता सेनानियों संग अडिग रूप से डटे रहे और विदेशी शासकों को अपनी प्रचंडता से गतिहीन कर दिया था। इन योद्धाओं में सिंधी बालक, बालिकाएँ, नौजवान, महिलाएँ, छात्र, शिक्षक शामिल थे, जिन्होंने राष्ट्र की स्वाधीनता हेतु अपना सर्वस्व उत्सर्ग कर दिया था।

ISBN 978-93-5491-497-3

विविध

महापुरुष और उनके विचार

1. अकबर के जीवन की प्रेरक घटनाएँ

शीरीं मूसवी अनु. : उमेश दत्त दीक्षित पृ. 144 ₹ 190.00

इस पुस्तक में महान मुगल सम्राट मोहम्मद जलालुद्दीन अकबर के जीवन की प्रेरक घटनाओं को संकलित किया गया है, जो अकबर के साहसी जीवन की परिचायक हैं।

ISBN 978-81-237-3039-4

2. अमर शहीद सरदार भगत सिंह

जितेन्द्रनाथ सान्याल अनु. : स्नेहलता सहगल पृ. 306 ₹ 240.00

भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्त कराने के लिए स्वतंत्रता संग्राम में हंसते-हंसते अपने जीवन की आहुति देने वाले अमर शहीद सरदार भगत सिंह के नाम से भारत का बच्चा-बच्चा परिचित है। सर्वप्रथम ब्रिटिश काल में प्रकाशित और तत्कालीन शासन द्वारा जब्त जीवनी के संशोधित संस्करण की पुनरावृत्ति है प्रस्तुत पुस्तक।

ISBN 978-81-237-2932-9

3. अल्बर्ट स्वाइट्ज़र : विचारक-मानवतावादी-चिकित्सक

काजिमिर्ज़ इमिलिंस्की व अन्य अनु. : सरोजिनी सिन्हा पृ. 182 ₹ 245.00

19वी-20वीं सदी का एक बहुआयामी व्यक्तित्व, जो एक ही साथ लेखक, विचारक, चिकित्सक, मानवतावादी, संगीतज्ञ, पर्यावरणविद्, दार्शनिक, धर्मशास्त्री, आलोचक व शांतिवादी था, जिसे 1952 का शांति का नोबेल पुरस्कार भी मिला, ऐसे बहुविध व्यक्तित्व के जीवन के केवल कुछ ही पक्षों पर इस पुस्तक में विचार किया गया है। एक प्रेरक व्यक्तित्व पर उत्प्रेरक पुस्तक।

ISBN 978-81-237-7906-5

4. इतिहास, समाज और परंपरा

लक्ष्मी नारायण मित्तल (संक. एवं संपा.) पृ. 248 ₹ 300.00

पाँच खंडों में विभक्त इस पुस्तक में अतुलनीय बौद्धिक एवं राष्ट्रवादी चिंतक श्री धर्मपाल के कुछ महत्वपूर्ण आलेखों का संकलन प्रस्तुत किया गया है, जिसके पारायण से हम उन अप्रतिम विद्वान के स्वतंत्रता संग्राम, शिक्षा, गोरक्षा एवं गोवंश वध, भारतीयता आदि के संबंध में उत्प्रेरक विचारों से अवगत होते हैं। इस महान राष्ट्रवादी चिंतक के संबंध में चार विद्वानों के श्रद्धा-अर्पण के अलावा उनकी लिखी कुछ महत्वपूर्ण पुस्तकों पर लिखे समीक्षा-आलेखों को भी पुस्तक में सम्मिलित किया गया है।

ISBN 978-93-5491-248-1

5. कल्याणी

उषा भसीन पृ. 337 ₹ 540.00

दूरदर्शन के बहुचर्चित कार्यक्रम 'कल्याणी' की सफल कड़ियों को हुबहू लिखा गया है। यह एक प्रेरणा भर देने वाली पुस्तक है। ISBN 978-81-237-6328-6

6. गाँधी और हिंदी

संच. एवं संपा. : राकेश पांडेय पृ. 474 ₹ 480.00

गाँधी जी ने भारत की आजादी के बाद हिंदी का समर्थन किया और यहाँ तक कह दिया कि दुनिया से कह दो कि गाँधी को अंग्रेजी नहीं आती। एक विशिष्ट पुस्तक जो किसी संदर्भ-ग्रंथ से कम नहीं। हिंदी के संबंध में गाँधी के विचारों का एक अद्‌भुत संकलन।

ISBN 978-81-237-7647-7

7. गाँधी जी और उनके शिष्य

जयंत पंड्या अनु. : भवानी दत्त पंड्या पृ. 182 ₹ 65.00

इस पुस्तक में 12 ऐसे प्रसिद्ध गाँधीवादियों के संक्षिप्त जीवनचरित प्रस्तुत किए गए हैं, जो लोग महात्मा गाँधी से प्रभावित होकर देश के विभिन्न हिस्सों में समाजसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रहे। ISBN 81-237-4406-4

8. गाँधी का भारत : भिन्नता में एकता

महात्मा गाँधी अनु. : सुमंगल प्रकाश पृ. 84 ₹ 100.00

धर्म, समाज, भाषा, आर्थिक समानता जैसे विषयों पर गाँधी जी द्वारा समय-समय पर की गई टिप्पणियों का संकलन। ISBN 81-237-4678-4

9. गाँधी-पटेल : पत्र एवं भाषण

संकलन : नीरजा सिंह अनु. : विचार दास पृ. 198 ₹ 190.00

इस पुस्तक में गाँधी जी एवं सरदार वल्लभभाई पटेल के एक-दूसरे को लिखे पत्र एवं सरदार पटेल के भाषण संकलित हैं। इससे स्वतंत्रता-पूर्व के भारत की सामयिक राजनीतिक-आर्थिक स्थिति एवं इन दोनों महत्वपूर्ण व्यक्तित्व के बीच सहमति एवं असहमतियों की भी जानकारी मिलती है। ISBN 978-81-237-6032-2

10. गुरु नानक वाणी

संपा. : भाई जोध सिंह, हिंदी रूपांतर : डा. हरिभजन सिंह पृ. 136 ₹ 220.00

गुरु वाणी के इस संकलन में केवल गुरुनानक देव जी की वाणी को अलग-अलग शीर्षक में प्रस्तुत कर उनके धार्मिक, सदाचारी, सामुदायिक, नैतिक विचारों और सिद्धांतों को प्रकट करने का प्रयास किया गया है। ISBN 978-81-237-8832-0

11. ज्योति की आलोक यात्रा

साँवरमल सांगानेरिया पृ. 190 ₹ 285.00 (2024)

प्रस्तुत जीवनीपरक उपन्यास 'असम का टैगोर' कहे जाने वाले राजनीतिक क्रांतिकारी, पत्रकार, कवि-गीतकार, कहानीकार, स्थापत्यविद्, संस्कृतिविद् और समाज समीक्षक ज्योतिप्रसाद अगरवाला पर आधारित है। पुस्तक में अगरवाला के गीतों और पदों को भी शामिल किया गया है।

ISBN 978-93-5743-904-6

12. जवाहरलाल नेहरू : संघर्ष के दिन

अर्जुन देव (संपा.) अनु. : देवेश चन्द्र पृ. 334 ₹ 345.00

देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा विभिन्न अवसरों पर दिए गए भाषणों, पत्रों एवं चुने हुए वक्तव्यों का संकलन। एक संग्रहणीय पुस्तक। ISBN 81-237-1818-7

13. द्वारकानाथ टैगोर

कृष्ण कृपलानी अनु. : शिवदान सिंह चौहान पृ. 284 **अनुपलब्ध**

यह पुस्तक कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर के पितामह द्वारकानाथ टैगोर की संपूर्ण जीवनी है।

14. धर्मनिरपेक्ष धर्म

कर्तार सिंह दुग्गल अनु. : कुलवंत कोछड़ पृ. 104 ₹ 105.00

यह पुस्तक सिख धर्म के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप पर प्रकाश डालती है। इसमें बताया गया है कि सिख पंथ धर्म से अधिक एक अनुशासित व देशभक्त जीवन शैली है।

ISBN 978-81-237-4750-7

15. नेहरू और आजाद : 1857 पर वक्तव्य

अनु. : उमा बंसल, दीपक कुमार गुप्ता पृ. 34 ₹ 60.00 अजि.),
₹ 100.00 (सजि.)

प्रस्तुत पुस्तक में पं. जवाहरलाल नेहरू और मौलाना अबुल कलाम आजाद द्वारा अंग्रेजों के खिलाफ 1857 में लड़ी गई 'आजादी की पहली जंग' पर दिए गए वक्तव्यों के संपादित अंश संकलित हैं। ISBN 978-81-237-5403-1 (अजि.) ISBN 978-81-237-5402-4 (सजि.)

16. फाँसी लाहौर की

गुरदेव सिंह सिद्धू पृ. 100 ₹ 50.00

शहीदे आजम सरदार भगत सिंह को काव्यांजलि स्वरूप प्रकाशित इस पुस्तक में 63 कविताओं का संकलन है, जिनमें से कई के रचनाकार अज्ञात हैं। पुस्तक की लंबी भूमिका में भगत सिंह के विचार के अलावा उनके द्वारा जेल में भूख हड़ताल करने के समर्थन में कई नेताओं के बयान भी शामिल है। ISBN 978-81-237-4665-4

17. महात्मा और कवि

सव्यसाचि भट्टाचार्य (संक. एवं संपा.) अनु. : तालेवर गिरी पृ. 218 ₹ 205.00

महात्मा गाँधी और कविवर रवींद्रनाथ टैगोर के बीच सन् 1915 से 1941 के बीच हुए पत्र-व्यवहार और विचार-विमर्श को इस पुस्तक में संकलित किया गया है। ISBN 978-81-237-4525-1

18. महात्मा गांधी का शिक्षा चिंतन

रश्मि श्रीवास्तव पृ. 242 ₹ 255.00

महात्मा गांधी का एक शिक्षाशास्त्री का रूप दिखाते हुए इस पुस्तक में उनके शिक्षा संबंधी विचार एवं चिंतन का विश्लेषनात्मक आकलन किया गया है और उनके चिंतन के वर्तमान निहितार्थ तक लेखिका ने अपनी दृष्टि डाली है। ISBN 978-81-237-8690-2

19. महात्मा गाँधी के विचार

आर.के.प्रभु, यू.आर.राव (संकलन) अनु. : भवानी दत्त पंड्या

पृ. 568 ₹ 160.00 (अजि.) ₹ 435.00 (सजि.)

इस पुस्तक में धर्म, भारतीय संस्कृति, तत्कालीन राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक परिवेश आदि

अनेक विषयों पर गाँधी जी का दार्शनिक मत प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान समय में भी इन विचारों की प्रासंगिकता यथावत है। ISBN 978-81-237-0985-4 (अजि.)
ISBN 978-81-237-0986-2 (सजि.)

20. मदनमोहन मालवीय : विचार यात्रा

संपा. : समीर कुमार पाठक पृ. 466 ₹ 375.00

इस पुस्तक में महामना मदनमोहन मालवीय के चुनिंदा लेख, संपादकीय, भाषणों को प्रस्तुत किया गया है। ISBN 978-81-237-6972-1

21. मनुष्य बनाम मिथक

बैरो डनहेम अनु. : राजेश कुमार झा पृ. 228 ₹ 200.00

सन् 1947 में पहली बार प्रकाशित यह पुस्तक समाज में व्याप्त कतिपय ऐसे मिथकों का निर्मूलन करती है जो असमानता और उससे उपजे शोषण को नियति मानने वाले लोगों की देन होते हैं।
ISBN 978-81-237-6804-5

22. मैं नास्तिक क्यों हूँ

भगत सिंह भूमिका : विपिन चंद्रा अनु. : पंकज चतुर्वेदी पृ. 30 ₹ 70.00

शहीदेआजम भगत सिंह के दो आलेखों–'मैं नास्तिक क्यों हूँ' और 'ड्रीमलैंड' की भूमिका का संकलन। ये आलेख भगत सिंह की समाजवादी विचारधारा के परिचायक हैं।
ISBN 978-81-237-4870-2

23. मौलाना अबुल कलाम आज़ाद : विचार-यात्रा

डॉ. समीर कुमार पाठक (संपा.) पृ. 484 ₹ 455.00

मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जीवन गाथा स्वाधीनता संग्राम की संघर्ष-गाथा है। इस पुस्तक में आज़ाद के लेख, भाषण, वक्तव्य, टिप्पणियों को संकलित किया गया है जिससे उनकी धर्म, दर्शन, भाषा, देश के विभाजन आदि विषयों पर सशक्त विचारधारा को समझा जा सकता है। ISBN 978-81-237- 7900-3

24. राष्ट्रवाद

रवीन्द्रनाथ टैगोर अनु. : सौमित्र मोहन पृ. 68 ₹ 90.00

प्रस्तुत पुस्तक में उन व्याख्यानों को संकलित किया गया है, जिन्हें रवीन्द्रनाथ टैगोर ने 1916-1917 में अपनी जापान तथा अमेरिका यात्रा के दौरान दिया था। दूरदर्शितापूर्ण ये व्याख्यान आज के समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं। ISBN 978-81-237-4104-8A

25. राष्ट्रीयता और समाजवाद

आचार्य नरेंद्रदेव पृ. 524 ₹ 360.00

भारत में अंग्रेजी शासन के पश्चात देशवासियों में राष्ट्रीयता के उदय और तत्कालीन घटनाओं के इतिहास को इस पुस्तक में प्रस्तुत किया गया है। नरेंद्रदेव द्वारा व्यक्त विचार आज के संदर्भ में भी प्रासंगिक हैं। ISBN 978-81-237-3845-1

26. लघु प्रेरक प्रसंगों में विराट महापुरुष बापू

सीता बिम्ब्रॉ पृ. 312 ₹ 410.00 (2024)

प्रस्तुत संकलन गांधी जी के ऐसे कुछ चुनिंदा प्रेरक जीवन-प्रसंगों का एक गुलदस्ता है, जो मनुष्य मात्र को ही नहीं, वरन् पूरी मानवता को अपनी खुशबू से सुवासित करता रहेगा। ये जीवन-प्रसंग

यद्यपि लघु अवश्य हैं, किंतु उनसे जो प्रेरणा का आलोक-पुंज निःसृत होता है, वह पूरी मनुष्यता को ही प्रेरित, प्रभावित और उद्वेलित करने की क्षमता रखता है।

ISBN 978-93-5743-616-8

27. विश्व धरोहर : सिख गुरु परंपरा

बैनीकृष्ण शर्मा पृ. 272 ₹ 265.00

भारत के इतिहास में सिखों के दस गुरु भारत माँ के अजर-अमर दस सपूत के रूप में ख्यात-विख्यात हुए। इस पुस्तक में इन्हीं गुरुओं के व्यक्तित्व और कर्तृत्व का उम्दा लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया है। इस क्रम में इन गुरुओं की वाणी का भी पुस्तक में समावेश है।

ISBN 978-81-237-8197-6

28. संतों के संवाद

उदय प्रताप सिंह पृ. 126 ₹ 140.00

संतश्री नामदेव, रामानंद, कबीर, रैदास, तुलसी, मीरा, पीपा, दादू दयाल प्रभृत महान संतों ने अपनी वाणियों से सामाजिक और आध्यात्मिक प्रेम, सौहार्द और एकता का पाठ भारतीय समाज को पढ़ाकर उसे सद्मार्ग पर लाने का प्रयास किया। ऐसे ही कुछ संतों के बारे में संवादपरक शैली में यह पुस्तक।

ISBN978-81-237-8882-1

29. सुकरात का मुकदमा और उनकी मृत्यु

प्लेटो अनु. : मन्मथनाथ गुप्त पृ. 148 ₹ 135.00

प्रस्तुत पुस्तक में प्रसिद्ध सुकरात के मुकदमे और उनके मृत्यु दंड पर लगभग ढाई हजार वर्ष पूर्व दिए सुकरात के वक्तव्यों और मान्यताओं का वर्णन किया गया है, जो आज की परिस्थितियों में भी उतने ही सटीक और महत्वपूर्ण हैं।

ISBN 978-81-237-2934-3

30. सात भारतीय संत

बलदेव वंशी पृ. 182 ₹ 150.00

प्रस्तुत पुस्तक में लेखक ने कबीर, मीराबाई, संत दादू, प्रवर कवि प्राणनाथ, रज्ज़ब, मलूकदास, सहजोबाई के जीवन-दर्शन और संदेश को बखूबी व्यक्त किया है।

ISBN 978-81-237-5792-6

31. स्वार्थ से परमार्थ तक

प्रो. ब्रह्मदत्त त्रिपाठी पृ. 116 ₹ 130.00

यह पुस्तक एक पर्यावरण वैज्ञानिक के प्रकृतिमय जीवन के गहन अनुभवों का सार है।

ISBN 978-81-237-7813-9

32. स्वामी विवेकानन्द

नरेन्द्र कोहली पृ. 352 ₹ 250.00

भारत के महान व्यक्तित्व, स्वामी, विवेकानन्द की उपन्यास की शैली में लिखी गई प्रेरणाप्रद जीवनी।

ISBN 81-237-4341-6

33. हिन्दू-धर्म क्या है?

महात्मा गाँधी पृ. 114 ₹ 150.00

इस छोटी-सी पुस्तक में हिन्दू-धर्म पर महात्मा गाँधी के समृद्ध चिंतन को सामान्य पाठकों के लिए प्रस्तुत किया गया है। अलग-अलग समय पर लिखे गए इन लेखों में हिन्दू-धर्म की छवि

विद्यमान है जो अपनी विचार संपन्नता, समग्रता और मानव अस्तित्व की मूलभूत दुविधाओं के प्रति सजगता के विषय में, अन्यत्र दुर्लभ है। ISBN 978-81-237-0634-7

साहित्य

1. अंतर्मन की दिव्य गूँज

योगेंद्रनाथ शर्मा 'अरुण' पृ. 152 ₹ 215.00

लगभग चालीस से अधिक प्रेरक निबंधों का यह संग्रह मनुष्य को 'मनुष्य' बनने की प्रेरणा देता है; साथ ही, उसे एक अच्छा इनसान बनने की ओर भी उन्मुख करता है। हमारे समाज को एक सकारात्मक और कर्तव्यनिष्ठ समाज बनाने में अत्यधिक उपयोगी, मददगार और उपादेय हैं ये प्रेरक निबंध। ISBN 978-93-5491-898-8

2. अपनी माटी अपनी थाती

मनबीर सिंह *शीघ्र प्रकाश्य*

पर्यावरण और प्रकृति पर आधारित महत्वपूर्ण और पठनीय पुस्तक।

3. अनोखी यायावरी

महेश चंद्र द्विवेदी पृ. 124 ₹ 155.00

देश और विदेश की प्रभूत यात्राएँ करने वाले लेखक का प्रस्तुत यात्रा संस्मरण उनकी रोचक और आकर्षक भाषा शैली के कारण और अधिक पठनीय हो गया है। लिखने की शैली ऐसी है कि एक पाठक लेखक के साथ स्वयं को भी यात्रा का सहयात्री महसूस करने लगता है।
ISBN978-81-237-8813-5

4. आँख भर उमंग

राजेश कुमार व्यास पृ. 264 ₹ 310

प्रस्तुत यात्रा-वृत्तांत में लेखक द्वारा बीते लगभग एक दशक में उनके द्वारा की गई यात्राओं का बेहद रोचक और कवित्वपूर्ण विवरण दिया गया है। नदी की तरह प्रवहमान भाषा-शैली में लिखे इस यात्रा-संस्मरण को पाठक बड़े चाव से पढ़ेंगे। ISBN 978-81-237-9783-0

5. आकाशवाणी साहित्य संपदा भाग-1

शशि शेखर येम्पटि (प्रधान संपादक), संपादक : फ़ैयाज़ शहरयार
अशोक त्रिपाठी (अतिथि संपादक) पृ. 333 ₹ 450.00

आकाशवाणी साहित्य संपदा शृंखला के अंतर्गत आधुनिक भारत के साहित्य जगत को प्रस्तुत करती पुस्तक। ISBN978-81-237-8136-5

6. आकाशवाणी साहित्य संपदा भाग-2

शशि शेखर येम्पटि (प्रधान संपादक), संपादक : फ़ैयाज़ शहरयार
अशोक त्रिपाठी (अतिथि संपादक) पृ. 299 ₹ 415.00

आकाशवाणी साहित्य संपदा शृंखला के अंतर्गत आधुनिक भारत के साहित्य जगत को प्रस्तुत करती पुस्तक। ISBN978-81-237-8107-5

7. आकाशवाणी साहित्य संपदा भाग-3

शशि शेखर येम्पटि (प्रधान संपादक), संपादक : फ़ैयाज़ शहरयार
अशोक त्रिपाठी (अतिथि संपादक) पृ. 286 ₹ 400.00

आकाशवाणी साहित्य संपदा श्रृंखला के अंतर्गत आधुनिक भारत के साहित्य जगत को प्रस्तुत करती पुस्तक।

ISBN978-81-237-8137-2

8. आखर-आखर मोरपंख

राजरानी शर्मा पृ. 200 ₹ 255.00

भारत की सभ्यता, संस्कृति और परंपरा से अनुप्राणित विविध विषयों, प्रसंगों पर समय-समय पर लिखे गए अठारह निबंधों का अनुपम संग्रह है यह पुस्तक। प्रस्तुत पुस्तक को पढ़ना किसी ताजगीभरे अहसास से गुजरने के समान है।

ISBN978-93-5743-175-0

9. आचार्य द्विवेदी की स्मृति में

पृ. 582 ₹ 1500.00

सन् 1933 में काशी प्रचारिणी सभा द्वारा आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी के सम्मान में प्रकाशित ग्रंथ हिंदी जगत के साहित्य, कला, भाषा, इतिहास, विज्ञान का समग्र संदर्भ-कोश है। इस दुर्लभ ग्रंथ को प्रो. मैनेजर पांडेय द्वारा लिखे गए परिचय के साथ पुनर्मुद्रित किया गया है।

ISBN 978-81-37-7400-8

10. आदिशंकरम्

के. सी. अजयकुमार पृ. 330 ₹ 320.00

